* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

16 नवंबर, 2022
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2079
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 28

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

दुनिया में 800 करोड़वें बच्चे का जन्म : एक से 100 करोड़ पहुंचने में 1800 साल लगे, इतने ही लोग पिछले 12 साल में बढ़ गये

झारखंड का एक लाल : उपलब्धियां बेमिसाल

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

उग्रवाद/अपराध नियंत्रण मुख्य उद्देश्य

साहस वह अद्भुत क्षमता है जो तकदीर और तस्वीर दोनों का स्वरूप बदल देती हैं। साहसी व्यक्ति न केवल अपने जीवन में कामयाबी हासिल करता है बल्कि वह अपने समाज को दिशा दिखाने का काम भी करता है। ऐसे ही एक शक्स है मुस्तफा अंसारी जिन्होंने अपनी जिंदगी अपने गांव, अपने समाज और अपने देश के नाम लिख दी है। साहस और निडरता का जीता जागता प्रमाण है मुस्तफा असांरी। यह पहले व्यक्ति है जिन्होंने उग्रावादियों और नक्सलियों के आतंक के खिलाफ अकेले लड़ने की हिम्मत दिखायी और वह उनके विरूद्ध ना सिर्फ आंदोलनरत हैं बल्कि जरूरत पड़ने पर हथियार उठाने से भी गुरेज नही करते।

उग्रवाद और नक्सलवाद से लड़ कर ही जीता जा सकता है

मुस्तफा अंसारी का मानना है कि उग्रवाद और नक्सलवाद से लड़ कर ही जीता जा सकता है। उनके प्रति किसी तरह की सहानुभुति नही रखनी चाहिये। इन लोगों का काई मजहब नही होता, ये सिर्फ आतंक को ही अपना धर्म मानते है। इनसे इंसानियत की उम्मीद बईमानी होगी। मुस्तफा कहते है कि सरकार द्वारा चलायी जा रही आत्मसमर्पण नीति के वे खिलाफ हैं। ये आतंक फैलाने वाले इस नीति का पैसे कमाने का साधन मान बैठे है। जब जिनका मन किया आतंक फैलाया और फिर आत्मसमर्पण कर सरकार से पैसे भी ले लिया। इनसे किसी को कोई हमदर्दी नहीं होनी चाहिये, इनका खात्मा लड़कर ही किया जा सकता है।

सभी ने कहा नक्सलियों से मत लड़िये लेकिन मैं नही रूका

ईद मिलन के नाम पर प्रशासनिक पदाधिकारियों एवं सभी धर्म संप्रदाय को जोड़ना

साहसी व्यक्ति दुनिया बदलने की ताकत रखता है। साहस वाला व्यक्ति दुनिया में सबसे अलग होता है और उसके अंदर की निडरता ही उसे अन्य लोगों से खास बनाती है क्योंकि साहस इंसान की सबसे बड़ी शक्ति होती है और साहस ही जीवन होता है। मुस्तफा अंसारी की सबसे बड़ी पुंजी उनकी साहस रुपी आंतरिक शक्ति है जो उन्हें उग्रवाद और नक्सलवाद से लड़ने की हिम्मत देता है।

डर के साये में रहकर जिने से अच्छा है मर जाना

कोरोना काल में गरीबों के बीच राशन का मुफ्त वितरण

मुस्तफा अंसारी कहते है कि नक्सलवाद और आतंक के खिलाफ इस लड़ाई में अगर उनकी जान भी चली जाये तो कोई गम नहीं, क्यों कि डर-डर के जीने से अच्छा है बहादूरों की तरह से एक क्षण में मर जाना। जिंदगी में ऐसा कोई काम नही जिसमें जाखिम ना हो। लेकिन अगर आप यह सोच कर के बैठे रहेंगे कि उस काम में जोखिम है और आपको उस काम को नहीं करना चाहिए, तो मेरा यकीन मानिये कि आप कभी भी अपनी जिंदगी में अपनी मंजिल को प्राप्त नहीं कर सकेंगे।

मदद उसी को मिलती है जो हिम्मत रखता है

हमारा संकल्प : आर्थिक रूप से कमजोर सभी बच्चों तक निःशुल्क शिक्षा पहुंचाना

साहस के बिना जिंदगी में कुछ भी पाना असंभव है। यहां तक की मदद भी उसी को मिलती है जो हिम्मत रखता है। कमजोर व्यक्ति तो मदद की उम्मीद भी नहीं कर सकता। अगर आपके अंदर हिम्मत है तो कई लोग मुस्किल दौर में भी आपके पीछे खड़े मिल जायेंगे।

कमजोर पर अत्याचार बरदाश्त नहीं

समाज के भरोसे परिवार पालने वाले को सहयोग करना

मुस्तफा अंसारी कहते हैं कि जब भी किसी कमजोर पर अत्याचार होता है मुस्तफा उनके साथ खड़ा होता है। उनका मानना है कि आतंक और डर का एक ही तोड़ है और वह है हिम्मत। अगर आपमें हिम्मत है तो आप कठिन से कठिन लड़ाई भी अकेले ही लड़कर जीत सकते हैं।

शांति सद्भाव एवं विकास सह सम्मान समारोह में सभी राजनीतिक पार्टी एवं सभी संप्रदाय को जोड़कर शांति स्थापित करना

मुस्तफा अंसारी

झारखंड रत्न सम्मान से सम्मानित
सामाजिक कार्यकर्ता, अनगड़ा, रांची
मो.नं.-6204119174

सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं, मेरी कोशिश है कि ये सूरत बदलनी चाहिए

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 49,900 रु./10 ग्राम
चांदी 66,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 16 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com

विकास के सपने : प्रशासनिक मशीनरी को हर हाल में निष्ठा के साथ इमानदार प्रयास करना होगा

स्थापना दिवस: अब हकीकत को धरातल पर उतारने की चुनौती

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड ने अपना स्थापना दिवस मना लिया। 22 साल के हो चुके इस राज्य का यह महत्वपूर्ण दिन बेहद जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर, जो भगवान बिरसा की जयंती भी है, को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का एलान कर देश के आदिवासी समुदाय को नया भरोसा दिलाया था। इस बार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस ऐतिहासिक दिन पर राज्य की सवा तीन करोड़ आबादी को झारखंड को आगे ले जाने का संकल्प लिया। राज्य के किशोरों और युवाओं के लिए शुरू की गयी चार योजनाओं के माध्यम से झारखंड सरकार ने संदेश दिया है कि अब लोगों को इन योजनाओं का लाभ उठाने की बारी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इन योजनाओं के माध्यम से केवल विकास के सपने ही नहीं दिखाये हैं, बल्कि उन सपनों को साकार करने का रास्ता भी बताया है और उस रास्ते पर चलने का हौसला भी दिया है। समारोह और उत्सव का समय बीतने के बाद अब झारखंड के सवा तीन करोड़ लोगों के लिए संकल्प लेने का वक्त आ गया है। आज राज्य के हर व्यक्ति को यह संकल्प लेना होगा कि झारखंड को विकास के रास्ते पर आगे ले जाने के लिए वह अपना सब कुछ देगा। झारखंड के सामने व्याप्त अशिक्षा, कुपोषण, गरीबी और दूसरी चुनौतियों का एकजुट होकर सामना किया जायेगा और इनसे पार पाकर राज्य को आगे ले जाया जायेगा। यदि कल खुशी मनाने का दिन था, तो आज संकल्प लेने का दिन है। झारखंड स्थापना दिवस समारोह की पृष्ठभूमि में आगे आनेवाली चुनौतियों को रेखांकित करती आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह** की खास रिपोर्ट।

राकेश सिंह

सवा तीन करोड़ जनता के प्रयास से ही आगे बढ़ सकता है झारखंड

लोकतांत्रिक देशों में जनता का हित राजनीतिक गलियारों से होकर ही सधता है। झारखंड के संदर्भ में यह कथन और भी सटीक साबित होती है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक पूरा झारखंड अपने स्थापना दिवस के उत्साह और जोश में मगन था। बेशक यह उत्साह और जोश का दिन है, लेकिन इस उत्साह में हकीकत की धरातल को भूलना बड़ी चूक साबित हो सकती है। लब्बोलुआब यह कि अब प्रशासनिक मशीनरी को निष्ठा के साथ इमानदार कोशिश करनी होगी। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का एलान कर जहां झारखंड समेत देश भर के आदिवासी समुदाय को सम्मान दिया था, तो इस बार झारखंड सरकार ने अपने लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू कर राज्य को विकास के रास्ते पर आगे ले जाने का संकल्प दिखाया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तो राज्य के विकास का अपना नया मॉडल सवा तीन करोड़ लोगों के सामने पेश कर दिया है। उन्होंने झारखंड को एक रास्ता तो दिखा दिया है। अब उस रास्ते पर चलने की जिम्मेदारी राज्य के लोगों की है। उससे भी बड़ी जिम्मेदारी राज्य की प्रशासनिक मशीनरी को निष्ठा के साथ काम करने की है।

इन प्रयासों और संकल्पों को ठोस आकार देने के लिए 22 साल के हो चुके झारखंड के लोगों को इस राज्य की समस्याओं पर सम्यक तरीके से काम करने की शायद सबसे अधिक जरूरत है। राज्य के विकास के लिए यह अनिवार्य शर्त है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि झारखंड समस्याओं से चौतरफा घिरा हुआ नजर आ रहा है। पहले कोरोना और फिर अन्य कारणों से राज्य के विकास की गाड़ी की गति बुरी तरह प्रभावित हुई है। इस प्रतिकूल परिस्थिति में भी राज्य सरकार ने युवाओं और किशोरों को केंद्रित कर जिन चार योजनाओं की शुरुआत की है, यदि उन्हें ठीक से लागू कर दिया गया, तो झारखंड किसी से पीछे नहीं रहेगा।

स्थापना दिवस पर शुरू की गयी इन चार योजनाओं में मुख्यमंत्री सारथी योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना और एकलव्य प्रशिक्षण योजना शामिल हैं। पहली नजर में ये योजनाएं भले ही बिखरी सी नजर आती हों, लेकिन हकीकत यही है कि इनके माध्यम से झारखंड की भावी पीढ़ी को बेहत सशक्त बनाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत युवाओं को जहां प्रखंड स्तर पर रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण दिया जायेगा, वहीं मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत राज्य सरकार 10वीं के बाद ही चयनित छात्रों को कोचिंग संस्थान की फीस के साथ हर माह ढाई हजार रुपये की छात्रवृत्ति देगी। इसके तहत कुल सात तरह के तकनीकी उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश की कोचिंग के लिए सहायता की जायेगी। इसी तरह गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत देश के प्रतिष्ठित कॉलेजों से इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई करनेवाले कमजोर आय वर्ग के विद्यार्थियों को सहायता दी जायेगी। विद्यार्थियों को अधिकतम 15 लाख रुपये का कर्ज उपलब्ध कराया जायेगा। एकलव्य प्रशिक्षण योजना के तहत यूपीएससी, जेपीएससी, जेएसएससी, बैंक पीओ और क्लर्क और रेलवे परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराया जायेगा। आयकर के दायरे में नहीं आनेवाले परिवार के युवा योजना का लाभ ले सकेंगे। यदि एक वाक्य में कहा जाये, तो ये योजनाएं तात्कालिक लाभ के लिए नहीं हैं, बल्कि झारखंड के भविष्य को मजबूत करने के लिए लागू की गयी हैं। इसलिए इनका लाभ उठाने की जिम्मेवारी लोगों की है। पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ यदि इन योजनाओं का लाभ उठाया जाये, तो फिर आनेवाला कल निश्चित रूप से झारखंड का होगा।

इन योजनाओं के अलावा झारखंड को अगले एक साल के लिए एक ठोस कार्य योजना तैयार करनी होगी, ताकि आनेवाली चुनौतियों का सामना किया जा सके। लगभग खाली हो चुके खजाने को भरने के साथ इस चुनौती का सामना झारखंड कैसे करता है, यह देखना दिलचस्प होगा। इसका सबसे अच्छा विकल्प छोटी-छोटी आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देना और साथ ही मध्यम दर्जे के घरेलू उद्योगों को मदद देकर आगे लाना हो सकता है। जाहिर है इस तरह की योजनाएं बनाने और उन्हें कार्यान्वित करने के लिए सभी का सक्रिय सहयोग जरूरी होगा। झारखंड के हर व्यक्ति को यह संकल्प लेना ही होगा।

झारखंड के लोगों के लिए यह संकल्प इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि झारखंड जैसे प्रदेश में, जहां कई समुदायों का आंतरिक विभाजन है, वहां देश की आबादी का कुल आठ प्रतिशत आदिवासी समाज संसद में अपने अधिकारों के लिए कोई राजनीतिक दबाव नहीं बना पाता है। आदिवासी समाज का मनोविज्ञान आज भी बाह्य समाज की मनोरचना से बिल्कुल अलग है। यह किसी भी प्रकार की कुटिलता में दक्ष नहीं है। परिणामस्वरूप आजादी के इतने वर्षों बाद भी मुख्यधारा की राजनीति में यह अपना केंद्रीय नेतृत्व उभार नहीं सका है। वैश्वीकरण के आज के दौर में आदिवासी समाज चौतरफा हमला झेल रहा है।

झारखंड के सियासतदानों को समझ लेना चाहिए कि अब समय राजनीति या आरोप-प्रत्यारोप का नहीं, बल्कि मिल-बैठ कर एक ठोस रणनीति बनाने का है, ताकि इस आपदा का मुकाबला किया जा सके। इसके लिए समाज के सभी वर्गों को आगे आना होगा और जो जहां है, उसे वहीं से इस लड़ाई के लिए मोर्चेबंदी करनी होगी। झारखंड बचा रहेगा, तो राजनीति भी होती रहेगी और आरोप-प्रत्यारोप भी होते रहेंगे, लेकिन अभी दूसरी सभी गतिविधियों को बंद करने का समय है। संसाधनों की कमी को दूर करने के लिए भी सभी वर्गों को सक्रिय रूप से योगदान करना होगा। आज झारखंड के सवा तीन करोड़ लोगों के मन में केवल एक ही बात आनी चाहिए और वह यह कि हमें हर हाल में इस राज्य के विकास की गाड़ी को दोबारा पटरी पर लाना है। यह यकीन के साथ कहा जा सकता है कि यदि राज्य का हर व्यक्ति यह ठान ले कि वह इसमें अपनी भूमिका पूरी निष्ठा से निभायेगा, तो फिर झारखंड इस चुनौती से भी पार पा लेगा। झारखंड को मजबूत फैसलों की जरूरत है, जो हर व्यक्ति, चाहे आम हो या खास, समान रूप से लागू किया जाये। जब तक ऐसा नहीं होता, झारखंड को आगे बढ़ता हुआ देखने की लालसा मन में ही रह जायेगी।

राष्ट्रपति ने बिरसा मुंडा के परिजनों से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को भगवान बिरसा मुंडा के वंशजों से उनके गांव उलिहातू जाकर मुलाकात की। उलिहातू में भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देने और उनके परिजनों से मुलाकात करने के बाद वह रांची के लिए रवाना हो गयीं। राष्ट्रपति के रांची रवाना होने के बाद बिरसा मुंडा के आवास पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। सभी लोग धरती आबा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान राज्यपाल रमेश बैस, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य की महिला, बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री जोबा मांझी ने भी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उनकी जन्मस्थली उलिहातू, खूंटी में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

राष्ट्रपति , राज्यपाल, हेमंत सोरेन ने दी बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि

रांची। भगवान बिरसा को श्रद्धांजलि देने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार सुबह झारखंड पहुंची थीं। इसके बाद वह भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थल उलिहातू के लिए निकल गयीं। इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्यपाल रमेश बैस ने एयर पोर्ट पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया।

आपको बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को वहां गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद वह उलिहातू गांव के लिए उड़ान भरीं। वहां पहुंच कर उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उनके साथ केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सीएम हेमंत सोरेन और राज्यपाल रमेश बैस भी मौजूद थे। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वंशजों से भी मुलाकात की। गौरतलब है कि राष्ट्रपति के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने पहले ही इसकी तैयारी कर ली थी। जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। कार्यक्रम स्थल के बाहर बैरिकेडिंग लगा दी गयी थी, ताकि उनके आसपास कोई न पहुंच सके।

स्वतंत्रता, समाज सुधार और सांस्कृतिक आंदोलन के अग्रदूत भगवान बिरसा मुंडा : दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने भगवान बिरसा की जन्मस्थली उलिहातू और रांची के बिरसा चौक में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। साथ में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने भी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

भगवान बिरसा को नमन करते हुए श्री प्रकाश ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने एक साथ विभिन्न मोर्चों पर आंदोलन का नेतृत्व किया। कहा कि 25 वर्ष के छोटे जीवन में उन्होंने इतिहास रच दिया। उन्होंने केवल अंग्रेजों के खिलाफ ही लड़ाई नहीं लड़ी, बल्कि समाज में फैली बुराइयों और धर्म संस्कृति पर हो रहे हमले के खिलाफ भी लड़ाइयां लड़ीं।

उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा आज झारखंड के जन-जन में अमर हैं। उनका संदेश झारखंड का कवच है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बिरसा जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित कर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रदेश कार्यालय में दी गयी भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि

भाजपा प्रदेश कार्यालय में जनजातीय गौरव दिवस, राज्य स्थापना दिवस एवं बिरसा जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री विधायक नवीन जयसवाल, समरी लाल, बलराम सिंह, अजय राय, अविनेश कुमार, संजय जयसवाल, सतीश सिन्हा, सुबोध कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

भाग्यशाली हैं हम जो भगवान बिरसा की भूमि में जन्म लिया

अब भी राज्य गठन के उद्देश्य को समझने की जरूरत: सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने धरती आबा बिरसा मुंडा जयंती पर डोड़ेया, तमाड़ स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं, जो उलगुलान के महानायक धरती आबा बिरसा मुंडा की पावन धरती झारखंड में हमारा जन्म हुआ। आज का दिन हमें अपनी धरती के उन तमाम शख्सियतों को याद करने के साथ-साथ जल, जंगल, जमीन तथा आनेवाली पीढ़ियों को और सशक्त बनाने के लिए प्रेरित करता है।

धरती आबा के संघर्ष को समझने की जरूरत

जिस धरती आबा को सामने रख कर झारखंड का गठन किया गया, उसके पीछे के संघर्ष और उद्देश्य को समझने की जरूरत है। जिन विषयों को लेकर इतनी बड़ी शक्ति एकत्रित हुई, असंख्य कुर्बानियां दी गयी, इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी हम उन्हें स्थापित कर पाये या नहीं, बड़ी आबादी के मन के सवाल सुलझा पाये या नहीं, इसका मूल्यांकन जरूरी है। राज्य की आधी आबादी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। राज्य तथा केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के केंद्र बिंदु में हमेशा एक अदना गरीब परिवार होता है। लेकिन इन योजनाओं के कारण हम उस परिवार में कितना परिवर्तन लेकर आयें हैं, इसका मूल्यांकन ज्यादा जरूरी है। हमें विकास को व्यावसायिक नजरिये से नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों के आधार पर परिभाषित करने की जरूरत है तथा राज्य के नीति-निर्णयों में झारखंडी विचारधारा, यहां के जनमानस की भावनाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस दौरान उन्होंने वीर बिरसा जयंती समारोह सह त्रिदिवसीय मेला का भी उद्घाटन किया।

आजसू ने पूरे राज्य में मनायी बिरसा जयंती

आजसू पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने पूरे राज्य में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। आदिवासी समाज की दशा और दिशा बदल कर नवीन सामाजिक और राजनीतिक युग का सूत्रपात करनेवाले धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने ना सिर्फ स्वतंत्रता आंदोलन में अपना बहुमूल्य योगदान दिया, बल्कि सामाजिक चेतना जागृत कर जल, जंगल और जमीन के लिए अपनी आवाज बुलंद की तथा शोषित और वंचित वर्ग के कल्याण के लिए जीवनपर्यंत संघर्ष किया। उनके विचार युगों-युगों तक अमिट रहेंगे।

www.epaper.azadsipahi.com

16 नवंबर, 2022
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2079
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 28

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

जी-20 समिट में बाइडेन ने कंधे पर हाथ रखा, मोदी हाथ थामे रहे फिर ठहाके

स्थापना दिवस : सीएम ने की सौगातों की बारिश, योजनाएं बदलेंगी राज्य की तस्वीर

शिक्षा प्रोत्साहन, सारथी, गुरुजी क्रेडिट कार्ड समेत 369 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास

- 147 योजनाओं की रखी गयी नींव, 222 योजनाओं का उद्घाटन
- 13,90,164 लाभुकों के बीच 1247.39 करोड़ रुपये की बांटी गयी परिसंपत्ति
- नव चयनित 609 सहायक अभियंता, 320 परिचारिका और 16 लेखा पदाधिकारियों को मिला नियुक्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित मुख्य समारोह एक बार फिर ऐतिहासिक पल का गवाह बना। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों की उन्नति, खुशहाली और सशक्तिकरण के लिए कई योजनाओं की सौगात दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ये योजनाएं झारखंड के लिए उम्मीदों का नया सवेरा लेकर आयेंगी। योजनाओं से राज्य की तसवीर बदलेगी।

योजनाओं पर 7309.58 करोड़ होंगे खर्च : स्थापना दिवस के मौके पर 7309.58 करोड़ की लागत से कुल 369 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास हुआ। इसमें 5433.24 करोड़ रुपये की लागत से 147 योजनाओं की आधारशिला और 1876.34 करोड़ की लागत से 222 योजनाओं का उद्घाटन हुआ।

लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का हुआ वितरण : स्थापना दिवस के अवसर पर 13,90,164 लाभुकों के बीच 1247.39 करोड़ की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इसके अलावा 12 अक्टूबर से 14 नवंबर तक दो चरणों में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 12 जिलों में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने इन जिलों में (12 नवंबर तक) 8,95,324 लाभुकों के बीच 759.21 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियां बांटी थीं।

पांच प्रमुख योजनाएं, जिनकी हुई शुरुआत

1. गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना: इस योजना के तहत राज्य की 10वीं और 12वीं उत्तीर्ण आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र- इंजीनियरिंग, मेडिकल, लॉ, रिसर्च आदि की पढ़ाई के लिए ऋण की सुविधा सरकार उपलब्ध करायेगी। इसमें विद्यार्थियों को बैंक के माध्यम से अधिकतम 15 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। इस ऋण पर विद्यार्थियों को 4 प्रतिशत सामान्य ब्याज का भुगतान करना होगा। शेष ब्याज की राशि राज्य सरकार वहन करेगी। वहीं, ऋण वापस करने की अधिकतम सीमा 15 वर्ष होगी तथा इसके लिए विद्यार्थियों को कोई सिक्योरिटी जमा नहीं करना होगा। इस योजना के लिए कॉरपस फंड के रूप में दो सौ करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

2. एकलव्य प्रशिक्षण योजना: राज्य के विद्यार्थियों को संघ लोक सेवा आयोग, झारखंड लोक सेवा आयोग, केंद्रीय/ झारखंड कर्मचारी चयन आयोग और बैंकिंग तथा रेलवे आदि जैसी भर्ती एजेंसियों के द्वारा ली जाने वाली भर्ती प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों में नि:शुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। इस योजना से 27 हजार विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जाना है। इसमें यूपीएससी सिविल सर्विसेज के लिए 1000, जेपीएससी सिविल सर्विसेज के लिए 2000, बैंक पीओ के लिए 2000, बैंक लिपिक के लिए 5000, रेलवे भर्ती बोर्ड परीक्षा के लिए 8500 और कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा के लिए 8500 लाभार्थियों की संख्या होगी। इस योजना में कोचिंग संस्थानों को विद्यार्थियों की संख्या और कोचिंग सत्र की अवधि के आधार पर शत प्रतिशत ट्यूशन शुल्क का भुगतान किया जायेगा। इसके अलावा प्रत्येक लाभार्थी विद्यार्थी को कोचिंग सत्र की अवधि तक सहायता राशि के रूप में 25 सौ रुपये प्रतिमाह डीबीटी के माध्यम से दिया जायेगा। इस योजना पर कुल वार्षिक व्यय भार 190 करोड़ 5 लाख रुपये होगा।

3. मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना: इस योजना के अंतर्गत झारखंड राज्य के विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग, मेडिकल, विधि, जन संचार, फैशन डिजाइनिंग/फैशन टेक्नोलॉजी, होटल मैनेजमेंट, चार्टर्ड अकाउंटेंट और आइसीडब्लूए, झारखंड में अवस्थित राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों द्वारा नि:शुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। इस योजना के तहत 8000 विद्यार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग करायी जायेगी। इसमें इंजीनियरिंग के लिए 3000, मेडिकल के लिए 2000, क्लैट के लिए एक हजार और जनसंचार, फैशन डिजाइनिंग, होटल मैनेजमेंट और चार्टर्ड अकाउंटेंट के लिए पांच-पांच लाभार्थियों की संख्या होगी। इसके अलावा प्रत्येक लाभार्थी विद्यार्थी को कोचिंग सत्र की अवधि तक सहायता राशि रूप में 2500रुपये प्रतिमाह डीबीटी के माध्यम से दिया जायेगा। इस योजना पर कुल वार्षिक व्यय भार 122 करोड़ 32 लाख 50 हजार रुपये होगा।

4. मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना: राज्य में मानसून में कम बारिश की वजह से धान और अन्य खरीफ फसलों के उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। इस वजह से राज्य सरकार ने 22 जिलों के 226 प्रखंडों को सूखा क्षेत्र घोषित किया है। ऐसे में सूखा प्रभावित क्षेत्र में प्रत्येक परिवार को तत्काल 35 सौ रुपये आनुग्राहिक राहत अनुदान राशि उपलब्ध करायी जायेगी। इस योजना में आवेदन लेने के लिए ऑनलाइन पोर्टल तैयार किया गया है और जिला स्तर पर विशेष कैंप लगा कर अधिसूचित सूखाग्रस्त प्रखंडों के अधिकाधिक किसान परिवारों से आवेदन प्राप्त कर लाभ प्रदान किया जायेगा।

5. मुख्यमंत्री सारथी योजना: राज्य के प्रतिभाशाली और मेहनतकश युवाओं को हुनरमंद बना कर रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना है। इसके तहत सरकार द्वारा 18 से 35 वर्ष तक (आरक्षित वर्ग के लिए अधिकतम उम्र सीमा 50 वर्ष) के युवाओं को नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया जायेगा। युवाओं को गैर आवासीय प्रशिक्षण के लिए केंद्र आने-जाने के लिए प्रतिमाह एक हजार रुपये भी दिये जायेंगे। प्रशिक्षण के बाद सफल युवाओं को तीन माह के अंदर अगर नियोजन नहीं मिला, तो उन्हें रोजगार प्रोत्साहन भत्ता के रूप में एक हजार रुपये प्रतिमाह मिलेगा, जबकि युवतियों, दिव्यांगों और परलैंगिकों को 15 सौ रुपये प्रतिमाह मिलेगा।

इन विभागों की योजनाओं का हुआ शिलान्यास

पथ निर्माण विभाग की 41 (राशि 1718.64 करोड़), पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की 17 (931.31 करोड़), भवन निर्माण विभाग की 4 (261.34 करोड़), जल संसाधन विभाग की 3 (84.27 करोड़), नगर विकास एवं आवास विभाग की 12 (1658.86 करोड़), स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की 3 (74.31 करोड़), अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग एवं कल्याण विभाग की एक, ग्रामीण कार्य विभाग की 14, झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन की 16, कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग की 17, स्वास्थ्य विभाग की 14 (517.65 करोड़) और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा की 5 योजनाएं।

इन विभागों की योजनाओं का उद्घाटन हुआ

पथ निर्माण विभाग की 43, जल संसाधन विभाग की 2, भवन निर्माण विभाग की 2, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की 7, नगर विकास एवं आवास विभाग की 13, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की 7, ग्रामीण कार्य विभाग की 13, झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन की 25, श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की 6, स्वास्थ्य विभाग की 8, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की 10 और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की 86 योजनाएं ।

इन लोगों को दिया गया नियुक्ति पत्र

झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा अनुशंसित 609 इंजीनियर, लेखा पदाधिकारी के लिए अनुशंसित 16 और रिम्स रांची में परिचारिका के लिए चयनित 320 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

तीन नयी पॉलिसी की हुई लांचिंग

1. झारखंड विद्युत वाहन नीति-2022: इसके तहत इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जाना है। इसमें वर्ष 2030 तक आईसीई इंजन आधारित वाहनों को विद्युत वाहनों से प्रतिस्थापित किया जाना है, जबकि, 2027 तक एसीसी बैट्री के निर्माण के लिए एक परियोजना स्थापित की जायेगी। इस नीति के तहत दिये जाने वाले आकर्षक अनुदान के प्रावधानों से विद्युत वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा मिलेगा।

2. झारखंड इथेनॉल उत्पादन प्रोत्साहन नीति-2022: इसके तहत राज्य में जैव ईंधन के प्रयोग को बढ़ावा दिया जायेगा। इस नीति में वर्ष 2025 तक इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के प्रयोग को बढ़ा कर 40 प्रतिशत करने का लक्ष्य है। जैव ईंधन का निर्माण गन्ना जैसे कृषि उत्पादों से किया जाता है।

3. झारखंड औद्योगिक पार्क एवं लॉजिस्टिक नीति-2022: इस नीति का मकसद राज्य को आर्थिक मजबूती प्रदान करना है। यहां सरकार और निजी संस्थानों की भागीदारी से औद्योगिक पार्क एवं लॉजिस्टिक पार्क बनाये जायेंगे। इससे होनेवाली आय भी सीधे राज्य सरकार को प्राप्त होगी। इससे राज्य में प्रत्यक्ष और परोक्ष तौर पर रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

सीएम का फोकस ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर

गरीबी के अभिशाप को मिटाने का संकल्प है : हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि आज राज्य में जो गरीबी और पिछड़ापन है, वह किसी अभिशाप से कम नहीं है। हमारी सरकार आपके दरवाजे पर जाकर आपको ऋण मुहैया करा रही है। आपके लिए स्वरोजगार का मार्ग प्रशस्त कर रही है। रोजगार सृजन के लिए राज्य सरकार आपको अनुदान भी दे रही है। सरकार ने ऐसी कार्य योजना बनायी, ताकि झारखंड की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके। यहां के लोगों की जरूरतों के अनुरूप योजनाओं का निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जड़ को मजबूत करने में लगी है। जड़ मजबूत होगी, तभी पेड़ भी मजबूती से खड़ा रहेगा। राज्य में जो गरीबी कुंडली मार कर बैठी है, उसे धक्का मार कर बाहर करना है। मुख्यमंत्री मंगलवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में स्थापना दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड खनिज संपदा के साथ-साथ वीरों की भूमि रही है। आज 15 नवंबर का दिन सिर्फ स्थापना दिवस के लिए नहीं, बल्कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती दिवस के रूप में भी मनाया जा रहा है। लंबे समय से अलग झारखंड राज्य की मांग थी। हमारे पूर्वजों ने सदियों से झारखंड वासियों के हक, अधिकार और मांग को लेकर संघर्ष किया। हमारे पूर्वजों ने यहां के लोगों के अस्तित्व और सम्मान के लिए अनेकों लड़ाइयां लड़ीं। न कभी रुके, न कभी थके। आज हम सभी के बीच आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी मंच पर उपस्थित हैं। आदरणीय गुरु जी के नेतृत्व में अलग राज्य की परिकल्पना को पूरा किया जा सका था। झारखंड खनिज संपदा को लेकर देश और दुनिया में एक अलग पहचान रखता है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

अब भगवान भरोसे नहीं, अपने बलबूते नयी पहचान बनायेगा झारखंड : हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के मोरहाबादी मैदान से राज्यवासियों को स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर सभी राज्य वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने राज्य की जनता को संबोधित भी किया। हेमंत सोरेन ने कहा कि 22 वर्ष में कई सरकारें बनीं, लेकिन इस राज्य के आदिवासी, दलित, पिछड़ों की

समस्याएं यथावत रहीं। पूर्ववर्ती सरकारों ने राज्य की जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य नहीं किया।

नियुक्ति प्रक्रियाओं में आयी तेजी

मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्ति की प्रक्रिया लगातार चल रही है। जेपीएससी के माध्यम से भी नियुक्तियां हुई हैं। पिछले दिनों झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के माध्यम से राज्य के 250 बच्चे-बच्चियों को अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों में 32 बच्चे ऐसे हैं, जो बीपीएल परिवार से थे। इन 32 बच्चों में किसी के माता-पिता मजदूर तो किसी के माता-पिता किसान थे।

बच्चियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर राज्य सरकार काफी गंभीर है। हमने विशेषकर बच्चियों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना शुरू की है। हमारी सरकार ने इस योजना से राज्य की 9 लाख बच्चियों को जोड़ने का लक्ष्य रखा है। इस योजना के तहत बच्चियों को लाभ दिया जा रहा है और 18 वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें एक मुश्त 40 हजार रुपये की सहायता राशि दी जायेगी। हम ऐसी योजना बनाने जा रहे हैं, जिसमें जो बच्चियां इंजीनियर, डॉक्टर, वकील आदि बनना चाहती हैं, उनकी पढ़ाई का सारा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी।

54 लाख प्राप्त आवेदनों में 35 लाख का निष्पादन

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार को लेकर विशेष अभियान का संचालन किया गया था, लेकिन लोगों को योजनाओं का लाभ देने की प्रक्रिया अनवरत जारी रहेगी। जरूरतमंद लोग प्रखंड कार्यालय आकर इन योजनाओं का लाभ जरूर लें। योजनाओं से जोड़ने के अतिरिक्त शिविर का आयोजन ग्रामीणों के बीच जागरूकता का संचार करना भी था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान में 54 लाख आवेदन सरकार को प्राप्त हुए। इनमें से 35 लाख आवेदनों का निष्पादन शिविरों के माध्यम से ही कर दिया है।

अपनी ताकत और अपने भरोसे राज्य को खड़ा करेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपको आश्वस्त करता हूं कि जिस तरह 20 वर्ष इस राज्य को भगवान भरोसे छोड़ दिया। आपका आशीर्वाद रहा, तो आने वाले समय में यह राज्य भगवान के भरोसे नहीं, बल्कि अपने भरोसे पर खड़ा होगा और अपनी ताकत पर खड़ा होगा। हमारी सरकार ने गरीबी और अशिक्षा को दूर करने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वृहद पैमाने पर कार्य करना शुरू कर दिया गया है। हर खेत में पानी पहुंचाने का कार्य सरकार करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान को सुखाड़ से राहत देने के लिए 226 प्रखंडों को हम लोगों ने चिह्नित किया है। कुछ दिनों बाद पुनः गांवों-पंचायतों में शिविर लगाये जायेंगे। यहां 31 लाख किसान का चयन होगा और उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी।

किसान परिवारों को देंगे सूखा राहत

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण जैसे ही घटा, राज्य में एक और आपदा के रूप में सुखाड़ की समस्या आ खड़ी हुई। राज्य सरकार ने 226 प्रखंडों को चिह्नित कर सूखाग्रस्त घोषित करने का काम किया है। राज्य के किसानों को किस तरह राहत पहुंचायी जा सके, इस निमित्त कई योजनाएं चलायी जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले तो किसानों को समय पर खाद और बीज नहीं मिलते थे, परंतु इस बार हमारी सरकार ने समय से पहले किसान भाइयों को खाद और बीज उपलब्ध कराने का काम किया, लेकिन बारिश ने साथ नहीं दिया। स्थिति यह हुई कि आपका राज्य सुखाड़ की चपेट में है। ऐसी चुनौती भरी स्थिति में भी हमारी सरकार ने किसी को हतोत्साहित नहीं होने दिया और किसान तथा जरूरतमंद लोगों के लिए कई योजनाएं बनायी। इन योजनाओं का लाभ और किसान भाइयों को मिल रहा है। हमारी सरकार ने राज्य के चिह्नित सूखाग्रस्त 226 प्रखंडों में लगभग 31 लाख किसान परिवारों को सूखा राहत हेतु 3500 रुपये की राशि तत्काल उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है।

ऐतिहासिक मायने रखती है 11 नवंबर की तारीख

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य के लिए 11 नवंबर का दिन बहुत ही ऐतिहासिक दिन रहा है। 11 नवंबर के दिन ही सीएनटी कानून बना था। 11 नवंबर के दिन ही हमारी सरकार ने सरना धर्म कोड विधेयक को विधानसभा से पारित किया था और 11 नवंबर के दिन ही हमारी सरकार ने 1932 खतियान आधारित स्थानीयता और नियुक्ति तथा सेवाओं में आरक्षण वृद्धि का विधेयक पारित करने का काम किया है।

इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और श्रम, नियोजन तथा प्रशिक्षण विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता तथा ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन, ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, पुलिस महानिदेशक नीरज सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, कार्मिक विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन सहित कई गणमान्य अतिथि एवं वरीय पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

आत्मसमर्पण नीति

15 नवंबर 2022 झारखंड स्थापना दिवस के पावन अवसर पर गुमला जिला के समस्त नागरिकों को गुमला पुलिस की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।
समाज के भटके हुए सभी भाई-बहनों से अपील है कि झारखंड सरकार द्वारा घोषित आत्मसमर्पण नीति के तहत् आत्मसमर्पण करते हुए मुख्य धारा में शामिल हों तथा सरकार द्वारा घोषित सुविधाओं का लाभ उठायें:-

1. सरकार द्वारा चिन्हित किये गये उग्रवादियों पर घोषित ईनाम की राशि आत्मसमर्पण करने पर उन्हें ही दी जायेगी।
2. आत्मसमर्पण करने वाले व्यक्तियों को घर बनाने के लिए 04 डिसमिल जमीन तथा 50,000/ (पच्चास हजार) रूपया दी जायेगी।
3. प्रत्यर्पण करने वाले उग्रवादी की योग्यता एवं अभिरूचि के अनुसार पुनर्वास समिति द्वारा कौशल विकास विभाग, झारखंड द्वारा विभिन्न संकायों में व्यवसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी।
4. राज्य अन्तर्गत सरकारी चिकित्सा संस्थानों में उग्रवादी एवं उसके परिवार को निःशुल्क चिकित्सा की। व्यवस्था की जायेगी।
5. आत्मसमर्पित उग्रवादी को उसके अनुरोध पर खुला जेल -सह- पुनर्वास केन्द्र में स्थानान्तरण की नियम सम्मत कार्रवाई की जायेगी।
6. आत्मसमर्पण नक्सलियों के अच्छे आचरण के आधार पर उनके उपर चल रहे मुकदमों की पैरवी हेतु वकीलों पर उनके द्वारा किये जाने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति/व्यय का भुगतान किया जायेगा।
7. ऑपरेशन नई दिशा के अंतर्गत देय सुविधाओं का लाभ उठाकर अपने एवं अपने परिवार का भविष्य उज्जवल करें।
8. आत्मसमर्पण हेतु निम्नांकित नंबरों पर संपर्क करें:-

1. 9431706376 2. 9431706182 3. 9471182118 4. 9431706202 इसके अतिरिक्त आत्मसमर्पण हेतु थाना प्रभारी / पुलिस कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

निवेदक
पुलिस अधीक्षक
गुमला

ज्ञापांक 1465 / सा.शा.,
पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला।

कार्यालय नगर परिषद सिमडेगा

- शहरी क्षेत्र को साफ और स्वच्छ बनाए रखने में नगर परिषद, सिमडेगा का करें सहयोग।
- होल्डिंग टैक्स, वाटर टैक्स, ससमय भुगतान कर चिंता मुक्त बने।
- सभी दुकानों का ट्रेड लाई सेंस बनवाना अनिवार्य है।
- नगर को सफ एवं स्वचछ बनाए रखने के लिए शौचालय का उपयोग करें।
- कचड़ा डस्टबीन में ही डालें।
- करें उपयोग थैला, ना करें सिमडेगा को प्लास्टिक से मैला, सिमडेगा में प्लास्टिक उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है।
- साफ सुथरा हो शहर अपना। सभी लोगों के सिर पर घर का छत हो अपना। नगर परिषद का है यही सपना।
- शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने में करें सहयोग।
- कुड़ादान का करें उपयोग, प्लास्टिक का न करें प्रयोग।
- नेकी के बक्से में पुराने कपड़ों को करें जमा।

पुष्पा कुल्लू
नगर परिषद अध्यक्ष

ओम प्रकाश साहू
नगर परिषद उपाध्यक्ष

महेन्द्र कुमार
अनुमंडल पदाधिकारी
सह नप के कार्यपालक पदाधिकारी

प्रफूल्ल बोदरा
नगर प्रबंधक

सुनीता कुमारी
नगर प्रबंधक

आकाश सिंह
नगर प्रबंधक

पत्रांक : न.प./ 3048 (ii), दिनांक : 14.11.2022

नगर परिषद, सिमडेगा

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक-753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753006 (ODISHA), INDIA
PHONE : 0671-2367768-783, FAX : 0671-2367663

Advertisement No. 32/RA/2022-23

Walk-in-Interview is to be held on **29.11.2022 for selection of one (01) Research Associate-I (RA-I)** at the ICAR - National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Decrypting the chemical interaction of rice and its specialist herbivore, Scirpophaga incertulas" (EAP-352)**. The details regarding essential / desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website - https://icar-nrri.in.

PRINCIPAL INVESTIGATOR

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं
झारखंड स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

अंचलाधिकारी
बड़ागांई, रांची
झारखंड

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय
खूँटी, झारखंड

झारखंड सरकार के द्वारा वामपंथी उग्रवादियों एवं पुनर्वास हेतु नयी नीति/योजना की स्वीकृत मुख्य सूचनाएं :-

1. आत्मसमर्पित नक्सलियों को भुगतेय पुनर्वास अनुदान निम्नरूपेण तालिका के अनुसार किया जायेगा.

क्र.सं.	श्रेणी	पुनर्वास अनुदान राशि
01	ए श्रेणी- जोनल कमांडर एवं उसके ऊपर स्तर के नक्सली	रु.-6,00,000/- (छः लाख)
02	बी श्रेणी- जोनल कमांडर एवं उसके नीचे स्तर के नक्सली	रु.-3,00,000/- (तीन लाख)

2. कार्यशील एवं नियमित आग्नेयास्त्र (Regular) गोला-बारुद के समर्पण के बदले अतिरिक्त भुगतान निम्नरूपेण तालिका के अनुसार किया जायेगा :-

क्र.सं.	श्रेणी	पुनर्वास अनुदान राशि
01	रॉकेट लांचर / एल.एम.जी.	1,00,000/-
02	ए.के.47 / 56 / 74 रायफल/स्माईपर रायफल/ ईंसास/ एस.एल.आर.	75,000/-
03	303 रायफल / पिस्टल / रिवाल्वर / कार्बाइन	25,000/-
04	315 रायफल और अन्य रायफल	15,000/-
05	रिमोट कंट्रोल डिवाईसेस	6,000/-
06	ग्रेनेड / हैण्ड / ग्रेनेड	2,000/-
07	वायरलेस सेट	2,000/- से 10,000/- (रेंज के आधार पर)
08	आई.ई.डी.	6,000/-
09	विस्फोटक सामग्री द्रुपति कि.ग्रा.	2,000/-

3. प्रत्यार्पण करने वाले उग्रवादी की योग्यता एवं अभिरूचि के अनुसार पुनर्वास समिति द्वारा कौशल विकास विभाग, झारखंड द्वारा जिलों में संचालित कौशल विकास केंद्रों में उपलब्ध विभिन्न संकायो में व्यवसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी.

   अथवा

   पुनर्वास समिति द्वारा रु.- 6,000/- (छः हजार) प्रतिमाह की वृति पर एक वर्ष तक के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी. विशेष परिस्थिति में व्यवसायिक प्रशिक्षण की अवधि एक अतिरिक्त वर्ष तक के लिए विस्तारित की जा सकेगी.
4. गृह निर्माण हेतु अधिकतम चार डिसमील जमीन आवंटित की जाएगी एवं रु.- 50,000/- (पचास हजार) गृह निर्माण के लिए दी जायेगी.
5. यदि प्रत्यार्पण करने वाले उग्रवादी के सिर पर उसके मारे जाने या गिरफ्तार होने पर कोई सरकारी ईनाम घोषित हो तो समर्पण के उपरांत घोषित ईनाम की राशि भुगतान की जायेगी.

पुलिस अधीक्षक, खूँटी - 9431706116 अनु.पु.पदा., खूँटी- 9431706145
अपर पुलिस अधीक्षक (अभि.), खूँटी-9431706454 अनु.पु.पदा., तोरपा- 7260072500

ज्ञापांक : 885/ले.शा., दिनांक : 15.11.2022 निवेदक :- खूँटी पुलिस

कार्यालय : जिला कृषि पदाधिकारी, सिमडेगा

प्रेस विज्ञप्ति

बिरसा मुंडा जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस 2022 के शुभ अवसर पर जिला के सभी किसान भाइयों को शुभकामनाएं।

कृषि विभाग के द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजना

- बीज विनिमय एवं वितरण की योजना अंतर्गत 50 % अनुदान पर विभिन्न लैम्पस के द्वारा ब्लॉक चैन प्रणाली के माध्यम से कुल **600.4 क्वि० धान** एवं **उरद बीज** का वितरण।
- जिला के कुल **32126 PM KISAN** में निबंधित एवं अन्य बिरसा किसानों को कृषि कार्य करने हेतु लगभग 22 करोड़ का किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) ऋण वितरित ।
- झारखंड कृषि ऋण माफी योजना अंतर्गत जिला के कुल 4793 किसानों को कृषि ऋण माफी।
- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत 90 % अनुदान पर टपक सिंचाई योजना का लाभ।
- किसान कॉल सेंटर 1800-123-1136 द्वारा किसानों के समस्याओं का समाधान।
- किसान भाइयों का कृषि को अधिक जानकारी के लिए जिला स्तर पर एग्री क्लीनिक का संचालन।

ह./-
जिला कृषि पदाधिकारी
सिमडेगा

सेवा ही लक्ष्य
झारखण्ड पुलिस

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड राज्य स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर

राष्ट्र और राज्य की सेवा में हम सभी दृढ़ निश्चय करें कि हम किसी भी नक्सल गतिविधि व कट्टरता के खिलाफ खड़े रहेंगे।

हम सभी झारखंडवासी यह प्रतिज्ञा करें कि पुलिस प्रशासन के नक्सल विरोधी मिशन में सहयोग करेंगे।

अपने बच्चों को उचित शिक्षा व रोजगार के लिए प्रेरित करेंगे जिससे वह उग्रवादी दस्तों की हकीकत समझ सके।

आज प्रौद्योगिकी जहां कल्याणकारी है वही गलत लोगों द्वारा प्रयोग किए जाने पर विनाशकारी भी साबित होती है।

इसीलिए हम अपने मोबाइल गाड़ी इत्यादि किसी अनजान व्यक्ति को उपयोग नहीं करने देंगे।

अंत में एक जिम्मेदार पुलिसकर्मी होने के नाते मैं प्रतिज्ञा लेता हूं कि मैं अपनी जिम्मेदारी व कर्तव्य का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करूंगा।

निवेदक
पुलिस अधीक्षक
लातेहार

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना
CMEGP
भू-राजस्व मामलों का निपटारा
भू-लगान रसीद
कंबल वितरण
धोती, साड़ी, लुंगी वितरण
बिजली तथा पेयजल समस्याओं का निपटारा
किसान क्रेडिट कार्ड (के.सी.सी.)
फूलो झानो आशीर्वाद अभियान
हरा राशन कार्ड
सेवा के अधिकार अंतर्गत आवेदनों का निष्पादन
मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना
सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना
15 वें वित्त आयोग अंतर्गत योजना
सर्वजन पेंशन योजना
प्रवासी श्रमिकों/परिवारों का श्रमयान में निबंधन
राशन कार्ड का आधार से लिंक
मनरेगा अंतर्गत हर गांव में न्यूनतम 5-5 योजनाओं का शुभारंभ
अन्य लोक-कल्याणकारी योजनाओं के आवेदन
झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार
पहला चरण : 12 से 22 अक्टूबर, 2022
दूसरा चरण : 1 से 14 नवम्बर, 2022
कुल आवेदन प्राप्त
55,22,751*
कुल निष्पादन
36,27,559*
कुल प्रक्रियाधीन
18,95,192*
*डाटा जानकारी 15/11/2022, 06:00 PM
स्रोत :- https://sarkaraapkedwar.jharkhand.gov.in/
राज्यभर में कार्यक्रम के जरिये राज्य सरकार पहुंची लोगों के द्वार। लाखों लोगों ने उत्साह के साथ अपने क्षेत्र में लगे शिविर से लिया विभिन्न योजनाओं का लाभ।
वर्ष 2021 के आंकड़े : कुल आवेदन प्राप्त - 35.95 लाख
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
P.R. 282345 (IPRD) 22-23

अदानी कंपनी के समर्थन में काम कर रहे दर्जनों लोगों को गोंदलपुरा समाज ने किया बहिष्कृत

बहिष्कृत लोगों ने थाने में आवेदन देकर न्याय की मांग की

हजारीबाग/बड़कागांव (आजाद सिपाही)। गोंदलपुरा कोल खनन परियोजना क्षेत्र के अदानी कंपनी के समर्थन में ऑफिस खुलवाने एवं काम करने के आरोप में गोंदलपुरा ग्राम समाज द्वारा बैठक कर दर्जनों लोगों को बहिष्कृत किया गया तथा उनके साथ कोई भी कार्य करने पर प्रतिबंध लगाया गया। जिसको लेकर बहिष्कृत दर्जनों लोगों द्वारा बड़कागांव थाने में आवेदन देकर न्याय की मांग की गई।

क्या है मामला

अदानी कंपनी को गोंदलपुरा कोल खनन परियोजना के नाम से बड़कागांव प्रखंड गोंदलपुरा, गाली, बलौदर आदि गांव को मिलाकर सरकार द्वारा एमओयू की गई जिसको लेकर बीते 10 ,12 एवं 18 अक्टूबर को ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसको ग्रामीणों ने एकजुटता दिखाते हुए मौन रखकर उक्त सभी ग्राम सभा का विरोध किया। जिसमें कुछ लोग अंदर ही अंदर भितरघात कर रहे थे और कंपनी के समर्थन में काम करने लगे यहां तक कि बीते 5 नवंबर को कदमा टोला में अदानी कंपनी का ऑफिस चालू कर दिया गया जिसका संचालन दर्जनों लोग कर रहे थे इसकी जानकारी ग्रामीणों को मिली और ग्राम स्तर पर बैठक कर पूछताछ की गई जिसमें कुछ लोग बैठक में आने से इंकार कर दिया और कुछ लोग सामाजिक नियमों का विरोध कर कंपनी के साथ चलने को स्वीकार किया जिसके बाद ग्रामीण समाज के नियम अनुकूल कंपनी के हित में काम करने वाले लोगों पर कार्यवाही करते हुए सामाजिक बहिष्कार किया गया। इस संबंध में ग्राम अध्यक्ष चंदन कुमार से पूछे जाने पर बताया कि उन लोगों को समाज बहिष्कृत नहीं किया है बल्कि उन्हीं लोगों द्वारा बैठक में स्पष्ट बताया गया कि समाज गंदी नीतियों के साथ संचालन किया जा रहा है इसलिए हम समाज के साथ नहीं चलकर कंपनी के साथ चलेंगे। आगे उन्होंने बताया कि अदानी कंपनी की यह बड़ी साजिश है जिसके तहत हम लोगों की एकजुटता को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है ताकि अपनी मर्जी के अनुसार कंपनी उपजाऊ जमीन को लूट ले। वही बहिष्कृत नरेश कुमार ने बताया कि गोंदलपूरा में अलग-अलग टोला और जाति की बैठक की गई जिसमें 11 नवंबर को ऊपर टोला में संजू देवी की अध्यक्षता में ,12 नवंबर को एकता कुशवाहा समाज की बैठक नंद किशोर महतो की अध्यक्षता में, 13 नवंबर को पकड़िया टोला मैदान में यादव समाज की बैठक बालेश्वर यादव की अध्यक्षता में एवं 14 नवंबर को राणा समाज की बैठक कदमा टोला स्कूल में कृष्णा राणा की अध्यक्षता में कर हम सभी दर्जनों व्यक्तियों को बहिष्कृत किया गया जिसको लेकर थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई है।

क्या कहते हैं थाना प्रभारी

इस संबंध में थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की से पूछे जाने पर बताया कि आवेदन मेरे संज्ञान में नहीं आया है आवेदन मिलते ही गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए छानबीन कर उचित कार्रवाई की जाएगी। कंपनी हित में काम करने के आरोप में बहिष्कृत लोगों का नाम- ग्रामीण समाज के नियमों का उल्लंघन करते हुए कंपनी हित में काम करने वालों का दर्जनों नाम है जिसमें मुख्य रुप से प्रमोद महतो, नरेश महतो, गिरजा महतो, गुड्डू कुमार, अरुण महतो, मिथलेश महतो ,महावीर राणा, विनय राणा, संजय यादव, कामेश्वर यादव ,सुबोध यादव, गजेंद्र महतो एवं प्रभा देवी का नाम शामिल है।

मंगल पाठ व महाआरती का आयोजन कल

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। श्री राणी सती भक्त समिति एवं श्री राणी सती मंदिर के संयुक्त तत्वाधान में महाराणा प्रताप चौक के समीप जन्मोत्सव को लेकर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए संयोजक अशोक पिलानियाँ को बनाया गया। 17 नवम्बर को मंदिर परिसर में 108 महिलाएं राजस्थानी वेशभूषा में मंगल पाठ मे शामिल होगी। मंगलपाठ धनबाद के पंकज सांवरिया एवं टीम पाठ करेगी। इस अवसर पर दादी जी का आलौकिक श्रृंगार के अलावा सवामणि छप्पन भोग का प्रसाद के साथ अखण्ड ज्योत के साथ भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसी दिन सुबह 4 बजे मंगला आरती के बाद पाटा पूजा, धोक पूजा का आयोजना होगा एवं खीर पुडा का प्रसाद वितरण किया जायेगां और रात्रि में 8 बजे महाआरती का आयोजन होगा। बैठक में अनुप खाटुवाला विपुल चौधरी, हिमांशु केडिया अरविन्द चौधरी आशीष केडिया, संदीप हिसारिया, प्रदीप कंदोई, संजय नरेडी, संतोष लडढा, सुनील लोहिया, विष्णु चौधरी उपस्थित थे।

जहर खाकर युवती ने आत्महत्या की कोशिश की

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जयनगर थाना अंतर्गत पेठियाबागी मे एक नाबालिग युवती ने जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की जिसकी पहचान दिलीप पंडित की 13 वर्षीया पुत्री के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार घर में झगड़ा के बाद बाजार से जहर लाकर खा लेने के बाद अचानक तबीयत बिगड़ने लगी जिसके बाद आनन-फानन में कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा इलाज चल रहा है।

स्थापना दिवस के अवसर पर हुआ राशन कार्ड का वितरण

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कटिया पंचायत भवन में कटिया मुखिया रेखा देवी के अध्यक्षता में मंगलवार को प्रखंड आपूर्ति महेश प्रसाद के द्वारा गरीब परिवारों के बीच ग्रीन राशन कार्ड का वितरण किया गया। जिसमें 20 लोगो को राशन कार्ड वितरण किया गया जिससे राशन कार्ड लेने वाले में खुशी का माहौल रहा। राशन कार्ड मिलने से गरीबों लाभुकों ने पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि गरीब परिवार के लोग राशन कार्ड लेने के योग्य हैं, उन्हें राशन कार्ड मुहैया करवाया जाएगा। उन्होंने सुखी संपन्न परिवार के लोगों से कहा कि, जो भी व्यक्ति राशन कार्ड के अधिनियम के तहत नहीं है वह अपना अपना राशन कार्ड सरेंडर करें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुखिया रेखा देवी ने कहा कि पंचायत में जिन गरीब परिवार का राशन कार्ड छुटा है, उनका जल्द से जल्द वितरण किया जाएगा। राशन कार्ड वितरण के दौरान एमओ महेश प्रसाद, मुखिया रेखा देवी, उप मुखिया प्रतिनिधि अविनाश भदानी, पंसस प्रतिनिधि दुलारचंद पासवान, गर्गी मुखिया प्रतिनिधि सरफुद्दीन अंसारी, अनवर खान, मुमताज खान, महेंद्र पासवान, सूरज राम, दिलीप यादव, अनवर हुसैन एवं सभी ग्रामीण उपस्थित थे।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गयी

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बाघमारा स्थित आदर्श उच्च विद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के साथ झारखंड स्थापना दिवस मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रो दशरथ प्रसाद राणा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा झारखंड के रत्न थे। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने 1932 के खतियान के आधार पर नियोजन नीति लागू कर इन के सपनों को उड़ान भराया। मौके पर निदेशक रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा झारखंड के महान विभूतियां में से एक थे। मौके पर उप प्रधानाध्यापक रामचंद्र यादव, वरीय शिक्षक लक्ष्मण चंद्र यादव, महेश यादव, प्रकाश यादव, कालेश्वर राणा, महेश्वर पांडेय, विनोद यादव, पिंटू कुमार पांडेय, शंकर दास, संजय यादव, सुजीत राज, श्याम सुंदर यादव, रविंद्र कुमार, सिकंदर यादव, विनोद शर्मा, कपिल देव गुप्ता, विक्रम पांडेय सहित सभी शिक्षक, कर्मी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का हुआ अनावरण

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के डगरनवा पंचायत स्थित कानी केंद के समीप मां चँचालिनी धाम जाने की सड़क पर बने द्वार के समक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर मंगलवार को भगवान बिरसा मुंडा मूर्ति का अनावरण किया गया। भगवान बिरसा मुंडा मूर्ति का अनावरण अतिथि गोपाल यादव, संजय पांडेय, रामचन्द्र सिंह, केदार यादव, मुंशी मुरमुर, दामोदर सिंह, बैजनाथ मेहता, नुनमन सिंह, रामेश्वर मुर्मू, अर्जुन सिंह ने किया। तत्पश्चात झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक बैठक की गई जिसमें कई अहम मुद्दों पर विचार विमर्श हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्याम किशोर सिंह ने की जबकि संचालन केंद्रीय समिति सदस्य बैजनाथ मेहता व विश्वनाथ राय ने किया। अतिथियों ने भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर मूर्ति का अनावरण किया।

बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण किया

कोडरमा (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर 15 नवंबर को समाहरणालय परिसर में भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उपायुक्त आदित्य रंजन, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, अपर समाहर्ता अनिल तिर्की और अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, जिला शिक्षा पदाधिकारी अलका जायसवाल, जिला योजना पदाधिकारी खोपलाल राम, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, नगर प्रशासक जितेंद्र कुमार जैसल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, एपीआरओ अविनाश कुमार समेत पदाधिकारी, कर्मियों ने भी भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्पित कर उन्हें नमन किया।

चाइल्ड लाइन से दोस्ती कार्यक्रम का आयोजन

जयनगर (आजाद सिपाही)। थाना परिसर में चाइल्ड लाइन इंडिया फाउंडेशन एवं समर्पण के द्वारा चाइल्ड लाइन से दोस्ती कार्यक्रम का आयोजन थाना अधिकारियों को दोस्ती बैंड बांधकर किया गया। अध्यक्षता थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा ने की। उन्होंने कहा कि हम सभी पुलिसकर्मी बच्चों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। जहां कहीं भी बच्चे अकेले दिखते हैं या भटके पाए जाते हैं, गलत दिशा में जाते देखते हैं तो उन्हें ट्रैक करने की कोशिश करते हैं और चाइल्डलाइन की मदद से प्रॉपर चैनेलाइज करते हैं। उन्होंने कहा कि हम थाना अधिकारी बच्चों के दोस्त है। चाइल्ड लाइन के टीम सदस्य जितेंद्र कुमार सिंह ने बच्चों को चाइल्ड लाइन टोल फ्री नंबर 1098 की खासियत के बारे में बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चाइल्डलाइन सदस्य जय मंगल राणा, योगेश कुमार, मैरियन सोरेन के अलावा थाना के सभी एसआई और कांस्टेबल मौजूद थे।

भाजपा ने बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड राज्य स्थापना दिवस मनाया

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल कमेटी के तत्वाधान में नापोखुर्द में बने बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर व माल्यार्पण कर 147 वीं जयंती व झारखंड राज्य की 22 वीं झारखंड स्थापना दिवस मनाई गई, जिसकी अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष अशोक साव ने किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सह भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूनम साहू ने कहा कि अपने धर्म, संस्कृति व जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए ब्रिटिश शासकों के खिलाफ बिगुल फूंक कर आदिवासियों का शोषण से मुक्ति दिलाने का काम किया। वहीं सांसद प्रतिनिधि बेचन साव ने कहा कि वे हमेशा शोषित वंचित समाज की लड़ाई लड़े। मंडल कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी ने कहा कि 15 नवम्बर 1875 के दशक में छोटा किसान के गरीब परिवार में इनका जन्म हुआ था एवं बहुत ही कम उम्र में इन्होंने अपने हक एवं अधिकार की लड़ाई में आगे आकर लोगों को सशक्त एवं मजबूत बनाने का कार्य किया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष अशोक साव, किशोर राणा, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, मुकेश साव, राजेश कुमार, सुरेश कुमार, अजीत कुमार, दीलीप राम, सुनील साव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

मिरेकल इंग्लिश क्लासेस कोचिंग सेंटर में मनाया गया बाल दिवस

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन और देश के भविष्य बच्चो के साथ बाल दिवस मिरेकल इंग्लिश क्लासेस कोचिंग सेंटर में मनाया गया। इसकी अध्यक्षता व संचालक शिक्षक वा निर्देशक कैलाश कुमार ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज के बच्चे न केवल देश के भविष्य है बल्कि समाज और परिवार के भी भविष्य है, इसलिए बच्चो को पढ़ाई के साथ-साथ अपने घर के सभी कार्यों मे शामिल होना चाहिए। बच्चे कल के भविष्य है। पंडित जवाहर लाल नेहरू बच्चो के साथ समय बिताते हुए खुद भी बच्चे बन जाते थे। चाचा नेहरू हमेशा कहते थे कि देश के विकास में बच्चो की भागीदारी आवश्यक है क्योंकि बच्चे ही देश के भविष्य है। इसलिए जरूरी है कि बच्चो की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। बच्चे राष्ट्र कि बहुमुल्य संपति है और आने वाले कल की उम्मीद भी बच्चे है। इसलिए इन्हे उचित देख भाल और प्यार मिलना चाहिए। इन्होंने हमेशा बच्चो को अपने जीवन में अधिक महत्व दिया बच्चो के प्रति इनके प्यार और लगाव के कारण ही बच्चे इन्हे चाचा नेहरू कह कर पुकारते थे। मौके पर सनोज कुमार, नीलम कुमारी, सलोनी कुमारी, काजल कुमारी, प्रीति कुमारी, सपना कुमारी, करण कुमार, मुकेश कुमार, रुपेश कुमार, दीपक कुमार, अरविंद कुमार, सनोज कुमार, सोनी कुमारी, दिव्या कुमारी, प्रियंका कुमारी, दीपा कुमारी, दिव्या कुमारी, सोनी, अपूर्व कुमारी, रानी कुमारी, दुर्गा तथा सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित हुए थे।

जिला स्तरीय परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय परिसंपत्ति वितरण का कार्यक्रम हुआ। नगर भवन में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय ने अपने संबोधन में 22 वें झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर जिलावासियों को शुभकामना देते हुए भगवान बिरसा मुंडा को नमन किया। उन्होंने कहा राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को पंचायत स्तर तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन सभी 250 पंचायतों में सफलतापूर्वक शिविर का आयोजन किया। शिविर में हजारों लोगों ने शरीक होकर अपनी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा। जिला प्रशासन प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए लोगों की आवेदन का निष्पादन करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक चौथे मनोज रतन, उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता सहित कई लोग उपस्थित थे। मौके पर पुलिस अधीक्षक ने राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कहा स्थापना दिवस समय यह मौका देता है कि हम फिर से नई इबारत करने के लिए फिर से संकल्प लेकर राज्य के निर्माण एवं शांति के साथ विकास के मार्ग पर आगे बढ़ने का प्रण लें। कार्यक्रम का समापन उपविकास आयुक्त ने धन्यवाद ज्ञापन कर किया गया।

भलुआ वन रक्षाबंधन की मनायी बरसी जंगल रक्षा का लिया गया संकल्प

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। भलुआ वन रक्षाबंधन की सातवीं वर्षगांठ भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर मनाई गई। टाटीझरिया के महावीर साव और प्रमोद गुप्ता द्वारा इस जंगल की रक्षा का उठाया गया कदम आज नींव का पत्थर साबित हुआ। वर्षगांठ पर बेरहो,होलंग व टाटीझरिया से काफी संख्या में वन व पर्यावरण प्रेमी इकट्ठा हुए। सबों ने वन के हृदयस्थली पर बने पूजन वेदी पर पुष्प,चन्दन प्रसाद अर्पित किया ,दीप जलाए । उसके बाद वृक्षों के नीचे मौन धरना के पश्चात सबों ने लाल एकरंगा कपड़े से वन के अंदर अडिग विराजमान पेड़-पौधे व झाड़ियों की टहनियों पर रक्षाबंधन किया गया। महिला व पुरुषों ने वन बचाने को लेकर गीत व अपने विचार प्रस्तुत किये। बताते चलें कि श्री साव और गुप्ता उसी जंगल में वर्षों से मॉर्निंग वॉक और योग करने जाते हैं। 7 वर्ष पूर्व उन्होंने उस उजड़े वन प्रान्त को फिर से बसाने का प्रण किया और वन पर्यावरण प्रेमी महादेव महतो,सुरेंद्र प्रसाद सिंह,गोविंद महतो समेत अन्य के सहयोग से यहां अभियान शुरू हुआ। आज यह वन-प्रान्त घने व सुरक्षित हैं। इस मौके पर प्रमुख संतोष मण्डल,डॉ खेमलाल प्रसाद,मुकेश साव,विपुल चौधरी,जलेश्वर प्रसाद,झुंझुन गुप्ता,समेत बेरहो टाटीझरिया व होलंग के गर्मिन महिला-पुरुष व बच्चे उपस्थित थे।

झारखंड स्थापना दिवस पर मुखिया ने कराया सामूहिक गृह प्रवेश

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। झारखण्ड स्थापना दिवस पर प्रखण्ड में गृह प्रवेश पखवाड़ा का आयोजन किया गया ।प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत बरकट्ठा व बेडोकला समेत सभी पंचायत में नव निर्मित आवास का सामुहिक गृह प्रवेश करवाया गया ।बताया गया कि बरकट्ठा में तीन और बेडोकला में पीएमवाईजी के द्वारा निर्मित छोटी साव, मुंशी साव, अफताब खान, बेडोकला में नेहाल मिर्धा,कलिया देवी,अनुल अंसारी और यूसुफ अंसारी के आवास का विधिवत गृह प्रवेश पूजा अर्चना कर की गयी ।इस अवसर पर बीडीओ कृतिबाला लकड़ा,मुखिया प्रमिला देवी,मुखिया रिंकी देवी,पसस0 प्रीति गुप्ता, प्रखण्ड बीस सूत्रीअध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, युसुफ अंसारी, रामचंद्र साव,बीएफटी दिलीप दास,रोजगार सेवक उमेश प्रसाद,समाजसेवी देवेन्द्र पांडेय,संजय गुप्ता, बसंत साव, मुमताज अंसारी,अनवर मियां, शंभु यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

उप विकास आयुक्त ने चुरचू का किया निरीक्षण प्रधानमंत्री आवास का कराया गृह प्रवेश

चरही (आजाद सिपाही)। झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर हजारीबाग उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने चुरचू प्रखंड में 4 प्रधानमंत्री आवास को लाभुकों का ग्रह प्रवेश कराया। साथ ही चुरचू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा गोंदवार आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया एवं मनरेगा योजना के तहत गोंदवार में नाला जीर्णोद्धार का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए सभी लाभुकों को को जानकारी दिया लाभुकों को हर योजनाओं से जुड़ने के लिए भी कहा गया। इस निरीक्षण में मौके पर चुरचू प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री इंदर कुमार प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी श्री प्रणव, कनीय अभियंता अरुण कुमार सिंह, प्रभारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी त्रिदेव कुमार, प्रखंड समन्वयक सुनील कुमार, रोजगार सेवक तालेश्वर हांसदा चुरचू मुखिया एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

भगवान जगन्नाथ का खुला पट्ट, पूर्व विधायक सहित अनेकों श्रद्धालुओं ने किया दर्शन लाभ

चौपारण (आजाद सिपाही)। चौपारण प्रखंड के सियरकोनी की अब पहचान अब राज्य नही बल्कि देश स्तर पर चौपारण प्रखण्ड का नाम गूँजने वाला है। इस्कॉन से जुड़े भक्ति वेदांता शिक्षालय निर्माण के प्रथम फेज में निर्मित भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं के लिए भगवान जगन्नाथ का पट्ट खोल दिया गया। पट्ट खुलते ही श्रद्धालुओं का भीड़ उमड़ा पड़ा। बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव समेत हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान के दरबार मे मत्था टेका। बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित हजारों भक्तों के उपस्थित में भक्तों के लिए भगवान जगन्नाथ का पट्ट खोला दिया गया। शिक्षालय योजना के प्रमुख डा केशवानंद प्रभु ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में इस्कान के मुख्यालय मायापुर, पश्चिम बंगाल से त्रिदंड स्वामी परम पूज्य भक्ति राघव स्वामी जी महाराज उपस्थित रहे। महाराज जी मुलरूप से कनाडा के निवासी हैं परन्तु प्रभु भक्ति में अपना संपूर्ण जीवन प्रभु के श्रीचरणों में अर्पित कर दिया है। बताया कि मंदिर पूजा के बाद दूसरे फेज में शिक्षालय, गुरुकुल, गोशाला, कृषि तथा नैचुरोपैथी कार्य होंगे। बताते चलें कि सियरकोनी में समाजसेवी संजय सिंह, मुखिया बिनोद सिंह के परिजनों द्वारा चार एकड जमीन गुरुकुल निर्माण के लिए दान स्वरूप दिया गया है। इसी के तहत बडी भक्ति भाव से समस्त कार्य जारी हैं। इस दौरान जीप सदस्य राकेश कुमार, भाजपा नेता सुनील साहू, रामस्वरूप पासवान, राजदेव यादव, राजेश सहाय, राजेन्द्र चंद्रवंशी, मुकुन्द साव, मुकेश सिन्हा, समाजसेवी हतिश्चन्द्र सिंह, रामचन्द्र सिंह, प्रभात सिंह, रामाशीष सिंह, विजय भुइयाँ, राकेश पांडेय, सियाराम सिंह, सतेंद्र सिंह, शिवकुमार यादव, रोहित जैन, बबलू बर्णवाल, दिलीप राणा, राहुल राणा, प्रमोद ठाकुर सहित हजारों लोग शामिल हुए।

डिवाइन पब्लिक स्कूल में झारखंड राज्य स्थापना दिवस मनाया गया

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में झारखंड राज्य स्थापना दिवस धुमधाम से मनाया गया। निदेशक आईपी भारती और प्रार्चाय भानु प्रताप सिंह द्वारा धरती आबा बिरसा मुंडा के तश्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।स्कूली छात्रों द्वारा मनमोहक झारखंड संस्कृति की झांकी प्रस्तुत की गई ।छात्रा स्वाति गुप्ता ,स्वेच्छा राय के नेतृत्व में नृत्य का प्रदर्शन किया गया। नृत्य में सम्पूर्ण झारखंडी संस्कृति की झलक दिखाई दी ।इस अवसर पर परी साहु,भूमिका कुमारी, काजल कुमारी, सिम्पी कुमारी रीता कुमारी, मनिषा कुमारी, करन कुमार, रजनीश कुमार, सागर कुमार, पुरूषोत्तम यादव, अनु कुमारी, समिक्षा पंडित, दिक्षा दानी, अंकिता कुमारी आदि समेत सभी शिक्षक उपस्थित थे।

भाजपाइयों ने मनायी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

टाटीझरिया/हजारीबाग (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रखंड इकाई टाटीझरिया ने प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद यादव के नेतृत्व में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। इस मौके पर उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा झारखंड के भगवान के रूप में जाने जाते थे। उन्हें आबा के रूप में लोग जानते थे। अंग्रेजों के खिलाफ वे उलगुलान किया और अंग्रेजों को नाकों चने चबाने को मजबूर किया। हम सब को उनके रास्ते पर चलने की जरूरत है ।इस मौके कैलासपति सिंह, रजनीकांत चौधरी, महेश अगरवाल ,उपेन्द्र पाण्डेय, शैलेश सिंह,राजू यादव,अर्जुन राणा,अजय सिंह,बोधि महतो,रोहित पटेल,अमरेश सिंह,सहदेव यादव,होपन सिंह,ज्योतिष पंडा,अनिल प्रसाद,सुरेंद्र प्रसाद,परमेश्वर यादव,कृष्णा साव,मुकेश मण्डल,जितेंद्र मण्डल समेत अन्य उपस्थित थे।

मुखिया ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कराया गृह प्रवेश

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में पुर्ण प्रधानमंत्री आवास का गृह प्रवेश कराया गया। मुखिया ने कहा कि पंचायत में योग्य लाभुक को आगे भी आवास का लाभ दिलाया जायेगा। सभी लाभुको को आवास में साफ - सफाई पर भी ध्यान देना है । लाभुक को एक लाख तीस हजार और मनरेगा के तहत 15 हजार दिया जाता है । गृह प्रवेश में मुखिया सुरेश यादव, कुमारी माधुरी,स्वास्तिका कुमारी,शिबु प्रसाद सोनी,रेखा देवी,कांती देवी,ममता देवी, सुमित्रा देवी, सांसद प्रतिनिधि कैलाशपति सिंह, महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार पाण्डेय उपमुखिया कौलेश्वर कुमार, मुकेश कुमार, राजेंद्र प्रसाद,धानेश्वर पासवन समेत लाभुक ललिता देवी समेत अन्य उपस्थित थे।

उलगुलान का सौदा मंजूर नहीं : सीपीएम

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। धरती आबा बिरसा मुंडा के 147 वें जयंती के अवसर पर बस स्टैंड स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद सीपीएम कार्यालय में उलगुलान का सौदा मंजूर नहीं विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने कहां की बिरसा मुंडा के 125 वीं जयंती के अवसर पर झारखंड राज्य का निर्माण हुआ और झारखंड राज्य के निर्माण के तत्काल बाद जो सरकार झारखंड में बनी वह बिरसा मुंडा के उलगुलान का सौदा करने लगी। जिस राज्य की स्थापना बिरसा मुंडा के नाम पर और उनके जयंती पर किया गया। उसी राज्य में आदिवासियों को बेदखल करने की कोशिश की जा रही है। आज यह जरूरी है कि बिरसा मुंडा के उलगुलान के आदर्शों को जिंदा रखते हुए जल, जमीन, जंगल के रक्षक के लिए आंदोलन को तेज करना होगा तभी हम लोग बिरसा के सपनों को साकार कर सकते हैं वरना सिर्फ बिरसा मुंडा के प्रतिमा को माला पहनाने से बिरसा के सपना साकार नहीं होगा। सेमिनार की अध्यक्षता जिला सचिव ईश्वर राम ने किया। इस अवसर पर तपेश्वर राम, विजय मिश्रा, लक्ष्मी नारायण सिंह, सुरेश दास, ननकू राम, किरण देवी, अंजू देवी, वीणा देवी, सुमित्रा देवी, सहदेव राणा सहित कई पार्टी के कार्यकताओं उपस्थित थे।

जदयू ने भगवान बिरसा को किया नमन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अर्जुन कुमार मेहता एवं महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष खुशबू कुमारी की अगुवाई में पुराना बस स्टैंड स्थित भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता राकेश ठाकुर, वरिष्ठ जदयू नेता चंद्र मोहन पटेल, जिला महासचिव प्रभु दयाल कुशवाहा, जिला सचिव भीम मेहता, राजकुमार खंडेलवाल, सुरेश ठाकुर, सुजाता सिंह, पिंकी देवी, रीना देवी आदि शामिल थे।

जीएम कॉलेज में धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गयी

इचाक (आजाद सिपाही)। जीएम इंटर महाविद्यालय इचाक में धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस मनाई गई। सर्व प्रथम भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार ने कहा की झारखंड राज्य भारत के उत्तर पूर्वी भाग में स्थित है और इसे जंगल ऑफ फॉरेस्ट या बुशलैंड भी कहा जाता है। भारतीय इतिहास में बिरसा मुंडा एक ऐसे नायक थे जिन्होंने भारत के झारखंड में अपने क्रांतिकारी चिंतन से 19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में आदिवासी समाज कि दशा और दिशा बदल कर नवीन सामाजिक और राजनीतिक युग का सूत्र पात किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रत्नेश कुमार राणा ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक दीपक प्रसाद, रियाज अहमद, अजीत हंसदा, अजय उरांव, आशीष पांडे, संगम कुमारी, गायत्री शर्मा, विनोद कुमार मेहता, राजकुमार, कृष्ण कुमार मेहता, प्रिया कुमारी, सुनीता टोप्पो, संजय प्रजापति आदि का सराहणीय योगदान रहा।

हजारीबाग में रूपेश पांडेय हत्याकांड की जांच करने पहुंची सीबीआइ और फॉरेंसिक टीम

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। राज्य के बहुचर्चित बरही थाना अंतर्गत नईटांड़ के रूपेश कुमार पांडेय हत्याकांड व उससे उपजे दुलमाहा गांव में आगजनी मामले की जांच झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर उइकने अपने हाथ ले ली है। सीबीआई हर पहलू पर जांच शुरू कर मामले के पूरी तरह से उद्भेदन करने व अहम सबूत जुटाने में लग गई है। रूपेश पांडेय के पीड़ित परिवार सहित कई गवाहों से पूछताछ का दौर जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार को दिल्ली से फॉरेंसिक विशेषज्ञ के साथ उइकका 7 सदस्यीय टीम बरही पहुंची। स दौरान घटना स्थल दुलमाहा गांव में पिछले 6 फरवरी को जहां रूपेश पांडे की हत्या हुई थी, उस स्थान का गहन छानबीन किया। बताया गया कि रूपेश पांडेय हत्याकांड मामले की जांच को उइकके इंस्पेक्टर प्रशांत यादव आईओ है। वहीं दुलमाहा में रूपेश पांडेय हत्या के बाद हुई आगजनी व तोड़फोड़ मामले की जांच को लेकर उइकइंस्पेक्टर सुनील कुमार कुशवाहा आईओ है। उक्त दोनों उइकके पदाधिकारियों के नेतृत्व में टीम मंगलवार को बरही पहुंची थी। 7 सदस्यीय टीम में तीन लोग फॉरेंसिक विशेषज्ञ शामिल थे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 16 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com

पीवीयूएन सहित कई स्थानों पर मनी भगवान बिरसा की जयंती

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू क्षेत्र में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंति धुमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पीवीयूएन में सीईओ प्रेम प्रकाश, नीरज मितल, एस के पांडा, नीरज राय व प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बीडीओ हलधर कुमार सेठी व सीओ शिवशंकर पाण्डेय सहित प्रचायत प्रतिनिधि व विभिन्न दलों के नेताओं ने भगवान बिरसा के चित्र व प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की। इसके अलावा पतरातू पंचायत सचिवालय में मुखिया गिरजेश कुमार, जयनगर में मुखिया हीरा देवी, सांकुल में मुखिया सुमन भारती, पालु में मुखिया पानो देवी, हफुआ में मुखिया सारो देवी एवं पतरातू मेन रोड में जिप सदस्य राजाराम प्रजापति ने बिरसा जयंति को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर राजाराम ने कहा कि भगवान बिरसा झारखंड की ही नहीं अपितु पुरे देश को गर्व हैं। मौके पर चितरंजन पटेल, शशि कुमार, नईम अंसारी, बालक पाण्डेय, पंकज सिंह, महानंद सिंह,, अवधेश सिंह, रंजन भगत, रवि दता सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

कंपनियो को 75% स्थानीय को रोजगार से जोड़ना ही होगा : मो.आशिक

टंडवा (आजाद सिपाही)। सुर्खियो में औधोगिक नगरी टंडवा अब विश्व के मानस पटल पर अंकित हो चुकी है।टंडवा विकास की रथ पर सवार जरूर है,लेकिन औधोगिक नगरी में दर्जनों ऑउट सोर्सिंग कंपनिया है,बावजूद विस्थापित प्रभावित परिवार रोजगार का बाट जोह रहा है।यदि सर्वे किया जाये तो मगध आम्रपाली चन्द्रगुप्त संघमित्रा एनटीपीसी के आस पास दर्जनों गाँव मुख्य रूप से विस्थापन का मार झेल रही है।कहने को तो रोजगार के नाम पर प्रबंधन द्वारा आत्म विश्वास से कह देते है सत प्रतिशत प्रभावित रैयत विस्थापित के लोग को रोजगार से जुड़े पर ऐसा नही है।आज भी सैकड़ो ऐसे परिवार है जिसका चूल्हा रैयत विस्थापित होने के बावजूद दूसरे राज्यो में जाकर मजदूरी कर आमदनी से घर चला रहे है।रोजगार के सवाल पर जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष मो आशिक ने बताया की झारखण्ड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन ने आश्वस्त किया है, स्थानीय स्तर पर कंपनी कोई भी हो 75% लोगो को रोजगार से जोड़ना ही होगा।उन्होंने यह भी आश्वस्त किया की टंडवा में तमाम कंपनियो से रोजगार से जुड़े सूचियां उपलब्ध कराने का आवदेन लिखा गया है।और प्राथमिक रूप से टंडवा में विस्थापित प्रभावित रैयतों को नौकरी मुआवजा रोजगार से जोड़ने की प्रक्रिया के लिये जेएमएम प्रतिबद्ध है।हमारी प्रयास जारी है यूनियन की ओर से एक सर्वे रिपोर्ट शीघ्र सार्वजनिक किया जायेगा।इसमें कितने विस्थापित प्रभावित स्थानीय के आधार पर रोजगार से जुड़े है।रिपोर्ट में 75% लोग नौकरी एव रोजगार से जुड़े नही मिलती है तो जेएमएम प्रखण्ड स्तर पर चरण बद्ध आंदोलन करने की बात कहि है।

जनता मजदूर संघ ने सीसीएल कार्यालय के समक्ष किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

कुजू (आजाद सिपाही)। जनता मजदूर संघ सीसीएल कुजू क्षेत्रीय कमेटी ने मंगलवार को सीसीएल जीएम कार्यालय कुजू के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव श्रीकांत ओझा व क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय अध्यक्ष उमेश प्रसाद साहू ने की। धरना प्रदर्शन के दौरान मौजूद अतिथियों ने प्रबंधन की नीतियों द्वारा किये गए वादाखिलाफी और अनियमितताओं को लेकर प्रबंधन के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। मौके पर क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो ने सीसीएल प्रबंधन से मजदूर हित में कार्य करने की सलाह देते हुए सख्त लहजे में कहा कि अगर प्रबंधन द्वारा मजदूर विरोधी कार्य किया जाएगा तो जमकर विरोध और जरूरत पड़ने पर चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा। जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी। धरना प्रदर्शन समाप्ति के बाद जीएम मुख्य द्वार पर अधिकारी संतोष कुमार को संघ के 13 सूत्री मांगों को सौंपा गया। सोफे गए मांग पत्र में कामगारों को वेतन समझौता के तहत लागू करने, बंद पड़ी कोलियरियों को जल्द चालू करने की, आदि शामिल हैं। वही, अधिकारी सन्तोष कुमार ने हर संभव सहयोग करते हुए जल्द समाधान करने का आश्वासन दिलाया। मौके पर रंजीत सिंह, रोहन महतो, ब्रह्मदेव राम, राजकुमार दास, नंदकिशोर प्रसाद, काशी करमाली, राजेश यादव, रोशन लाल महतो, सरिता मंडल, सीता देवी, अरविंद सिंह, सुमन देवी, शकुंतला देवी, हैदर अली समेत कई संघ के समर्थक मौजूद रहे।

कोयलांचल में बढ़ रहा साइबर क्राइम अपराधियों का आतंक

कुजू (आजाद सिपाही)। साइबर क्राइम अपराध कर्मियों द्वारा इन दिनों कोयलांचल में भोले भाले लोगों का आधार लिंक से लाखों रुपए गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। जिससे उपभोक्ताओं के बीच भय का माहौल बना है। बैंक उपभोक्ताओं का कहना है कि बिना किसी कारण के ही बैंक से हमारे पैसे निकाल लिए जा रहे तो हमलोगों का पैसा कहा सुरक्षित रहेगा। मामले को लेकर आरा सारूबेड़ा निवासी अरविंद किशोर चौधरी ने कुजू ओपी में आवेदन कर शिकायत दर्ज कराया है। उन्होंने कहा है कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सारूबेड़ा शाखा में मेरा बचत खाता संख्या 48691010027242 से 14 अक्टूबर से लेकर 24 अक्टूबर के बीच प्रतिदिन 9 हजार 999 रुपए कुल 1 लाख 49 हजार 985 रुपए की अवैध निकासी कर ली गयी। मोबाइल बंद होने के कारण निकासी का मैसेज नहीं देख पाया। जब मैने मोबाइल को ऑन किया तब मुझे खाते से अवैध निकासी होने की जानकारी मिली। तीन दिनों की छुट्टी के कारण 25 अक्टूबर को बैंक प्रबंधक को सूचना दिया। इधर, कुजू निवासी अरविंद कुमार व विजय साहू के खाता से भी अवैध निकासी हुई है। अरविंद कुमार के स्टेट बैंक कुजू शाखा से तीन दिनो में 10-10 हजार रुपए कर कुल 30 हजार व विजय कुमार के एसबीआई कुजू शाखा के खाता से 10 हजार रुपए साइबर अपराधियों द्वारा उड़ा लिया गया। भुक्तभोगियों ने इसकी सूचना बैंक प्रबंधन सहित कुजू पुलिस देकर छानबीन करने की गुहार लगायी है।

राज्य स्थापना दिवस पर ए ला एंगलाइज स्कूल ने निकाली प्रभात फेरी

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। एला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल भुरकुंडा द्वारा राज्य स्थापना दिवस के मौके पर मंगलवार को प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभातफेरी में शामिल विद्यार्थी झारखंडी संस्कृति व आदिवासी परिधान पहन इसे रोचक बना दिया था। इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य विजयंत कुमार द्वारा बिरसा चैक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। मौके पर उन्होंने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में आदिवासियों के योगदानों को भुलाया नहीं जा सकता। प्रभात फेरी बिरसा चैक से लेकर विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए पुनः स्कूल प्रांगण पहुंचा। इस दौरान बिरसा मुंडा अमर रहे के नारे से क्षेत्र गूजता रहा। वहीं स्कूल परिसर में विद्यालय के बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक भाषण, कविता, नारे, निबंध आदि प्रस्तुत किए गए। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा संथाली गीत पर सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक मोहनलाल बेदिया, कृष्ण कुमार, अंजू पटेल, धर्मेश कुमार सोनी, जय किशोर महतो, सूरज देव सिंह, कुमार विश्वक्सेन, सिद्धार्थ कुमार, गौरव कुमार, अनुराग कुमार, अजीत कुमार, मुजम्मिल हक, ब्रिजिट एक्का, गीता प्रसाद, पूनम सिन्हा, काजल बनर्जी, अंजलि सिन्हा, शीला बेदिया, शबाना खातून, ललिता देवी, बबीता सिंह, सरिता कुमारी, वर्षा टेटे, सीमा हेंब्रम, सोनी कुमारी, सीमा मुंडा, गीता कुमारी, वैभव कुमार, नीतू सिंह आदि का विशेष योगदान रहा।

भगवान बिरसा मुंडा एवं स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

जिला प्रशासन आम जनों के कल्याण के लिए निरंतर कर रहा है कार्य : डीसी

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं राज्य स्थापना दिवस पर मंगलवार को छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल के सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक ममता देवी, मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, डीसी माधवी मिश्रा, एसपी पीयूष पांडे, 20 सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, जिप अध्यक्ष सुधा चौधरी, नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया सहित अन्य ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

राज्य को आगे ले जाने में हम सभी को महत्वपूर्ण योगदान देना होगा: पटेल

कार्यक्रम के दौरान विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने राज्य स्थापना दिवस की सभी को शुभकामनाएं देते हुए देश की आजादी एवं झारखंड आंदोलन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभी वीर सपूतों को नमन किया।

भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता : ममता

कार्यक्रम के दौरान विधायक ममता देवी ने राज्य स्थापना दिवस की सभी को शुभकामनाएं देते हुए भगवान बिरसा मुंडा के योगदान एवं स्वतंत्रता सेनानी के रूप में उनके द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें नमन किया। मौके पर विधायक ने झारखंड राज्य की खूबसूरती एवं राज्य की विशेषता पर विशेष जोर देते हुए सभी से राज्य को आगे ले जाने की अपील की।

वीर सपूतों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की जरूरत : एसपी

कार्यक्रम के दौरान एसपी पीयूष पांडे ने सभी को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश की स्वतंत्रता में अपना योगदान देने वाले सभी वीर सपूतों को याद करने एवं उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन में आगे बढ़ने की अपील की।

कार्यक्रम को इन लोगों ने किया संबोधित

कार्यक्रम को 20 सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, अध्यक्ष नगर परिषद युगेश बेदिया ने राज्य स्थापना दिवस की सभी को शुभकामनाएं देते हुए वीर सपूतों को नमन किया। साथ ही सभी से विकास कार्यों में अपना योगदान देने की अपील की।

गांव के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना लक्ष्य : नीता

गोला (आजाद सिपाही)। सोसो कलां मुखिया नीता देवी ने मंगलवार को हेमतपुर गांव में एक सादे समारोह का आयोजन कर दर्जनो वृद्ध, असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं को पहुचांना मुख्य लक्ष्य है। गांव की सरकार को समस्याओं से अवगत कराएं। निश्चित रूप से इसका समाधान किया जाएगा। बढ़ती ठंड को दखते हुए सरकार के द्वारा कंबल दिया जा रहा है। इसके अलावे मनरेगा से सोसो कलां निवासी सुरेंद्र महतो के भूमि में डोभा एवं हेमतपुर निवासी महदरी देवी के भूमि में कूप की स्वीकृति मिली। वही किशोरी समृद्धि योजना के तहत हेमतपुर गांव निवासी प्रियंका कुमारी को पांच हजार रुपये एवं सोसो कलां गांव निवासी रूही प्रवीण को पच्चीस सौ रुपये का चेक दिया गया। मौके पर पूर्व मुखिया बजरंग कुमार महथा,पंसस बालगोविन्द महतो,अमीरुन निशा, समाजसेवी रजनीश आनन्द उर्फ गुड्डू, उपमुखिया लाइक आलम,सुनीता देवी,इंदु देवी,रेखा देवी, सविता देवी, मालती देवी, किरण देवी कैलाश करमाली,संजोती देवी,भूषण अंसारी, संजय महतो, दिलीप महथा आदि थे।

निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर कल

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ और ललिता नेत्रालय के संयुक्त तत्वधान में 18 नवंबर को निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त बातों की जानकारी मंगलवार को शहर के थाना चौक स्थित रोटरी हॉल के सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोटरी क्लब के अध्यक्ष अनिल गर्ग सचिव राहुल जैन प्रोजेक्ट चेयरमैन विजय कुमार और संजय जैन ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ का यह ड्रीम प्रोजेक्ट है, इसी के तहत 18 नवंबर को ललिता नेत्रालय में निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। क्लब के पदाधिकारियों ने जिले के लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा मोतियाबिंद मरीज शिविर का लाभ उठाएं। इस शिविर में मरीजों का उपचार डॉ खुर्शीद आसन के द्वारा किया जाएगा।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं राज्य स्थापना दिवस पर जिला ने किया माल्यार्पण

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा एवं राज्य स्थापना दिवस पर मंगलवार को छत्तरमांडू स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर डीसी माधवी मिश्रा, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता नेल्सम एयोन बागे एवं अनुमंडल पदाधिकारी मो जावेद हुसैन सहित जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों के द्वारा सरदार भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

झामुमो कार्यालय में मनी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा भुरकुंडा कार्यालय में मंगलवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इसकी शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई। साथ ही उनके बताए मार्ग पर चलने संकल्प लिया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया, मुकेश राउत, हरिलाल बेदिया, आजाद अंसारी, बीरेंद्र यादव, उदय मालाकार, दौलत सिंह, अलीम अंसारी, बिहारी बड़ाइक, जयलाल सिंह, गणेश बेदिया, नकुल सिंह, सन्नी यादव, सतीश यादव, वकील करमाली, चरकू गंजु, सत्यनारायण यादव, सीताराम बेदिया, टिंकू बेदिया, रंजीत बेसरा, मुस्ताक खान आदि मौजूद थे। इधर पटेलनगर करमाली टोला में भी भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई गई। मौके पर रतन करमाली, श्रीनाथ करमाली, पृथ्वीराज करमाली, नंदू करमाली, शशि करमाली, राजेश करमाली, विक्रम करमाली, राजू करमाली, वार्ड सदस्य रंजीता करमाली, पंचायत समिति संगीता देवी सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

खनन पदाधिकारी जिले में लगातार छापेमारी अभियान रखें जारी : डीसी

चतरा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर जिले में अलग अलग स्थानों पर बिना ई परिवहन चालान के परिचालन कर रहे वाहनों के विरुद्ध छापेमारी अभियान तेज कर दी गई है। जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास द्वारा बताया गया कि सुबह 8 बजे तक लगातार जिले में बिना ई परिवहन चालान के परिचालन कर रहे वाहनों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान के दौरान 6 कोयला लदे वाहन जिसमें में से दो वाहन मौके से फरार हो गए।पकड़े गए चार वाहन एवं फरार दो वाहनों पर भी प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। बाकी चार वाहन जिसका चालान में प्लेस ऑफ डिलीवरी ऑफ मिनरल्स गलत एड्रेस के आधार पर विस्तृत जांच हेतु सिमरिया थाना को सुपुर्द कर दिया गया। टंडवा क्षेत्र में 02 स्टोन बोल्डर लदा हुआ हाईवा को वैध कागजात नहीं दिखाए जाने पर टंडवा थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन की जांच के क्रम में एक ट्रैक्टर को भंडारण स्थल से जप्त कर पत्थलगड़ा थाना को सुपुर्द किया गया। मंगलवार सुबह जांच के क्रम में सदर थाना क्षेत्र के नगवां बायपास रोड पर 04 अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जप्त कर आवश्यक कार्रवाई हेतु सदर थाना चतरा को सुपुर्द किया गया वहीं मौके से फरार 02 अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पर भी प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही टण्डवा क्षेत्र में अवैध रूप से परिवहन कर रहे परिवहन चालक 02, चतरा सदर परिवहन चालक 04 एवं पत्थलगडा में 01 परिवहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

बलकुदरा पंचायत में मनी बिरसा मुंडा की जयंती

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। बलकुदरा पंचायत के ए गेट टुमलटोंगरी में मंगलवार को धरती आबा भगवान वीर बिरसा मुंडा की जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व पार्षद झरी मुंडा, मुखिया विजय मुंडा, समाजसेवी नंदकिशोर मुंडा, देवानंद प्रसाद ने बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर की। इस दौरान बिरसा मुंडा के वीर गाथाओं को याद करते हुए नमन किया गया। साथ ही बिरसा मुंडा के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया। मौके पर वार्ड सदस गुलचन्द मुंडा, पवन मुंडा, शंकर मुंडा, प्रकाश मंडा, मुन्ना मुंडा, बजरंग मुंडा, दिनेश मुंडा, ललित प्रसाद, रंजीत प्रसाद, अरुण प्रसाद, मनोज प्रसाद, प्रेम प्रसाद, प्रेम मुंडा, वीरेंद्र मुंडा, विनय प्रसाद, सुशील मंडा, शंकर मुंडा, दीपक कुमार पाहन, सुनील करमाली, विजय महली, सूरज बाड़ा सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

सौंदा पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

भुरकुंडा। सौंदा पब्लिक स्कूल सौंदा बस्ती में बाला दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सचिव अमित कुमार साहू ने पंड़ित जवाहर लाल नेहरू के तस्वीर पर माल्यार्ण कर व दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर जूनियर वर्ग के बच्चों के लिए बिस्कुट रेस, बलून रेस व म्यूजिकल चेयर रेस का आयोजन किया गया। वहीं सीनियर वर्ग के लिए कला, निबंध, रंगोली, मेहंदी, तीन पैरों का दौड़, मैथेमेटिक्स रेस आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक विजय पांडेय, नीरज सिन्हा, नित्यानंद, संजय, सुमन, अर्पणा, चंचला, नेहा सिन्हा, शालू, प्राची आदि का योगदान रहा।

झारखंड स्थापना एवं बिरसा मुंडा जयंती पर लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण

चतरा (आजाद सिपाही)। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में झारखण्ड स्थापना दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा के जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन कर लाभुकों के बीच परिसम्पतियों का वितरण किया गया। उपायुक्त अबु इमरान ने कार्यक्रम में आये पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, लाभुकों को स्वागत करते हुए अपने संबोधन में कहा कि 15 नवम्बर 2000 को झारखण्ड राज्य का गठन हुआ था। झारखण्ड के वीर सपूत धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान एवं संघर्ष के कारण अंग्रेजों से मुक्त हो पायें। आज हमलोग झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस की 22वीं वर्ष गांठ मना रहे है। भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान एवं संघर्षों को याद कर चतरा जिला प्रशासन निरंतर विकास की ओर प्रयासरत है। मौके पर स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत पांच लाभुकों के बीच कुल 43 हजार रुपए का चेक दिया गया। सामाजिक सुरक्षा विभाग अन्तर्गत पेंशन से संबंधित कुल पांच लाभुकों को स्वीकृति पत्र, जेएसएलपीएस अन्तर्गत दो सखी मंडल जिसमें नौ सौ दीदी जुड़ी हुई है को कैश क्रेडिट लिंकेज के तहत ग्यारह करोड़ की राशि एवं उत्पादक समूहों को कार्यशील पूंजी की राशि जिसमें दो उत्पादक समूह एवं दो स्वयं सहायता समूहों जिसमें 15 दीदी जुड़ी हुई है को पन्द्रह लाख का चेक दिया गया, पशु सखी को वितरित वैक्सीन बॉक्स के तहत जिसमें एक सौ सदस्य जुड़ी हुई है को इक्यानबे हजार चार सौ पचास रुपए का चेक, फूलो-झानों आशीर्वाद योजना अंतर्गत दो आजीविका संखी मंडल की दीदीयों को जिसमें 158 सदस्य शामिल है को पन्द्रह लाख अस्सी हजार का चेक दिया गया।

उरीमारी में भगवान बिरसा मुंडा की 147 वीं जयंती मनायी गयी

उरीमारी (आजाद सिपाही)। उरीमारी परियोजना कार्यालय समीप बिरसा चौक में मंगलवार को भगवान बिरसा मुंडा का 147 वां जयंती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बरका सयाल क्षेत्र महाप्रबंधक अजय सिंह विशिष्ट अतिथि बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिवदास, उरीमारी परियोजना पदाधिकारी पीके सिंहा, बिरसा खान प्रबंधक रामेश्वर मुंडा उपस्थित हुए। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया गया। तत्पश्चात उपस्थित लोगों ने बारी बारी से पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अजय सिंह ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा 19 वीं सदी के जननायक थे। जिन्होंने बहुत कम समय में देश की आजादी के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया।वे एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे उनके याद में पूरा भारत जनजातीय गौरव दिवस के रूप में जयंती मना रहा है। साथ ही मुख्य अतिथि ने बिरसा चौक में बिरसा मुंडा के प्रतिमा लगाने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विस्थापित नेता दसई मांझी ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के बड़े नेता थे। जिन्होंने लाखों आदिवासियों को एकजुट कर जल जंगल जमीन एवं प्राकृतिक संसाधनों को ब्रिटिश हुकूमत से बचाने के लिए लड़ाई लड़ी तथा देश की आजादी में यह हम योगदान देकर शहीद हो गए। हमें उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की जरूरत है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दसई मांझी, कार्तिक मांझी, दिनेश करमाली, रीना मांझी, सुकू मांझी, तुलसी उरांव, सुरेश मुर्मू, खेपन मांझी, नकुल प्रजापति, कृष्णा सोरेन, जितेंद्र यादव, संतोष प्रजापति,जुगल करमाली, भवानी शंकर प्रसाद, मनोज सिंह, शिकारी टुडू, परमेश्वर सोरेन, लालजी पवरिया भादो करमाली, जितेंद्र बेदिया, सतनारायण बेदिया सोलेन हांसदा, महादेव सोरेन,सुबित राम किस्कू, दिनेश मुंडा, सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने चक्रवाली जविप्र दुकान की जांच की

गोला (आजाद सिपाही)। रामगढ़ के जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुदर्शन मुर्मू ने सोमवार को चक्रवाली गांव स्थित विमल प्रसाद के जन वितरण प्रणाली दुकान की जांच की। लाभुकों के लिखित शिकायत के आधार पर घर घर जाकर उन्होंने लाभुकों से बात की। इस क्रम में लाभुकों ने बताया कि डीलर के मनमाना रवैया से हमलोग काफी परेशान है। हमेशा राशन काम बांटने के साथ गली गलौच किया जाता है। उपरखखरा से आये ग्रामीणों को समस्या सुनाते हुए अक्सर लौटा देता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि डीलर दो कांटा रखा है। जिसके माध्यम से भरी गड़बड़ी किया जा रहा है। कई बार शिकायत के बाद भी कार्रवाई नही किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि डीलर के द्वारा राशन कटौती के खिलाफ में पिछले दिनों दर्जनों लाभुक ने रामगढ़ बोकारो मार्ग चक्रवाली के समीप घंटो जाम कर दिया था। करवाई के आश्वासन के बाद जाम को हटाया गया था। इसके बाद पतरातू एमओ ने खानापूर्ति के लिए जांच पड़ताल किया। जांच पर ग्रामीणों ने सवाल खड़ा कर दिया। इसके बाद रविवार को सेकड़ो ग्रामीणों ने विरोध कर डीलर के खिलाफ एक बार फिर मोर्चा खोल दिया। इधर बताया गया कि राशन उठाव के लिए डीलर के द्वारा ड्राफ्ट लगाया गया है । ड्राफ्ट का राशन डीलर को दिया जाएगा। इसके बाद डीलर के उपर कार्रवाई तय बताया जा रहा है।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गयी

गोला (आजाद सिपाही)। भाजपा मंडल के विभिन्न बुथो पर मंगलवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई।इस दौरान उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। मौके पर कार्यकताओं ने कहा कि आज के ही दिन झारखंड राज्य अलग हुआ था। ओर पुर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई ने अलग झारखंड राज्य का निर्माण किया था। कार्यकर्ता ने कहा कि बिरसा मुंडा के बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इधर डाकबंगला परिसर में आजसू आदिवासी महासभा के प्रखंड अध्यक्ष दीपक मुंडा के नेतृत्व मे झारखंड स्थापना दिवस सह भगवान बिरसा मुंडा की जयंती गई । मौके पर महामंत्री सह उप मुखिया जितेंद्र साहु , मनोज कुमार महतो ,अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रामकुमार नायक, पिछ्ड़ी जाति मोर्चा के अध्यक्ष प्रदीप बर्मन, मुन्ना नायक, अनील कुमार, जितलाल मुंडा, बानेशवर महतो, परिषद सदस्य सरस्वती देवी पूर्व जिला परिषद सदस्य कपिलदेव मुंडा, आजसू पार्टी प्रखंड सचिव नित्यानंद महतो ,पूर्व जिला परिषद सदस्य गोविंद मुंडा, प्रखंड कोषाध्यक्ष राजेश महतो, छात्र संघ प्रखंड महासचिव विशु रजावर, उपाध्यक्ष राहुल सिंह, प्रमेश्वर बेदिया ,महेंद्र महतो, लोहा सिंह, लखी करमाली, लालटू पोद्दार, अर्जुन महतो, डिसी मुंडा, बालेश्वर मांझी, लालदेव मांझी, जयनदन मुंडा, उमेश सोनी,रामकिस्टो मुंडा अदि मौजूद थे।

दोतल्ला पंचायत में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर कंबल का हुआ वितरण

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। बुधबाजार दोतल्ला पंचायत भवन में भगवान बिरसा मुंडा की 147वीं जयंती पर मंगलवार को दर्जनों जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम ने भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण कर की। इसके बाद मनोज राम व मुखिया सत्यवंती देवी ने दर्जनो लोगों के बीच कंबल का वितरण करते हुए कहा कि हर हाल में गरीबों को ठंड से बचाया जायेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही और कंबल की व्यवस्था कर गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा जायेगा। मौके पर उप मुखिया प्रशांत कुमार, वार्ड सदस्य नीतू सिन्हा, अनिता देवी, रेणुका देवी, पुष्पा सिन्हा, दयामुनी मुर्मू, सकुंतला देवी, शहजाद हुसैन, वीणा देवी, पंचायत सेवक नरेश हज्जाम, आंगनबड़ी सेविका किरण सिंह, रंजु सिंह, मंजु देवी, प्रज्ञा केंद्र संचालक विनय कुमार, राहुल कुमार, रिंकू सिन्हा, दिनेश सिंह, हरि भैया, फेना एक्का, रंजीत मालाकार, अजय उरांव, बजरंगी, मंटू, रितेश, नागेन्द्र पंडित, अभिजीत कुमार, मनीष कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

जुबिली कॉलेज में मना जनजातीय गौरव दिवस, बिरसा मुंडा अमर रहे से गूंजा क्षेत्र

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। जुबिली कॉलेज भुरकुंडा एनएसएस एक व दो संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को भारत माता के महान सपूत व एकीकृत बिहार-झारखंड के अग्रणी क्रांतिवीर और महानायक भगवान बिरसा मुंडा जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। मौके पर प्राचार्य डॉ. आरके दास ने कहा कि बिरसा मुंडा के अधूरे सपने को पूरा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धाजंलि होगी। उन्होंने भगवान बिरसा के त्याग व बलिदान को अपने जीवन में उतारने की बात कही। इससे पूर्व कॉलेज के शिक्षक व विद्यार्थी प्राचार्य प्रो. आरके दास के नेतृत्व में बिरसा चैक स्थित भगवान बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए बिरसा मुंडा अमर रहे का नारा बुलंद किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा, प्रो. आलोक कुमार, प्रो. मनोज कुमार, डॉ. महेंद्र पांडेय, प्रो. राजेश कुमार, डॉ. पी पांडेय, डॉ. एकेएस झा, डॉ. एसएन पांडेय, डॉ. बालकृष्ण, तारा शंकर, प्रीति, सुजल, दीप, कंचन, सोनी, सबिता सहित दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थे।

दोतल्ला पंचायत में खेलो झारखंड के तहत बेहतर खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। बुध बाजार दोतल्ला पंचायत में खेलो झारखण्ड 22-23 के तहत कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा के सफल खिलाड़ियों को बाल दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया गया। पंचायत की मुखिया सत्यंवती देवी ने विद्यालय में आयोजित 50, 100, 200, 800 मीटर दौड़, गोला फेक, चक्का फेक, म्यूजिकल चेयर, बोरा रेस, बिस्कुट रेस आदि प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को खेल-कूद में भी रूचि रखनी चाहिए। खेल-कूद शारीरिक व मानकिस विकास होता है। साथ ही भविष्य में आगे बढ़ने का अवसर भी प्राप्त होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापक रवीश कुमार, शिक्षिका अनीता तिवारी, सीमा देवी, रेखा देवी, रीता कुमारी, सईदा खातून, अनुपमा कच्छप, अनीता, प्रीतम लिंडा, नेहा डुंगडुंग, वर्षा, सद्दाम हुसैन, पंकज आदि शामिल हैं।

कार्यक्रम : राज्य स्थापना दिवस धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के रूप में मना, मंत्री ने कहा

झारखंड को अग्रणी राज्य की श्रेणी में लाने हेतु सरकार निरंतर प्रयासरत है

लाभुकों के बीच मंत्री एवं उपायुक्त ने किया परिसंपत्तियों का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर भवन गढ़वा के मैदान में आयोजित कर राज्य स्थापना दिवस धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जयंती के रूप में मनाया गया। झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम संपन्न कराए गए। वहीं जिला स्तर पर भी इसका आयोजन कर जिला स्तर पर प्राप्त उपलब्धियों को बताया गया एवं परिसंपत्तियों का वितरण लाभुकों के बीच किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूबे के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार थे। उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने मंत्री श्री ठाकुर का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री श्री ठाकुर, उपायुक्त रमेश घोलप, पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा, सीआरपीएफ कमांडेंट आशीष कुमार झा, अनुमंडल पदाधिकारी, गढ़वा, रंका व नगर उंटारी, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, नगर परिषद अध्यक्ष गढ़वा पिंकी केसरी व वन प्रमंडल पदाधिकारी तथा मंचासीन अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवम दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

उपायुक्त गढ़वा रमेश घोलप ने मंच से कार्यक्रम में उपस्थित आम नागरिकों एवं लाभुकों को कार्यक्रम में आने हेतु आभार व्यक्त किया तथा मुख्य अतिथि मंत्री श्री ठाकुर का भी कार्यक्रम में शामिल होने हेतु आभार व्यक्त किया एवं मंचासीन सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन एवं निष्पादन तथा लक्ष्य प्राप्ति के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के कार्यक्रम क्रमशः 2 चरणों 12 अक्टूबर से 22 अक्टूबर एवं 1 नवंबर से 14 नवंबर तक संचालित की गई, जिसमें कुल 2 लाख 40 हजार आवेदन प्राप्त हुए। कई आवेदनों को कार्यक्रम स्थल पर ही स्वीकृत कर दिया गया जबकि शेष आवेदनों को जांच उपरांत योग्य एवं अहतार्धारी होने के उपरांत योजनाओं से आच्छादित करने का कार्य किया गया है। जिले की उपलब्धि बताते हुए उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में पिछले 1 साल से लंबित शिक्षक नियुक्ति को पूर्ण कराने की बात कही एवं मंच से ही चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र आवंटित करने की बात कही। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत स्कूली छात्राओं को मिल रहे छात्रवृत्ति की बात बताते हुए उपायुक्त श्री घोलप ने कहा कि अब राज्य की बच्चियां पैसे के अभाव में अपनी पढ़ाई अधूरी नहीं रखेंगी। सरकार ने उनके शिक्षा पर ध्यान देते हुए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की शुरूआत की है जिससे वे अपनी पढ़ाई कम से कम 12वीं तक अवश्य पूरा कर सकेंगी। कार्यक्रम के मध्य कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं, संगीत कला महाविद्यालय के छात्राओं व जेएसएलपीएस की महिलाओं द्वारा गीत संगीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया तथा लाभुकों के बीच मंत्री मिथिलेश ठाकुर एवं उपायुक्त गढ़वा रमेश घोलप तथा मंचासीन अन्य पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के द्वारा परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

मंत्री श्री ठाकुर ने अपने अभिभाषण में कार्यक्रम में उपस्थित आम नागरिकों लाभुकों एवं मंच पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया बंधुओं को झारखंड राज्य स्थापना दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा की जयंती की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज से 22 वर्ष पूर्व झारखंड राज्य अपने अस्तित्व में आया तब से लेकर आज तक लंबे संघर्ष में कई लोगों ने अपनी जान गंवायीं। उन्होंने सभी शहीदों को शत शत नमन कहा। उन्होंने कहा कि झारखंड को अग्रणी राज्य की श्रेणी में लाने हेतु वर्तमान सरकार निरंतर प्रयासरत है। सरकार द्वारा चलाए जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार जैसे कार्यक्रमों की उन्होंने सराहना की। उन्होंने बताया कि सर्वजन पेंशन योजना के तहत सरकार ने कोई निश्चित लक्ष्य नहीं रखा है जो भी इसके लिए योग्य एवं अहर्ता रखते हैं उन्हें इस पेंशन योजना से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने उनकी जवाबदेही राज्य भर में शुद्ध पेयजल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में सुधार करने की दी है जिन्हें पूर्ण करने हेतु है निरंतर प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने गढ़वा जिले में किए गए अपने विकास कार्यों के बारे में लोगों को अवगत कराया। बहुद्देश्यीय नगर भवन, नया समाहरणालय, निमार्णाधीन स्टेडियम, सड़कें एवं निर्माण होने वाले बहुप्रतीक्षित पार्क आदि के बारे में लोगों को बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार अपने 3 वर्ष से कम के कार्यकाल में भी विकास कार्यों को बखूबी किया है। उन्होंने गढ़वा जिले से मिले जनता के आशीर्वाद के कारण मंत्री पद पर विराजमान होने के लिए लोगों का आभार जताया एवं अन्य विकास कार्यों को भी करने हेतु आश्वस्त किया। जेएसएलपीएस गढ़वा के तहत कैश क्रेडिट लिंकेज के द्वारा संजू देवी एवं प्रियंका देवी को 2 करोड़ 50 लाख रुपए की राशि स्वयं सहायता समूह को प्रदान किया गया। मधु ठाकुर एवं अनीता देवी को स्वयं सहायता समूह से बने ग्राम संगठन को गठन के पश्चात उनके संचालन हेतु जरूरी उपकरणों की खरीद के लिए 24 लाख रुपए प्रदान किए गए। फूलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत विनीता देवी को आजीविका में सुधार हेतु कुल ?25 हजार का चेक प्रदान किया गया। खुशबू देवी एवं ममता देवी को 50 आजीविका पशु सखी दीदियों को आजीविका पशु सखी किट प्रदान किया गया जिसके तहत पा ले जा रहे पशुओं की देखभाल टीकाकरण रोग उपचार संबंधित गतिविधियों को किया जा सकेगा। नगर परिषद गढ़वा अंतर्गत वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी तृतीय घटक अंतर्गत सोनपुरवा किफायती आवास परियोजना गढ़वा के 82 लाभुकों को लॉटरी के माध्यम से किफायती आवास का आवंटन किया गया जिसकी कुल राशि 2 करोड़ 50 लाख रुपये है। मंच के माध्यम से मंत्री श्री ठाकुर द्वारा रुणा देवी, इनामुल एवं सुनीता कुमारी को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत किफायती आवास परियोजना से आच्छादित किया गया। कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत अनीता देवी मनोज धर दुबे आशुतोष कुमार धर दुबे आदि को डीजल पंप सेट एवं पाइप वितरण किया गया जबकि तारा आजीविका सखी मंडल एवं भगवती आजीविका सखी मंडल को मिनी ट्रैक्टर पावर टिलर रिपर एवं उसके सहायक कृषि यंत्र वितरण किए गए। झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत सावित्री कुंवर आशा देवी रिंकी देवी व अन्य कुल 10 लोगों के बीच ग्रीन राशन कार्ड की स्वीकृति प्रदान की गई। सोना सोबरन धोती साड़ी योजना अंतर्गत जैतरी देवी सोनी कुंवर चंपा कुंवर आदि कुल 7 लोगों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया। श्रम विभाग द्वारा भवन निर्माण श्रमिक सेफ्टी किट योजना के तहत सत्यनारायण सिंह राजेश्वर सिंह एवं लाल मुन्नी सिंह को ?1000 प्रति मजदूर नेफ्ट के माध्यम से लाभुक के खाते में हस्तांतरण किया गया एवं 1 जोड़ी जूता हेलमेट, किट का वितरण किया गया। असंगठित कर्मकार मृत्यु अथवा दुर्घटना सहायता योजना के अंतर्गत इजराइल अंसारी एवं सलमा बीवी को 50-50 हजार रुपये मात्र का नेफ्ट के माध्यम से उनके खाते में हस्तांतरण किया गया जिसका वितरण चेक के द्वारा मंच के माध्यम से किया गया। श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग विकास विभाग द्वारा सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त युवक एवं युवतियों को जॉब ऑफर लेटर प्रदान किया गया, जिसमें सोमरी कुमारी मालती कुमारी सोनिया कुमारी प्रीति कुमारी कमला कुमारी आदि शामिल है। इसके अतिरिक्त मंच के माध्यम से प्रतीकात्मक रूप से अन्य लोगों को भी संबंधित योजना से लाभान्वित किया गया। परिसंपत्तियों के वितरण के पश्चात माननीय मंत्री श्री ठाकुर एवं उपायुक्त श्री घोलप विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का बारी-बारी कर निरीक्षण किया गया। झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर कल्याण, समाज कल्याण, श्रम विभाग, सामाजिक सुरक्षा, आपूर्ति विभाग, कृषि मत्स्य, पशुपालन, मनरेगा स्वास्थ्य, नियोजनालय, शिक्षा, खेल, शहरी विकास, निर्वाचन, सहकारिता, राजस्व आदि के स्टाल लगाए गयें थे।

मंत्री ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पदस्थापित किये जाने वाले अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पदस्थापित किये जाने वाले अभ्यर्थियों को झारखंड शिक्षा परियोजना गढ़वा के तहत नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। मंत्री श्री ठाकुर द्वारा चयनित अभ्यर्थियों में सुकृति कुमारी, धीरज मनी लकड़ा, प्रतिभा दुबे, नैनित कच्छप, संगीता कुमारी, अनु कुमारी, ममता प्रकाश, कविता अम्मू, संगीता कुमारी, प्रियंका कुमारी, कंचन कुमारी, कुमारी जया, संगीता कुमारी, अंजना सिंह, कविता कुमारी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

खोरधारोड मंडल रेलवे अस्पताल में विश्व मधुमेह दिवस का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। खोरधारोड मंडल रेलवे अस्पताल ने मंगलवार को मधुमेह शिक्षा तक पहुंच विषय के साथ विश्व मधुमेह दिवस मनाया। इस दौरान, रेलवे अस्पताल से रेलवे स्टेशन तक डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ, मंडल रेलवे अस्पताल के कर्मचारियों और स्काउट्स एंड गाइड्स के बच्चों द्वारा, रेलवे कॉलोनियों एवं स्टेशन क्षेत्र के लोगों में मधुमेह संबंधी जागरूकता फैलाने के लिए एक रैली का आयोजन किया गया था।

आयोजन के एक भाग के रूप में रिंकेश, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड, ने सुभलक्ष्मी जेना, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, खोरधा रोड की अध्यक्षा के साथ मंडल रेलवे अस्पताल में एक मधुमेह प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस प्रदर्शनी में मधुमेह के विभिन्न कारणों और रोकथाम के विभिन्न तरीकों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी का आयोजन सेंचुरियन यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, जटनी के फामेर्सी विभाग के सहयोग से किया गया था। इस अवसर पर अशोक कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा), सभी डॉक्टर, सभी शाखा अधिकारी और इसीओआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ के सदस्य उपस्थित थे। विश्व मधुमेह दिवस का आयोजन डॉ एससी प्रधान, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस), खोरधा रोड के मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ पीके दास अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण), खोरधा रोड द्वारा किया गया।

पद्मपुर उपचुनाव के लिए बीजेडी प्रत्याशी बनीं वर्षा सिंह बरिहा

भूवनेश्वर। बीजेडी ने पद्मपुर उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। बीजेडी ने वर्षा सिंह बरिहा को पार्थी किया है। वर्षा स्वर्गत विजय रंजन सिंह बरिहा की बेटी हैं। विजय रंजन की मौत के बाद उप चुनाव हो रहा है। बीजेडी सुप्रीमो नवीन पटनायक ने कहा कि वर्षा सिंह बरिहा के नाम पर मोहर मारें। बीजेडी से प्रत्याशी बनने के बाद वर्षा सिंह बरिहा ने कहा कि मुझ पर विश्वास रखने के लिए मुख्यमंत्री का शुक्रिया। वर्षा ने बताया कि 16 नवंबर को नामांकन भरेंगे। वर्षा ने महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वे सरकारी योजना को लोगों तक पहुंचाने की कोशिश करेंगी। गौरतलब है कि 2019 में बरगढ़ जिले की पद्मपुर विधानसभा सीट से जीते थे बीजेडी विधायक विजय रंजन सिंह बरिहा। उनके निधन के बाद यह सीट खाली पड़ी थी।

भाजपा भंडरिया मंडल कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गयी

भंडरिया (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी भंडरिया मंडल कार्यालय में भगवन बिरसा मुण्डा की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की संचालन मंडल के महामंत्री बिरझू सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी ने भगवन बिरसा मुण्डा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने भगवन बिरसा मुण्डा जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। आज भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा सभी मंडलो में बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि रुप निरंजन सिन्हा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनिल केशरी, बिहारी गुप्ता, इन्द्रदेव सिंह, राजदेव सिंह, युवा मोर्चा महामंत्री रंजीत नायक, रुपेश कुमार सुमित केशरी, धनपत सिंह, रंजन गुप्ता, जगलाल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अपने उद्गार व्यक्त किए।

सगमा पंचायत सचिवालय प्रांगण में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सगमा पंचायत सचिवालय के प्रांगण में मंगलवार को 151 गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया। कंबल वितरण का शुभारंभ सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष रेयाज अंसारी, उपाध्यक्ष देवचंद्र यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य नंद गोपाल यादव, मुखिया तेज लाल भुईयां ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव ने कहा कि इन दिनों ठंड काफी बढ़ गई है। ऐसे में गरीबों को काफी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। ठंड को देखते हुए विभागीय स्तर पर गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। मुखिया तेज लाल भुईयां ने बताया प्रखंड कार्यालय से 151 कंबल जरूरतमंदों के बीच के वितरण लिए प्राप्त हुआ था। वार्ड सदस्यों के माध्यम से सूची बनवा कर जरूरतमंदों के बीच वितरण किया गया। इस अवसर पर 20 सूत्री अध्यक्ष रेयाज अंसारी, उपाध्यक्ष देवचंद्र यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य नंद गोपाल यादव आदि ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। मौके पर उपमुखिया मंगलेश यादव, रामेश्वर कुशवाहा गोरख तुरिया महेंद्र तुरिया सहित कई लोग मौजूद थे।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। श्री बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 14 में 13 लाख 67 हजार की लागत से रामचंद्र साव के घर से लीला कुंवर के घर तक बनने वाले पीसीसी पथ का शिलान्यास सोमवार को किया गया। शिलान्यास नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी, उपाध्यक्ष लता देवी एवं वार्ड पार्षद अनिल गुप्ता ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी ने कहा कि वार्ड नंबर 14 की प्रमुख समस्या को दूर करने के लिये पीसीसी पथ का शिलान्यास किया गया है। पहले बारिश के समय लोगों को चलने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। किंतु अब सड़क बन जाने से वार्ड वासियों को सड़क की समस्या से निजात मिल जायेगी। वार्ड का तेजी से विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत शत प्रतिशत लोगों को आवास का लाभ मिला है। महिला समूह को भी आत्मनिर्भर बनाने के लिये अनुदानित राशि निर्गत किया गया है, जिसका लोगों को लाभ मिल रहा है। मौके पर सीआरपी इशरत खातून, माया देवी, कमला देवी, कबूतरी देवी, चिंता देवी, उमेश प्रसाद, धनंजय चंद्रवंशी, संतोष गोस्वामी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

वर्ष 1991 में मैंने जो सपना देखा था, वह अब हो रहा है साकार : रामचंद्र चंद्रवंशी

झारखंड-बिहार को जोड़ने वाले पुल निर्माण पर विधायक ने पीएम मोदी और मंत्री नितिन गडकरी के प्रति जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह मझिआंव कांडी के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने बिहार और झारखंड को जोड़ने वाली सोन नदी पर बनने वाले पुल को लेकर पीएम मोदी और सड़क परिवहन एवं राज मार्ग मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार प्रकट किया है। अपने आवास पर आयोजित एक प्रेस कॉफ्रेंस में बोलते हुये उन्होंने कहा कि उनका वर्शों का सपना साकार हो गया। इस पुल निर्माण में सभी सांसद व विधायकों ने पुरी लगन से मेहनत किया। इसके लिये सभी साधुवाद के पात्र हैं।

इसके लिये उन्होंने स्थानीय सांसद विष्णु दयाल राम और रोहतास बिहार के सांसद छेदी पासवान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस पुल निर्माण के लिये उन्होंने वर्ष 1991 से प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि इस पुल के बन जाने से झारखंड और बिहार सहित यूपी के लोगों की प्रगाढ़ता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इस पुल का निर्माण हो जाने से उनके विधान सभा क्षेत्र के कांडी और मझिआंव प्रखंड का उत्तरोतर विकास होगा। व्यवसायिक दृष्टिकोण से भी इन प्रखंडों का विकास हो पायेगा। उन्होंने कहा कि इस पुल के निर्माण हो जाने से झारखंड के लाखों आदिवासियों को काफी सहुलियत मिलेगी। इस पुल का निर्माण हो जाने से आदिवासियों के लिये रोहतास किला पर लगने वाले वार्षिक मेला में शिरकत करने के लिये लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। झारखंड के इन आदिवासियों को इसी पुल के माध्यम से रोहतास किला जाने में आसानी होगी। जिससे लगभग 100 किलोमीटर की दूरी के समय की बचत होगी।

प्रेस वार्ता में विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के छोटे भाई सह जिला प्रतिनिधि चंद्रदीप चंद्रवंशी भी उपस्थित थे।

पेंशनर समाज कार्यालय में एसबीआइ ने लगाया शिविर

गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड पेंशनर कल्याण समाज, गढ़वा के कार्यालय में मंगलवार को भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा गढ़वा द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 20-25 पेंशनरों द्वारा अपना लाइफ सर्टिफिकेट जमा किया गया। बैंक की तरफ से उपस्थित उमाकांत मुख्य शाखा प्रबंधक, चंदन दास, बैंक पदाधिकारी के द्वारा सभी पेंशनरों का लाइफ सर्टिफिकेट लिया गया। बैंक की ओर से कार्यालय में उपस्थित सभी पेंशनरों को तोहफा दिया गया। सभी पेंशनरों का बहुत ही आसानी से लाइफ सर्टिफिकेट जमा करके पेंशनरों को प्राप्ति रसीद भी उपलब्ध करा दी गयी। केके यादव अध्यक्ष के द्वारा बैंक के मुख्य प्रबंधक एवं सहयोगी पदाधिकारी को बधाई देते हुए माल्यार्पण करके उनका स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि हमारे संगठन के अनुरोध पर आपके द्वारा जीवन प्रमाण पत्र लेने के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया, जो काफी सराहनीय कदम है। मैं अपने संगठन की ओर से आप दोनों को हार्दिक बधाई देता हूं।

पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन ने फुलवारी स्कूल में बाल दिवस मनाया गया

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन (इसीओ आरडब्ल्यू डब्ल्यूओ) द्वारा संचालित फुलवारी स्कूल में मंगलवार को बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में शामिल होकर, एउङ्गफ्हहड अध्यक्ष राधा सुनकर ने संस्था के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में बच्चों को उपहार बांटे। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

बिछूपाली-झरतरभा रेलवे लाइन संचालन के लिए तैयार

भुवनेश्वर। खुर्दा रोड-बलांगीर रेलवे लाइन परियोजना के बिछूपाली और झरतरभा के बीच 10.65 किलोमीटर ब्रॉड गेज रेलवे लाइन का निर्माण पूरा हो गया है। रेलवे सुरक्षा परिषद (सीआरएस) ने 10 नवंबर 2022 को इस नई बिछाई गई रेल लाइन का निरीक्षण किया और चालू करने के लिए अपनी सहमति दी। सीआरएस ने नयी बिछायी गयी रेल लाइन जैसे रेलवे ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम, ब्रिज वर्क आदि के सुरक्षा पहलुओं का पूरी तरह से निरीक्षण किया है और 289 किमी खुर्दा रोड-बलांगीर रेल लाइन परियोजना की 10.65 किमी लाइन के लिए फिट घोषित किया है। पूर्व तट रेलवे के वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान सीआरएस की सहायता की। उन्होंने गेज माप के साथ-साथ विभिन्न रेलवे घटकों का निरीक्षण किया है। सीआरएस ने रेलवे ट्रैक और अन्य सुरक्षा संबंधी उपकरणों के सुरक्षा पहलुओं कानिरीक्षण किया। 289 किलोमीटर में से 115.65 किलोमीटर रेल लाइन का काम शुरू कर दिया गया है। रेलवे परियोजना को जल्द पूरा करने के लिए खुर्दा रोड और बलांगीर से दोनों तरफ से लाइन का निर्माण कर रहा है।

डॉ अच्युता सामंत ने ढाका बांग्लादेश में किस के नये विदेशी परिसर का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (किस) की पहली अंतर्राष्ट्रीय प्रतिकृति का उद्घाटन ढाका बांग्लादेश में किया गया है। डैफोडिल इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (दिस) के नाम से जाने जाने वाले नये परिसर का उद्घाटन रविवार को किट किस के विश्वविद्यालय के संस्थापक और लोकसभा सांसद डॉ अच्युत सामंत ने किया। आवासीय परिसर को किस के अनुरूप बनाया गया है और इसे तकनीकी सहायता से स्थापित किया गया है। यह बांग्लादेश के सबसे बड़े विश्वविद्यालय डैफोडिल इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी (डीयू) का एक सहायक संस्था होगा।

बांग्लादेश में आदिवासी छात्रों के लिए एक परिसर स्थापित करने का विचार डीयू के संस्थापक डॉ मोहम्मद सबूर खान की किस परिसर की यात्रा के दौरान हुआ। डॉ सामंत का डीयू के साथ लंबे समय से जुड़ाव है। डॉ खान के बांग्लादेश में किस की प्रतिकृति स्थापित करने के प्रस्ताव से वे बहुत खुश हुए और उन्होंने नये परिसर को अपना समर्थन देने की प्रतिबद्धता जतायी। किस परिसर से प्रेरित होकर डॉ खान ने बांग्लादेश में गरीब बच्चों के लिए एक आवासीय विद्यालय स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की। पहले चरण में करीब 600 गरीब छात्रों को परिसर में प्रवेश दिया जायेगा और उन्हें मुफ्त शिक्षा प्रदान की जायेगी। परिसर का उद्घाटन करते हुए डॉ सामंत ने कहा कि वह बांग्लादेश के जाने-माने शिक्षाविद् डॉ खान के दिस की स्थापना के उत्साह को देख कर प्रसन्न हैं, जिसे किस के अनुरूप बनाया गया है।

इआर द्वितीय मुख्यालय को पीआरसीआइ स्वर्ण पुरस्कार

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। इआर-द्वितीय मुख्यालय को भारतीय जनसंपर्क परिषद (पीआरसीआइ) द्वारा चाइल्ड केयर के लिए सीएसआर परियोजना के सर्वोत्तम उपयोग के लिए स्वर्ण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार 12 नवंबर 2022 को कोलकाता में आयोजित पीआरसीआई ग्लोबल कम्युनिकेशन कॉन्क्लेव के दौरान प्रदान किया गया। वीरेंद्र प्रताप सिंह सीनियर मैनेजर (एचआर) ने इआर-द्वितीय मुख्यालय की ओर से संजीव कुमार प्रबंध निदेशक टाटा स्टील से पुरस्कार प्राप्त किया। यह पुरस्कार वसुधा महिला मंडल के माध्यम से सत्यभामा देवी कॉलेज / हायर सेकेंडरी स्कूल भुवनेश्वर को वसुधा महिला मंडल के माध्यम से छात्राओं और अन्य उपयोगी वस्तुओं के उपयोग के लिए जैसे सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन, सेनेटरी नैपकिन इंसीनरेटर मशीन प्रदान करने के लिए अपनी सीएसआर योजना के तहत एनटीपीसी की पहल की मान्यता में है, जो ओड़िशा राज्य में बधिर छात्रों की शिक्षा की देखभाल करने वाला एक मात्र स्कूल और कालेज है।

स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

बसिया अनुमंडल की टीम बनी विजेता

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। राज्य स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट फेज 2 का आयोजन अल्बर्ट एक्का स्टेडियम 1 में किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी अनुमंडल की टीमों से मुलाकात की एवं उनका मनोबल बढ़ाते हुए टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं दी।

जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट 2022 (फेज 2) में बसिया, गुमला तथा चैनपुर अनुमंडल की टीमों ने भाग लिया। फुटबॉल टूर्नामेंट में बसिया अनुमंडल की टीम विजेता रही। वहीं गुमला अनुमंडल दूसरे तथा चैनपुर अनुमंडल की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। उपायुक्त ने टूर्नामेंट का तीसरा चरण 14 जनवरी 2023 को आयोजन करने की घोषणा की एवं 26 जनवरी को टूर्नामेंट के विजेताओं को पुरस्कृत करने की बात कही। उक्त प्रतियोगिता में एसडीओ गुमला रवि जैन, डीसीएलआर गुमला सुषमा नीलम सोरेंग, एनडीसी, बीडीओ गुमला, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन उपस्थित रहे।

भाजपाइयों ने जयंती पर भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धा सुमन अर्पित किये

गुमला (आजाद सिपाही)। स्थापना दिवस व बिरसा मुंडा जयंती पर भारतीय जनता पार्टी गुमला ने बिरसा मुंडा एग्रो पार्क एवं पार्टी कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए नमन किया गया। पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष अनूपचंद्र अधिकारी ने श्रद्धासुमन अर्पित कर जिले वासियों को स्थापना दिवस की बधाई दी, झारखंड के जनक अटल बिहारी वाजपेई जी के सपनों का झारखंड समृद्ध होने की कामना की। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहु, वरिष्ठ नेता भूपन साहु, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मिश्रा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, गायत्री देवी, गोपाल निधि, यशवंत सिह,शैल मिश्रा, ललिता गुप्ता, विनोद कुमार लक्ष्मीकांत बड़ाईक, अनीता देवी निर्मल गोयल,बालकेश्वर सिंह,गीता मिश्रा,सुबा एलबुम तिग्गा, दिनेश सिंह समेत अनेक प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

पुलिस केंद्र में भगवान बिरसा जयंती सह राज्य स्थापना दिवस मनाया गया

गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड स्थापना दिवस तथा बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर पुलिस केन्द्र गुमला में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के नवयुवकों, नवयुवतियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा शुभकामना पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के मुर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली अर्पित किया गया। पुलिस अधीक्षक सुशांत गौरव ने कहा कि बिरसा मुंडा की वीरता का लोहा पूरा देश मानता है। उनकी वीर गाथा पढ़ कर देश के पुलिस कर्मियों - फौजियों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुमला तथा अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

आजसू ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया श्रद्धासुमन अर्पित

गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड स्थापना दिवस एवं बिरसा मुंडा की जयंती पर गुमला स्थित बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में भगवान बिरसा मुंडा के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धासुमन अर्पित किया। आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू ने कहा कि उनके प्राणों की आहुति झारखंड के लिए व्यर्थ नही जाएगी। उनके हौसले को सलाम। बिरसा मुंडा अमर रहे। जय झारखंड। जय आजसू। आदि नारे भी लगाए गए। मौके पर आजसू के केंद्रीय सचिव गोपीनाथ सिंह, केंद्रीय सदस्य दुर्गा साहु, जिला महासचिव आनंद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष दिनेश यादव, जिला सचिव गोलू श्रीवास्तव, युवा मोर्चा अध्यक्ष उत्तम साहु, छात्र संघ अध्यक्ष पंकज साहु, कार्तिक उरांव कॉलेज अध्यक्ष रिशु वैभव, संदीप साहु, शानु कुमार एवं सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बिरसा जयंती एवं राज्य स्थापना दिवस पर मिशन बदलाव ने किया फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन

कामडारा (आजाद सिपाही)। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड राज्य स्थापना दिवस के मौके पर मंगलवार को कामडारा मिशन मैदान में मिशन बदलाव टीम के संयोजक भूषण भगत के नेतृत्व पर एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कामडारा के जिप सदस्य दीपक कंडुलना व थाना प्रभारी कौशलेंद्र कुमार को आमंत्रित किया गया था। वहीं उपस्थित अतिथियों ने सबसे पहले कामडारा बस्ती स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इसके बाद खेल मैदान पर विधिवत फीता काटकर खेल का शुभारंभ कराया। उद्घाटन मैच रेड़वा पंचायत और सूरहू पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें सुरहू की टीम 2-0 से विजयी रही। इस टूर्नामेंट में प्रखंड क्षेत्र के कुल दस पंचायत की टीमें शामिल हुई हैं। मैच के उपरांत मिशन बदलाव टीम के द्वारा विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया जायेगा। उद्घाटन मौके पर उपप्रमुख शकुंतला देवी, मिशन बदलाव टीम के मारवाड़ी बिरहोर, रामबालक बड़ाईक, जितेश मिंज, विकास कुमार, रंजन कुमार सहित सभी पंचायत के मुखियागण मौजूद थे।

कार्यक्रम : स्थापना दिवस पर जिला प्रशासन ने लाभुकों के बीच 12 करोड़ की परिसंपत्तियों का किया वितरण

भगवान बिरसा ने अपने जीवन काल में सबके अधिकार एवं स्वाभिमान की लड़ाई लड़ी : डीसी

उपायुक्त ने भगवान बिरसा मुंडा के रास्ते पर चलने के लिए भी आम नागरिकों को प्रेरित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। झारखंड राज्य के 22वें स्थापना दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर नगर भवन गुमला में जिला स्तरीय आयोजन सह परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव, अध्यक्ष जिला परिषद, अध्यक्ष नगर परिषद एवं कई प्रशासनिक पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा संयुक्त रूप से परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इस दौरान कुल 12 करोड़ की परिसंपत्तियों का वितरण लाभुकों के बीच किया गया। उपायुक्त सुशांत गौरव ने अपने संबोधन में कहा कि बिरसा मुंडा की जयंती एवं राज्य स्थापना दिवस के इस शुभ अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से परिसंपत्तियों का वितरण किया जा रहा है, जिसका एकमात्र उद्देश्य जनता को उनके लिए मिलने वाली योजनाओं से लाभान्वित एवं जागरूक करना है। उपायुक्त ने भगवान बिरसा मुंडा के रास्ते में चलने हेतु भी आम नागरिकों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा अपने जीवन काल में सबके अधिकार एवं स्वाभिमान के लिए लड़े अपने पूरे जीवन काल में उन्होंने कभी शराब को हाथ नहीं लगाया और न ही अंध विश्वास के भ्रम में पड़े। उनकी याद में यदि उनके किसी एक गुण को भी हम सभी अपने अंदर ले आए तो समाज का कल्याण स्वयं ही हो जाएगा। अब जनता को लाभुक की श्रेणी से निकलने की आवश्यक है, सरकार पर आश्रित नहीं बल्कि अपने आप को काबिल बनाने में अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने में फोकस करने की आवश्यकता है। शिक्षा जीवन को बदलने की ताकत रखती है। समाज में परिवर्तन तभी आएगा जब समाज के लोग स्वयं को बदलने हेतु प्रयास करें। जिला प्रशासन हर एक बेहतर कार्य करने वाले जो हर संभव सहायता प्रदान करती है, आप आगे बढ़े जिला प्रशासन हर कदम पर आपके साथ है।

नगर भवन के कार्यक्रम से पूर्व उपायुक्त ने बिरसा मुंडा एग्रोटेक पार्क में भगवान बिरसा मुंडा के मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते हुए उनको नमन किया। परिसंपत्ति वितरण के दौरान सामाजिक सुरक्षा कोषांग अंतर्गत सांकेतिक रूप से 5 लाभुकों को पेंशन सर्वजन योजना एवं 5 लाभुकों के बीच कंबल वितरण किया गया। वहीं जिला आपूर्ति विभाग से राशन कार्ड एवं धोती साड़ी योजना से 30 लाभिकों के बीच परिसंपत्ति वितरण किया गया। जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 20 लाभुक किशोरियों, प्रधान मंत्री मातृ वंदना योजना के 10 लाभुकों तथा 4 लाभुकों के बीच यंत्र वितरण तथा स्वीकृति पत्रों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता, एसडीओ सदर रवि जैन , जिला परिषद अध्यक्ष किरण बाला , नगर परिषद अध्यक्ष, पीडी आईटीडीए इंदु गुप्ता, सिविल सर्जन राजू कच्छप , डीसी एलआर सुषमा नीलम सोरेंग, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजय कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम शमदानी के अलावा कई वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

इंटीग्रेटेड रूलर वेलफेयर सोसाइटी ने बिरसा जयंती मनायी

महासचिव अनुरंजन तिर्की ने युवाओं को राज्य को विकास की ओर ले जाने के लिए प्रेरित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर इंटीग्रेटेड रूलर वेलफेयर सोसाइटी ने बिरसा मुंडा एग्रो पार्क गुमला में स्थापित भगवान बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिसमें संस्था के अध्यक्ष सुशील कुजूर, महासचिव अनुरंजन तिर्की, सचिव प्रतिमा कुजूर, सह-कोषाध्यक्ष फिरोज आलम, कार्यकारिणी समिति सदस्य सिलास टोप्पो, संस्था के सदस्यों में शामिल विशिष्ट मोहम्मद कादिर ने माल्यार्पण कर श्रद्धा अर्पित किया। समारोह के उपरांत संस्था के अध्यक्ष सुशील कुजूर के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा से प्रेरित कार्यों का संबोधन करते हुए क्रांतिकारी स्वरूप को मद्देनजर रखते हुए सर्वप्रथम बिरसा मुंडा के जीवन परिचय से संबंधित कुछ शब्दों में संबोधन किया।

उपस्थित महासचिव अनुरंजन तिर्की द्वारा राज्य के वीर बिरसा मुंडा के क्रांतिकारी रूप को धारण करते हुए राज्य के लिए युवाओं को आगे बढ़-चढ़ के आने एवं शिक्षा के क्षेत्रों में विशेष दर्जे पर पदस्थापित होकर राज्य को विकास की ओर ले जाने के लिए प्रेरित किया।

सचिव प्रतिमा कुजूर ने विशेष रूप से महिलाओं को सशक्त होकर भगवान बिरसा मुंडा की तरह कर्मठ जुझारू बनकर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। फिरोज आलम ने भगवान बिरसा मुंडा के पद चिन्हों पर चलते हुए राज्य एवं देश को आगे ले जाने के लिए, अपने अधिकारों को जानने एवं पाने की लालसा होने के लिए अग्रसर होने को कहा।

मौके पर रुपेश बघवार, दुर्गेश उरांव, नवीन उरांव, विजय मुंडा, सहित कई लोग उपस्थित थे।

उपप्रमुख ने गरीबों के बीच किया कंबल वितरण

घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड उपप्रमुख शिवा देवी ने टांगर शिकवार गांव में असहाय गरीबों के बीच 40 कंबल का वितरण मंगलवार को किया। इस क्रम में टांगर शिकवार अखड़ा के समीप सभी को कंबल का वितरण किया। साथ ही गांव की समस्या से अवगत हुई। ग्रामीणों ने गांव की बस्ती में पीसीसी पथ की मांग की। वहीं प्रखंड उपप्रमुख शिवा देवी ने कहा कि ठंड को देखते हुए सरकार द्वारा लोगों के बीच कंबल दिया गया था। जिसका वितरण वैसे लोग जो असहाय गरीब हैं उनके बीच किया गया। मौके पर भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी, अमित ठाकुर, दीपक चौरसिया, देवी ठाकुर, अगन मुंडा, जितवा मुंडा, जानकी देवी, गहनी देवी, हुस्नी देवी, गीता देवी, बासो देवी, फूलों देवी सहित कई महिला पुरुष उपस्थित थे।

बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में कांग्रेसियों ने बिरसा मुंडा की जयंती मनायी

बिरसा मुंडा ने साहस की स्याही से पुरुषार्थ के पृष्ठों पर शौर्य की शब्दावली रची : रमेश चीनी

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा पार्क में बिरसा जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने की। इस दौरान बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। रमेश ने कहा कि आदिवासियों के महानायक बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के उलिहातू में हुआ था। भारतीय इतिहास में बिरसा मुंडा एक ऐसे नायक थे, जिन्होंने भारत के झारखंड में अपने क्रांतिकारी चिंतन से उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में आदिवासी समाज की दशा और दिशा बदलकर नवीन सामाजिक और राजनीतिक युग का सूत्रपात किया। बिरसा मुंडा ने साहस की स्याही से पुरुषार्थ के पृष्ठों पर शौर्य की शब्दावली रची। कहा कि भारतीय जमींदारों और जागीरदारों तथा ब्रिटिश शासकों के शोषण की भट्ठी में आदिवासी समाज झुलस रहा था। बिरसा मुंडा ने आदिवासियों को शोषण और यातना से मुक्ति दिलाने के लिए उन्हें तीन स्तरों पर संगठित करना आवश्यक समझा। आशिक अंसारी व मुरली मनोहर प्रसाद ने अपने विचार रखते हुए बिरसा को विलक्षण व्यक्तित्व का व्यक्ति बताया। मौके पर अकील रहमान, मुरली मनोहर प्रसाद, आशिक अंसारी, रामनिवास प्रसाद, रामेश्वरी उरांव, गुलाम सरवर, सीता देवी, अमृता भगत, अरूण गुप्ता, सबीर आलम उपस्थित थे।

कार्यक्रम : जनसंपर्क कार्यालय में 'एक शाम, भगवान बिरसा मुंडा के नाम' कार्यक्रम आयोजित

मधुकुंज कला दल ने वीर रस के गायन से ओतप्रोत किया

शहर के गणमान्य लोगों ने जिला जनसंपर्क कार्यालय की इस पहल का किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। मंगलवार को भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में 'एक शाम, भगवान बिरसा मुंडा के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वीर रस प्रधान प्रस्तुतियां दी गयीं : जिला जनसंपर्क कार्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई, तदुपरांत मधुकुंज कला दल के सदस्यों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा से जुड़े लोकगीतों का गायन, बांसुरी वादन तथा वीर रस से ओतप्रोत अन्य कई प्रस्तुतियां दी गईं।

कविता पाठ किया गया : आयोजन में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजय कुमार, माधुरी मिंज, अजय नाथ पांडे, रूपा श्री शर्मा आदि ने कविता पाठ भी किया। इस दौरान मौजूद शहर के गणमान्य लोगों ने जिला जनसंपर्क कार्यालय की इस पहल का स्वागत किया। संजय कुमार ने कहा कि भविष्य में भी प्रयास रहेगा कि सभी महापुरुषों की जयंतियों का आयोजन जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा किया जायेगा।

कार्यक्रम के दौरान एपीआरओ एलीना दास, शंकर नायक, अभिमन्यु नायक, सीमा देवी, बलबीर लोहरा, सचिन नायक, मिथुन लोहरा, समरू राम, दामोदर लोहरा,संदीप लोहरा, रीमादेवी, कैलाश नाथ, माधुरी मिंज, सुबरदानी मिंज, मुनि तिग्गा, सीता खलखो, रोपना खलखो, फिरोज खान आदि मौजूद थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

बिरसा मुंडा जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस पर प्रखंड में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

बसिया (आजाद सिपाही)। भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर प्रखंड में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिलाध्यक्ष रोशन बरवा के नेतृत्व में बसिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रोशन बरवा, सुशील होता पप्पू, प्रखंड अध्यक्ष विकास साहू, फेकू राम, अभय चौधरी, गौरी चौधरी, जेडी नायक, मंडल अध्यक्ष प्रकाश सुरीन एवं घुरन साहू, अरविंद साहू, बैधनाथ गोप, बिनीत मुंडा, जोसेफ होरो, परशुराम साहू, अलेक्जेंडर बिलुंग, रतिया इंदवार, दिव्या सुरीन, देवा साहू, प्रवीण कुमार साहू, तरुण सिंह, जय मसीह बारला समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे। जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग द्वारा भी भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर समस्त प्रखंड और जिलेवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनायें दी गयीं। इसके उपरांत एसडीओ संजय पीएम कुजूर, उपप्रमुख इंदुमती देवी, बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता, सीओ रविन्द्र पांडेय समेत प्रखंड सह अंचल कर्मियों के द्वारा भी प्रखंड परिसर स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया।

तुरिअम्बा पंचायत में 172 बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का मिला लाभ

भरनो (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत तुरिअंबा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटनकर्ता के रूप में मुख्य अतिथि सिसई विधानसभा के विधायक जिग्गा मुंडा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी तेज कुमार हस्सा व प्रखंड अंचलाधिकारी संजीव कुमार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति मुनि तिर्की मुख्य रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम में तुरिअंबा पंचायत की 172 बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ मिला। सभी की आवेदनों को ऑनलाइन जमा किया गया। कार्यक्रम में बीआरपी समीम एजाज, मिड डे मील ऑपरेटर अर्जुन केसरी, रिसोर्स शिक्षक वीरेंद्र कुमार, पंचायत अंतर्गत विद्यालय के शिक्षक, सीडीपीओ सुनीता केरकेट्टा, सुपरवाइजर कृष्णा देवी, उषा देवी, उर्मिला देवी आदि प्रखंड समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर में बिरसा मुंडा जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप मनायी गयी

बसिया (आजाद सिपाही)। विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर बसिया में मंगलवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप मनायी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. दिनेश उरांव एवं विशिष्ट अतिथि विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार उपस्थित थे। जहां कार्यक्रम की शुरुआत भगवान विरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश उरांव ने कहा कि हमें अपने कर्तव्य एवं दायित्व को समझना चाहिए अपने वीर सपूतों को सम्मान करना चाहिए। ये ही हमारी आन बान शान हैं। वहीं मौके पर पूरे प्रखंड से आये सैकड़ों पाहन पुजारों को पगड़ी एवं माला पहना कर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के भैया-बहनों ने रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत किये। मौके पर वनवासी कल्याण केंद्र से संदीप उरांव, मेधा उरांव, भुनेश्वर साहू, विनोद भगत, पिन्टू सिंह, अभय चौधरी, अमर पांडे, शंकर साहू, प्रकाश साहू, पूर्व मुखिया पुष्पा देवी, विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिमन्यु महतो, नवीन मिश्रा, गुलाब ओहदार, सुशीला सिन्हा, सीतामणी नाग, रमेश साहू, महेश्वर साहू, शारदा कुमारी पस्थित थे।

शिक्षण संस्थानों में बिरसा मुंडा की जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

घाघरा (आजाद सिपाही)। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय के अलावे कई शिक्षण संस्थानों में धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने माला पहना कर दीप प्रज्वलित किया। वहीं स्वामी विवेकानंद ज्ञान भारती स्कूल घाघरा में सामूहिक रूप से शिक्षक व विद्यार्थियों ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती व झारखंड स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया। मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ विष्णुदेव कच्छप, राजेश उरांव, राजेश पंडित, भवानी प्रसाद राय, लीलावती उरांव, तरुण वर्मा, महेंद्र एक्का, अनिता देवी, दीपिका कुमारी, रिंकी कुमारी, रजनी कुमारी, रूपा कुमारी, सावित्री देवी, पार्वती देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

चैनपुर मंडल भाजपा ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनायी

चैनपुर (आजाद सिपाही)। भाजपा चैनपुर मंडल अध्यक्ष मनोहर बड़ाईक की अध्यक्षता में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम के साथ की गई तत्पश्चात मौजूद सभी भाजपाइयों ने एक-एक कर बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमित किशोर पाण्डेय, अरविंद मौर्य, कौशल केशरी,बिनोद केशरी, रवि रंजन, विक्की साहू, स्थानीय मुखिया शोभा देवी चंद्रकिरण देवी,अर्चना देवी, नंदा चौबे, रुक्मिणी देवी,अनुराधा देवी, असरीता देवी, सहित कई लोग मौजूद थे।

इधर कुआं और उधर खाई

इडब्लूएस आरक्षण पर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद केंद्र सरकार की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। इसके बाद कई राज्यों ने आरक्षण की सीमा 50 फीसदी से अधिक करने की पहल की है और केंद्र से उसमें सहयोग मांगा है। पिछले हफ्ते झारखंड ने अपने यहां आरक्षण की सीमा 77 फीसदी कर दी। इसमें एससी-एसटी, ओबीसी और इबीसी- यानी एक्स्ट्रीम बैकवर्ड क्लास का हिस्सा 67 फीसदी है। साथ में 10 फीसदी इडब्लूएस का। हालांकि यह प्रभावी तभी होगा, जब केंद्र सरकार इसे संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करेगी। झारखंड सरकार ने केंद्र से इसकी अनुशंसा की है। इडब्लूएस पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के हफ्ते भर के अंदर कई राज्यों ने आरक्षण बढ़ाने के लिए तेजी से कदम उठाये हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी केंद्र से 50 फीसदी आरक्षण की सीमा को हटाने की मांग की है। रविवार को बिहार में सत्तारूढ़ सात-दलीय महागठबंधन के दो घटकों ने नीतीश कुमार से 23 नवंबर से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में एक कानून लाने के लिए कहा, जिसमें आरक्षण को 50 से बढ़ा कर 77 फीसदी तक किया जा सके। उधर, राजस्थान में भी ओबीसी कोटे को 21 फीसदी से बढ़ाकर 27 फीसदी करने की मांग उठी है। दरअसल इडब्लूएस पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले में भले ही आर्थिक आधार पर कमजोर वर्ग को दिये गये 10 फीसदी आरक्षण से पहले से आरक्षित वर्गों को दूर रखा गया, मगर यह बात भी साफ हो गयी कि आरक्षण की 50 फीसदी की सीमा को पार भी किया जा सकता है। राजस्थान में गुर्जर, हरियाणा में जाट, गुजरात में पाटीदार और महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग पहले भी उठती रही है और राज्य सरकारें इसके लिए कोशिश भी करती रही हैं। 2019 में इडब्लूएस आरक्षण को जब संविधान में शामिल किया गया, उसके बाद राजस्थान ने गुर्जर और चार अन्य जातियों को 5 फीसदी आरक्षण दिया तो मध्य प्रदेश ने अपना ओबीसी कोटा 14 फीसदी से बढ़ा कर 27 फीसदी कर दिया। दोनों ही मामलों में कुल आरक्षण 64 से 70 फीसदी तक बढ़ गया। वहीं जिन राज्यों में बीजेपी विपक्ष में है, वहां वह भी 50 फीसदी की सीमा को पार करने के पक्ष में ही दिख रही है, हालांकि उसका कहना है कि इस मामले में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। मगर समस्या यह है कि पहले जब राज्यों की ओर से ऐसे कदम उठाये गये तो अदालत ने उन्हें 50 फीसदी की अधिकतम आरक्षण सीमा का हवाला देते हुए नामंजूर कर दिया। अब अगर राज्य अपने नये कोटा कानूनों पर संवैधानिक संशोधन के लिए केंद्र को झारखंड जैसी ही अनुशंसा देनी शुरू करते हैं, तो सरकार के सामने कठिन स्थिति आ जायेगी। अगर सरकार इससे इंकार करती है, तो उसे राजनीतिक विरोध का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन केंद्र के लिए इन्हें मानना भी आसान नहीं होगा। ऐसे में नौकरियों और शिक्षा में मेरिट की सीटें काफी कम हो जायेंगी।

इडब्लूएस पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के हफ्ते भर के अंदर कई राज्यों ने आरक्षण बढ़ाने के लिए तेजी से कदम उठाये हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी केंद्र से 50 फीसदी आरक्षण की सीमा को हटाने की मांग की है।

अभिमत
आजाद सिपाही

पिछले एक महीने में कोई 16 ऐसी घटनाएं पाकिस्तान के सिंध इलाके में हो चुकी हैं, जिसमें नाबालिग हिंदू लड़कियों का अपहरण कर जबरन मुस्लिम से निकाह करवा कर उनका धर्म बदलवा दिया गया। 22 अक्तूबर को शेख भिरकियो कस्बे से एक दस साल की बच्ची का अपहरण किया और अस्सी साल के जमींदार मुल्ला रशीद से निकाह करवा दिया गया। जब मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने विरोध किया तो अदालत ने लड़की को जमींदार के कब्जे से छुड़ाने के आदेश तो दिये, लेकिन उसे शेल्टर होम में भेज दिया। जान लें कि वहां के शैल्टर होम जेल से भी बदतर होते हैं।

बहुत मुश्किल है पाकिस्तान में हिंदू होना

पंकज चतुर्वेदी

इसी शनिवार पांच नवंबर को सिंध के बदिन जिले के कस्बे तंतु गुलाम अली से दो हिन्दू बच्चियों -11 साल की निशा और 13 साल की हिना कोहली का अपहरण किया गया। पिछले एक महीने में कोई 16 ऐसी घटनाएं पाकिस्तान के सिंध इलाके में हो चुकी हैं, जिसमें नाबालिग हिंदू लड़कियों का अपहरण कर जबरन मुस्लिम से निकाह करवा कर उनका धर्म बदलवा दिया गया। 22 अक्तूबर को शेख भिरकियो कस्बे से एक दस साल की बच्ची का अपहरण किया और अस्सी साल के जमींदार मुल्ला रशीद से निकाह करवा दिया गया। जब मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने विरोध किया तो अदालत ने लड़की को जमींदार के कब्जे से छुड़ाने के आदेश तो दिये, लेकिन उसे शेल्टर होम में भेज दिया। जान लें कि वहां के शैल्टर होम जेल से भी बदतर होते हैं। पाकिस्तान में ऐसे मसलों में अदालत कहती है कि लड़की बालिग है या नहीं, इसके लिए उसके दस्तावेज को प्रमाणिक नहीं माना जा सकता और लड़की का मेडिकल करवाया जाता है। हिंदू लड़कियों का धर्म बदलवाने के नाम पर ईनाम देने वाले रसूखदार लोग डॉक्टर से मिल कर उसे बालिग दिखा देते हैं और फिर अदालत में लड़की की मर्जी का हवाला देकर निकाह को जायज ठहरा दिया जाता है। दीवाली पर टंडो अल्लायार कस्बे में हिंदू समुदाय को दीवाली नहीं मनाने दी गयी और उनके घरों पर गोलीबारी की गयी। उसके बाद जिला टंडो मोहम्मद खान में शांति मेघवाल नामक विवाहिता का अपहरण चार हथियारबंद लोगों ने किया और उसका धर्म बदलवा कर अपने घर में रख लिया।

सन 2021 में वहां बीस हजार हिंदुओं का धर्म परिवर्तन करवाया गया, 11 मंदिर तोड़े गये, 28 हिन्दुओं की हत्या की गयी।

हिंदू या सनातन धर्म का कम से कम तीन हजार साल पुराना अतीत सरहद पार है- मोहन जोदड़ो या हड़प्पा के रूप में और हिंगलाज और कटासराज मंदिर सहित कई प्राचीन इमारतों के रूप में। दुर्भाग्य है कि पाकिस्तान बनते समय मोहम्मद अली जिन्ना ने वहां धार्मिक आजादी की बात की थी, लेकिन अब पाकिस्तान जिन्ना के पाकिस्तान से जेहाद के पाकिस्तान में तबदील हो गया है और इसका सबसे बड़ा खमियाजा हिंदू आबादी को उठाना पड़ रहा है।

पिछले साल सर्वाधिक हिंदू जनसंख्या वाले सिंध प्रांत के हरूनाबाद जिले के मिट्ठी कस्बे में 3700 और जैकबाबाद जिले के सग्घर कस्बे के 5700 लोगों का सामूहिक धर्म परिवर्तन करवा कर वहां के मंदिरों में ताले डाल दिये गये। सन 2021 में वहां बीस हजार हिंदुओं का धर्म परिवर्तन करवाया गया, 11 मंदिर तोड़े गये, 28 हिन्दुओं की हत्या की गयी और 18 ने धार्मिक प्रताड़ना के चलते खुदकुशी कर ली। सन 2017 की जनगणना के मुताबिक पाकिस्तान की आबादी कोई 20.77 करोड़ है, जिसमें से 22 लाख के करीब हिंदू हैं। पाकिस्तान में सन 1951 में 1.60 फीसदी, 1961 में 1.45, सन 72 में 1.11, सन 1981 में 1.85 और 2017 में 1.73 प्रतिशत हिंदू आबादी का आंकड़ा है। हालांकि पाकिस्तान में हिंदू नेताओं का कहना है कि देश में कोई एक करोड़ हिंदू हैं और चूंकि अधिकांश के पास राष्ट्रीय पहचान पत्र (एनआइसी) है नहीं, सो उनकी गणना होती नहीं। देश में सबसे ज्यादा हिंदू सिंध में, कुल आबादी का 8.73 फीसदी हैं। पंजाब राज्य में 0.19, खैबर पख्तूनख्वा में 0.02, बलोचिस्तान में 0.40 और इस्लामाबाद में 0.04 प्रतिशत हिन्दू आबादी का सरकारी आंकड़ा है।

राजस्थान से सटे थारपारकर जिले में 7 लाख 14 हजार 698 हिंदू रहते हैं, तो मीरपुर खास में 5 लाख के करीब, सग्घर में 4 लाख 46 हजार हैं, तो बदिन, हैदराबाद, टंडो मोहम्मद खान और रहीम यार खान जिलों में एक से डेढ़ लाख हिंदू रहते हैं। यहां उमरकोट जिले की आबादी का 52.15 फीसदी हिंदू हैं और यहां के राजपूत शासक बड़े ताकतवर हैं। हिंदू बाहुल्य इलाकों से भी कभी हिन्दू सांसद या विधायक चुने नहीं जाते क्योंकि इस आबादी के नाम ही वोटर लिस्ट में होते नहीं या उनके वोट कोई और डालता है। पाकिस्तान में धर्म परिवर्तन विरोधी कानून बनाये जाते हैं, लेकिन कट्टरपंथी जमात के विरोध के चलते ठंडे बस्ते में चले जाते हैं। बीते साल वहां 18 साल से कम के लोगों के धर्म परिवर्तन पर पाबंदी का कानून आया लेकिन मुल्ला- मौलवियों के विरोध के चलते उसे वापस ले लिया गया। वहां धर्म परिवर्तन को सबाव अर्थात पुण्य का काम कहा जाता है और इस्लामिक कानून के तहत ऐसी पाबंदी धर्म विरोधी है कह कर गवर्नर ने कानून रद्द कर दिया था। पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग की बीते साल की रिपोर्ट बेशर्मी से स्वीकार करती है कि देश में हर साल अल्पसंख्यक समुदाय की कोई एक हजार लड़कियों का धर्म परिवर्तन करवाया जाता है और ये 12 से 25 साल उम्र की होती हैं। सन 2004 से 2018 के बीच अकेले सिंध प्रांत में 7430 हिंदू लड़कियों के अपहरण के मामले दर्ज किये गये। कहने की जरूरत नहीं कि वहां बड़ी संख्या में मामले थाना पुलिस तक जाते ही नहीं हैं।

चूंकि सिंध के बड़े जागीरदारों के यहां अधिकांश हिंदू मजदूर हैं और वह भी 3-3 पीढ़ियों से लगभग बंधुआ मजदूर की तरह, सो उनकी कोई आवाज नहीं होती। पाकिस्तान में हिंदुओं पर सबसे बड़ा खतरा वहां का ईश निंदा कानून है, जिसकी आड़ में भीड़ हिंसा में किसी को भी मार देने पर कोई खास कार्रवाई नहीं होती।

हिंदू या सनातन धर्म का कम से कम तीन हजार साल पुराना अतीत सरहद पार है- मोहन जोदड़ो या हड़प्पा के रूप में और हिंगलाज और कटासराज मंदिर सहित कई प्राचीन इमारतों के रूप में। दुर्भाग्य है कि पाकिस्तान बनते समय मोहम्मद अली जिन्ना ने वहां धार्मिक आजादी की बात की थी, लेकिन अब पाकिस्तान जिन्ना के पाकिस्तान से जेहाद के पाकिस्तान में तबदील हो गया है और इसका सबसे बड़ा खमियाजा हिंदू आबादी को उठाना पड़ रहा है।

जमशेदपुर की खबरें

नमन ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आयोजित की सम्मान यात्रा

आन-बान और शान के प्रतीक हैं वीर बलिदानी भगवान बिरसा मुंडा : काले

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। शहर की अग्रणी संस्था नमन द्वारा प्रत्येक वर्षों की भांति भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के पावन अवसर पर युवाओं को जागृत करने हेतु विशाल जागृति यात्रा निकाली गयी। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में बिरसानगर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हजारों शहरवासियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर सम्मान यात्रा को गरिमामय एवं अनुशासित तरीके से संपन्न कराने में अपनी शानदार भूमिका अदा की। काले ने कहा कि जब तक ब्रह्मांड है, तब तक ऐसे तमाम वीरों को जिन्होंने अपने देश की खातिर सब कुछ बलिदान कर दिया है, इन सभी को याद किया जाता रहेगा और कृतज्ञ राष्ट्र इनको नमन करता रहेगा। जनजातीय गौरव दिवस एवं झारखंड स्थापना दिवस की सभी को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि - बिरसा मुंडा ने प्रकृति, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी। उनके बहुमूल्य योगदान ने हमें प्रकृति और पर्यावरण से प्यार करने की सीख दी है। वे लोगों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। हम देश के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी समुदाय के योगदान के बारे में जितना अधिक जानेंगे, उतना ही इस पर गर्व महसूस करेंगे। 'हम बिरसा मुंडा को नमन करते हैं।

यात्रा को बृज भूषण सिंह, वरुण कुमार, राजेश पांडेय, कुलविंदर सिंह पन्नु, मुन्ना सिंह, शंकर राव, महेश मिश्रा, जयप्रकाश राय, रितिका श्रीवास्तव, स्वाति मित्रा, त्रीनाथ मुखी, जोगेंदर सिंह जोगी आदि ने संबोधित किया, संचालन धनुर्धर त्रिपाठी व राम केवल मिश्रा ने किया व धन्यवाद ज्ञापन जुगुन पांडेय ने किया।

इस सम्मान यात्रा में बृजभूषण सिंह, जयप्रकाश राय, शिवशंकर सिंह, निशान सिंह, जितेन्द्र चावला, पी एन पांडे, वरुण कुमार, राजेश पाण्डेय कुलविंदर सिंह पन्नू, जोगिंदर सिंह जोगी, महेंद्र सिंह, गुरुचरण सिंह बिल्ला, दमन सिंह, अमरीक सिंह, पूर्व सैनिक परिषद के विनय कुमार यादव, जितेंद्र सिंह, अवधेश कुमार, सत्य प्रकाश, सतेंद्र सिंह, पंकज शर्मा, सतवीर सिंह रोमी, रामकेवल मिश्रा, संदीप सिंह, बंटी सिंह, रीया मित्रा, कल्याणी पाठक, ममता पुष्टि, रितिका श्रीवास्तव, पल्लवी कौर,अखिलेश पांडेय, जुगुन पांडे, महेश मिश्रा, विभास मजूमदार, प्रिंस सिंह, विक्रम ठाकुर, घनश्याम भिरभरिया, दीपू कुमार, दीपक सिंह, मनीष सिंह, संतोष यादव, बिट्टू मिश्रा, सुमन कुमार, नवीन तिवारी, आशुतोष बनर्जी, शेखर मुखी, जीवन सिंहदेव, ललन पांडे, मनोज मुखी, त्रिनाथ मुखी, बिट्टू मुखी, राजू कुमार, मोहन दास, कार्तिक जुमानी, रामा राव, सूरज चौबे, सागर चौबे, सरबजीत सिंह टॉबी, सौरव चटर्जी, मनू ढोके, मनोज हलदर, शुरू पात्रों, कंचन बाग, सूरज पाल, सनोज चंद्रा, दर्शन सिंह, सतविंदर सिंह, सुखदीप सिंह, गोल्डी, अमित पाठक, लकी जयसवाल, राहुल पाल, परम, चंदन, अनुज मिश्रा, सुदेश मुखी, मुकुंद कालिंदी, रामनारायण मुंडा, राकेश मंडल, हिमांशु, काशी प्रधान, सोनू खान, मनोज रजक, इशू मुखी, दीपक महतो, शशिकांत महाराज, विकास गुप्ता,सरफराज, राजा, रवि साहू, नीतेश, धनु, वसीम, शाहनवाज, इलू मुखी, लोकनाथ, सद्दाम, निहाल, विकास, अंशु, अमन, मुस्तफा, बादशाह, डब्ल्यू,सहित हजारों युवाओं ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर दिव्यांग प्रमाण-पत्र का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला कुष्ठ निवारण कार्यालय सह एसोसिएशन ऑफ पिपुल्स अफेक्टेड बाय लेप्रोसी के नेतृत्व में दिव्यांग प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मंगलवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा जयंती एवं झारखंड स्थपना दिवस के शुभ अवसर पर बाराद्वारी देवनगर नवजीवन कुष्ठ आश्रम में दिव्यांग प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। मौके पर अतिथि के तौर पर जिला कुष्ठ कल्याण समिति के महामंत्री मो जेन्नुदीन,जिला कुष्ठ निवारण सह यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ मृत्युंजय दाबाड़िया, समाजसेवी डॉ विजय मोहन सिंह तथा जिला कुष्ठ परामर्शी डॉ राजीव लोचन महतो शामिल हुए।

अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। जिला कुष्ठ परामर्शी डॉ राजीव लोचन महतो ने बताया पूर्व सिविल सर्जन डॉ अरविंद कुमार लाल के प्रयास से कुष्ठ आश्रम में शिविर आयोजित कर कुष्ठ रोग से ग्रसित दिव्यांग मरीजों का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया गया।

डॉ मृत्युंजय दाबाड़िया ने कहा सभी को मिल कर कुष्ठ रोग तथा यक्ष्मा रोग को 2025 तक जड़ से उखाड़ फेंकना है। डॉ विजय मोहन ने भी कुष्ठ आश्रमों मे सेनिटरी पेड वेंडिंग मशीन लगाने का वादा किया। जिला कुष्ठ परामर्शी डॉ राजीव ने बताया 03 दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर सभी दिव्यांगजनो का यूडीआईडी कार्ड बना कर वितरित किया जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन संतोष सेठ ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आश्रम के मुखिया, अजीत देवरी, शीला मिथुन सोरेन, बिंदु, अंजली दत्ता, अंजली कुमारी, गोराचंद प्रमाणिक, नवजीवन कुष्ठ आश्रम के लोगों का योगदान रहा।

झारखंड में महिलाएं भी खेलकूद में करियर बना सकती हैं : महाबीर मुर्मू

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। भगवान बिरसा मुंडा जन्म दिवस एवं झारखंड स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पोटका गोवलकटा पंचायत अंतर्गत गोडग्राम मे ग्राम सभा समिति एवं सागुन वेलफेयर फंडेशन द्वारा गोडग्राम फुटबॉल मैदान में महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रुप में महावीर मुर्मू उपस्थित हुए।

महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 8 महिला टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले बहराघुटु बनाम ससंघुटू के बीच खेला गया। जिसमें प्रथम स्थान बहराघुटु टीम को मिली। जिसमे सभी विजेता टीमों को मुख्य अतिथि महावीर मुर्मू के हाथों पुरस्कार वितरण किया गया। साथ ही क्षेत्र के गोडग्राम ग्राम प्रधान, ग्वालकाटा ग्राम प्राधन, बलियागोड़ा ग्राम प्रधान एवं दस समाजसेवी को गमछा देकर सम्मानित किया गया। मौके पर महावीर मुर्मू ने खिलाड़ियों को संबधित करते हुए कहा महिला फुटबॉल प्रतियोगिता सुदूर क्षेत्र में इस तरह का आयोजन करने से आने वाले दिनों में महिला फुटबॉल खेल प्रति महिलाओं का रुझान बढ़ेगा। मौके पर सीताराम हांसदा, जगन्नाथ सोरेन, रमेश सिंह सरदार, दुर्गा प्रसाद हांसदा, हामे मार्डी, मिर्जा मार्डी,भावातोश भकत, सहदेव हेंब्रम, पप्पू उपाध्याय, रॉकी सिंह, मनोज तांती के अलावा सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

नयी पीढ़ी को शिक्षा के प्रति जागरूक करें युवा : राजकुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

पटमदा। पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित पटमदा के काश्मार गांव में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह के नेतृत में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंगलवार को भगवान बिरसा मुंडा के 147 वा जयंती के अवसर पर धरती आबा की जीवनी पर निबंध प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ो विद्यार्थी शामिल हुए। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह के हाथो सभी कक्षा के 14 विजेता छात्र छात्राओं को कॉपी, कलम व क्विज बुक देकर सम्मानित किया गया। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने निबंध प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के प्रतिभा का जमकर सराहना की। सभी बच्चों ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी को बहुत ही सुंदर भाषा में प्रस्तुत की। उन्होंने बताया निबंध प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य बच्चों के बीच देश के महापुरुषों के जीवनी पर आधारित जानकारी भरना था। वही पुरस्कृत होने वाले छात्रों में नवीन महतो, सौरभ प्रमाणिक, संचिता महतो, धनजंय महतो, सोमेन सतपति, कुलदीप रुहिदास, बिक्रम गोराई, तनिसा प्रमाणिक, मौसमी प्रमाणिक, राहुल कैवर्त, जदर मनी गोप, शांति गोप, शिवानी प्रमाणिक व राजेश रुहिदास शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह,शिक्षक आशीष तिवारी,रमेश तिवारी शामिल रहे।

58 करोड़ रुपये की लागत से होगी नंदिनी जलाशय की मरम्मत

भगवान बिरसा मुंडा का सपना हो रहा साकार : मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। डॉ रामेश्वर उरांव, मंत्री, योजना-सह-वित्त विभाग, वाणिज्यकर विभाग, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड, रांची ने कहा कि झारखण्ड विकास की राह पर दौड़ रहा है। 15 नवंबर 2000 का झारखण्ड से वर्तमान झारखण्ड में बहुत फर्क है। आज चारों ओर विकास हो रहा है। भगवान बिरसा मुण्डा का सपना साकार होता दिख रहा है। उक्त बातें माननीय मंत्री ने भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती व झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर समाहरणालय लोहरदगा के मैदान परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। माननीय मंत्री ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा ने जिन उद्देश्यों को लेकर अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी, आज उनका सपना पूरा हो रहा है। आज जनता को उनका अधिकार मिल रहा है। यह गरीबों की सरकार है, आम जनता की सरकार है। मंत्री ने कहा कि झारखण्ड राज्य में कल्याणकारी योजनाएं निरंतर चलाये जाने की जरूरत है। जब से वर्तमान राज्य सरकार का गठन हुआ है तब से गरीबों के लिए कई योजनाएं सरकार ला चुकी है। जिन किसानों को उनके उपजाये हुए धान का मूल्य नहीं मिल रहा था उन्हें अब झारखण्ड सरकार 20.50 रुपए प्रति किग्रा की दर से उनका धान खरीद रही है। धान अधिप्राप्ति केंद्र में ही धान बेचें तो यह अधिकार किसानों को मिल रहा है। जिनके पास खाने को अन्न नहीं थे, उनके लिए झारखंड सरकार ने झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत हरा राशन कार्ड की योजना लायी है। अब सभी गरीबों के पास हरा राशन कार्ड है। मंत्री ने कहा कि लोहरदगा जिला में विकास के कई कार्य होने जा रहे हैं। जल्द ही 52 करोड़ रुपए की लागत से नया समाहरणालय निर्माण का कार्य प्रारंभ होगा। इसमें स्थानीय लोगों को निर्माण कार्य में रोजगार मिलेगा। कई पद होंगे जिनमें नियुक्तियां होंगी। नंदिनी जलाशय की मरम्मति के लिए 58 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हो चुकी है। इसकी मरम्मति के बाद नये नहरों का निर्माण होगा। पुराने नहरों की मरम्मति होगी। फलस्वरूप सिंचाई कार्य में तेजी आयेगी। पानी की समस्या दूर होगी और फसल लहलहाएगा। 100 बेड का नया अस्पताल भी बनेगा। कार्यक्रम में मुख्य मंच पर उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, लोहरदगा विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, बिशुनपुर विधायक प्रतिनिधि सुखदेव उरांव, मंत्री के पुत्र रोहित उरांव, जिला परिषद सदस्यगण समेत अन्य जनप्रतिनिधि, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

परिसंपत्तियों का किया गया वितरण

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों को मिलाकर कुल 44.64 करोड़ रुपए की राशि की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत 1012 किशोरियों को स्वीकृति पत्र और दो दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल दिया गया। नदिया हिंदू उच्च विद्यालय लोहरदगा और केजीबीवी लोहरदगा को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बनाये जाने के लिए राशि का स्वीकृति पत्र। 404 किसानों के बीच बिरसा बीज विनियम एवं वितरण अंतर्गत धान, सरसों आदि का वितरण किया गया। तीन किसानों को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत चेक प्रदान किया गया। 16 लाभुकों को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना और 19 लाभुकों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का स्वीकृति पत्र दिया गया। सर्वजन पेंशन अंतर्गत 593 लाभुकों को पेंशन का स्वीकृति पत्र और 4282 लाभुकों को कंबल प्रदान किया गया। परिवहन विभाग अंतर्गत पुराने हिट एंड रन मामलों के अंतर्गत 5 और नये स्कीम के तहत 2 लाभुकों को लाभ दिया गया। मनरेगा अंतर्गत 447 लाभुकों सिंचाई तालाब, बिरसा हरित ग्राम योजना, कुआं, फील्ड बण्ड, टीसीबी, दीदी बाड़ी योजना, गाय शेड, बकरी शेड, सूकर शेड का स्वीकृति पत्र दिया गया। 140 लाभुकों के 0.274 करोड़ का चेक, 557 लाभुकों को 3.332 करोड़ रुपए का सामुदायिक निवेश निधि, 278 लाभुकों को 2.950 करोड़ रुपए का क्रेडिट लिंकेज और 05 लाभुकों को आजीविका पशु सखी किट प्रदान किया गया।

भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धासुमन अर्पित किया

लातेहार। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जयंती और झारखंड स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर मंगलवार को लातेहार आजसू कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा जयंती मनाई गई।आजसू कार्यकताओं के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। इस दौरान आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित पांडे ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वतंत्रता सेनानी झारखंड का नायक भगवान बिरसा का उलगुलान ही है जो हर दिन हर घड़ी हमें अपने अधिकारों की रक्षा करने की शक्ति देता है। देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले झारखंड के महान जननायक भगवान बिरसा मुंडा झारखंड में नई सामाजिक युग के सूत्रपात करने और आदिवासी समाज में जनचेतना जगाने का श्रेय उन्हीं को जाता है जिनको हम कोटि-कोटि नमन करते हैं। आगे उन्होंने ने महान स्वतंत्रता सेनानी तथा जल, जंगल और जमीन के लिए अपनी आवाज बुलंद करनेवाले क्रांतिकारी एवं झारखंड के वीर सपूत धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर कोटि-कोटि नमन तथा समस्त राज्यवासियों को जनजातीय गौरव दिवस की अनंत शुभकामनाएं दी । मौके पर उपाध्यक्ष श्रवण पासवान उपाध्यक्ष बिट्टू दास प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव राजेश कुमार प्रसाद दीक्षा कुमारी निशा कुमारी आरती देवी राहुल कुमार पांडे रीमा देवी सुलेखा देवी रिजवाना खातून प्रतिभा देवी चिंता देवी पूजा देवी आदि कार्यकर्ता लोग उपस्थित थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

अवैध कोयला लदे ट्रैक्टर के साथ एक गिरफ्तार

बालूमाथ। बालूमाथ थाना क्षेत्र के ओकेया ग्राम के पास बालूमाथ थाना पुलिस ने अवैध कोयला लदे एक ट्रैक्टर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इसकी जानकारी देते हुए प्रेस वार्ता में बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर बालूमाथ थाना क्षेत्र के मनसिंघा गांव निवासी मनपूरण गोप का पुत्र योगेंद्र यादव है। पुलिस ने मौके पर 2 टन अवैध कोयला लदा एक आईसर ट्रेक्टर भी जब्त किया है। छापामारी अभियान के दौरान बालूमाथ थाना क्षेत्र के अमरवाडीह पुलिस पिकेट के सहायक पुलिस अवर निरीक्षक मुख्तार अंसारी के साथ-साथ सैप के सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस संबंध में बालूमाथ थाना ने भारतीय दंड विधान की धारा 379 411 414 34 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

धूमधाम से मनायी गयी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

बालूमाथ। बालूमाथ भाजपा मंडल कार्यालय और प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती धूम धाम से मनाई गई। सर्व प्रथम भगवान बिरसा मुंडा जी के चित्र/प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके पुष्प अर्पित कर सत सत नमन करते हुए लातेहार विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रकाश राम ने उनके विचारों पे रोशनी डालते हुए कहा की उनके त्याग और बलिदान के वजह से आज झारखंड के लोगो को उनका हक मिला है। उन्हो यह भी ने कहा की बिरसा मुंडा जी ने अंग्रेजो को लोहे के चने चबाने को मंजबूर कर दिया था। उनके वार के आगे अंग्रेज सैनिक धूल खाते भाग खड़े होते थे। मौके पर पूर्व विधायक प्रकाश राम के अलावा भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा जिला कार्यसमिति संजय यादव ओबीसी जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील पांडे मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता जिला कार्यसमिति पप्पू सिन्हा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह भाजयुमो सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र प्रसाद किसान मोर्चा जितेंद्र प्रसाद अखिलेश पटाक रविंद्र गुप्ता विजय प्रसाद पिंटू नायक सरवन यादव विजय गुप्ता महावीर तुरी समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

थाना क्षेत्र के बच्चों के पठन-पाठन में नहीं आने दी जायेगी रूकावट: अख्तर अली

पेशरार/लोहरदगा। जिले के अति सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित पेशरार थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नक्सल अभियान के दौरान पेशरार थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली एंव केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 158 बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट आशिक अली के द्वारा पेशरार थाना क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में जाकर बच्चों को पठन पाठन कार्य हेतु पेन एवं केक बांटा गया। साथ ही स्कूली बच्चों को थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली एवं असिस्टेंट कमांडेंट आशिक अली के द्वारा पढ़ाई के प्रति जागरूक करने का कार्य किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली एवं असिस्टेंट कमांडेंट आशिक अली ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन क्षेत्र के गरीब असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को समय-समय पर सकारात्मक सोच के साथ सहयोग करने का कार्य करते रही है आगे भी इस तरह के पुनीत कार्य किया जाता रहेगा। इधर दोनों अधिकारियों को अपने बीच देखकर विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के चेहरे पर रौनक दिखाई दिया। वहीं पेशरार थाना प्रभारी व असिस्टेंट कमांडेंट के सराहनीय योगदान को विद्यालय परिवार और बच्चों के अभिभावकगण आभार व्यक्त किया है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहायक शिक्षक सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

चंदवा में कंबल का वितरण

चंदवा। चंदवा के सरोज नगर स्थित गर्ल्स हाई स्कूल के समीप बाबा नाम केवलम का कीर्तन आयोजन किया गया आयोजन में बाबा नाम केवलम के अनुयायियों के द्वारा यह आयोजन किया गया इस अवसर पर बाबा नाम केवलम के शिष्यों के द्वारा मेडिकल कैंप और कंबल वितरण का भी आयोजन किया गया कई गरीब असहाय लोगों ने बाबा नाम केवलम के कार्यों की सराहना भी किया सुरेश दादा ने बताया कि यह कार्यक्रम आनंद मार्गियों के द्वारा कराया गया है इस अवसर पर आचार्य अवनीद्र आनंद अवधूत जगरनाथ दादा लक्ष्मण दादा प्रदीप दादा चंदू दादा शशि नंदन दादा संजय दादा विश्वनाथ दादा अरविंद दादा विपिन तिवारी दादा के साथ बड़ी संख्या में आनंद मार्गीय के लोग मौजूद थे।

भाजपा ने मनायी बिरसा मुंडा की जयंती

मनिका(लातेहार)। मनिका प्रखंड के भाजपा मंडल कार्यालय मनिका में मंडल महामंत्री धर्मजीत राय के अध्यक्षता में,भगवान बिरसा मुंडा की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम के शुरूआती सभी कार्यकताओं ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित कुमार गोलू के द्वारा किया गया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता भरत प्रसाद, गंगा प्रसाद यादव, रघुपाल सिंह, महेश सिंह, विश्वनाथ राय, कौशल किशोर प्रसाद, पंकज यादव, शंभू प्रसाद, सुमंत यादव, संदीप उरांव,विनोद यादव, देवधारी उरांव, धीरेंद्र यादव, बिट्टू कुमार, वृंदा देवी, पचु प्रसाद, बिरजू सिंह, प्रेमनाथ यादव, हीरा सिंह, अनिल यादव, समेत कई लोग उपस्थित थे।

लोहरदगा में दर्जन भर लोगों ने थामा जेएमएम का दामन

झामुमो जिलाध्यक्ष ने माला पहना कर किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। जिला समिति के जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के नेतृत्व में जिला कार्यालय में लोहरा समाज की केंद्रीय अध्यक्ष बालमुकुंद लोहरा ने अन्य पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ झामुमो का दामन थामा जिलाध्यक्ष मुजम्मिल अहमद सभी को माला पहनाकर पार्टी में शामिल किया जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अहमद ने कहा कि भाजपा लाख कोशिश कर ले लेकिन अपने नापाक मंसूबे में कभी कामयाब होने वाली नहीं है जिस तरह से माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी झारखंड को सवारने में लगे हैं और झारखंड के विकास की गति को तेज बढ़ा रहे हैं लोग दिन-ब-दिन झामुमो में शामिल हो रहे हैं इसी को देखते हुए भाजपा के केंद्रीय नेताओं ने हेमंत सोरेन को तरह तरह के इल्जाम लगाकर बदनाम करने का काम कर रहे हैं जो कभी कामयाब नही होगा बालमुकुंद लोहरा ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता ग्रहण करते हुए कहा की बालमुकुंद लोहरा ने कहा जेएमएम के केंद्रीय अध्यक्ष परम आदरणीय दिसुम गुरु शिबू सोरेन जी के कुशल नेतृत्व एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष सह झारखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व से प्रभावित होकर आज मैं झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता ग्रहण कर रहा हूं।

आरपीएस पब्लिक स्कूल जपला में बाल उत्सव मेला का आयोजन

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। चाचा नेहरू के जन्मोत्सव के अवसर पर आरपीएस पब्लिक स्कूल जपला के प्रांगण में शानदार बाल मेले का रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य मनुज शर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बच्चों के लिए भाती-भाती के व्यंजनों एवम खेल कूद के स्टॉल लगाए गए। इस उत्सव मेले का विशेष आकर्षण रचनात्मकता का स्टॉल रहा। जिसमे बच्चों ने बढचढ कर अपनी भागीदारी निभायी साथ ही अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया।मौके पर विद्यालय के प्राचार्य मनुज शर्मा ने कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे क्रियाओं से शिष्य एवम शिक्षक के बीच का आपसी सामंजस्य मधुर होता है एवम सांसारिक क्रिया कलापो के बारे में खेलते कूदते,खाते पीते सभी छात्र-छात्राए सीखते चले जाते हैं।इस मेले में अभिभावकों ने भी बढ़चढ़ कर अपनी उपस्थिति ना केवल दर्ज करायी अपितु पूर्ण भागीदारी देकर इस कार्यक्रम को विशेष बनाया।मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मी समेत सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राए उपस्थित थे।

प्रखंड प्रमुख व मुखिया ने किया कई विकास योजनाओं का शिलान्यास

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद प्रखंड के पोलडीह पंचायत में 15वे वित्त की राशि से कई बिकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया।जिसमे पोलडीह में पोटो खेल मैदान पर चेंजिंग रूम एवम शौचालय निर्माण,बेदौलीया में रमेश चंद्रवंशी के घर से चबूतरा तक सिचाई नाली निर्माण, झरहा टोला भटौलीया में बल्केश्वर के घर के समीप चबूतरा निर्माण, ग्राम मांडर में नल जल योजना शामिल है। जिसका शिलान्यास प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी,पंचायत की मुखिया संजू देवी,उप मुखिया सपना कुमारी ,कनीय अभियंता आशीष कुमार आदि ने नारियल फोड़कर किया।मौके पर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए पंचायत प्रतिनिधियों के साथ सामंजस्य स्थापित कर बिकास कार्यो को गति दिया जा रहा है।उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार जरूरी है।मौके पर पंचायत की मुखिया संजू देवी ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर पंचायत क्षेत्र के सभी गांव में विकास कार्य को गतिशील किया जा रहा है।मौके पर अशोक यादव, रोजगार सेवक छटु पासवान,वरुन सिंह,भरत पासवान, अमरजीत कुमार,राज वर्मा,गोपाल प्रसाद समेत कई गर्मीण जनता मौजूद थे।

महुअरि पंचायत सचिवालय में राज्य स्थापना दिवस समारोह का आयोजन

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद प्रखंड के महुअरी पंचायत सचिवालय में झारखंड स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पंचायत की मुखिया सरिता कुमारी, उप मुखिया सुषमा देवी एवं वार्ड सदस्यों ने भगवान बिरसा के तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया।मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए हुए पंचायत की मुखिया सरिता कुमारी ने कहा कि अंग्रेजों के शोषण के विरुद्ध लड़ाई लड़ने वाले बिरसा मुंडा अपनी शहादत के बाद भगवान का दर्जा प्राप्त किये।हम सब उन्हें धरती आबा के नाम से पुकारते है।उनके आदर्श व विचार आज भी प्रासंगिक हैं ।मौके पर शोभा कुमारी, आशा देवी, मंजू देवी, जयमाला देवी, सरिता देवी, सोनू राम, बिंदेश्वरी मेहता ,धर्मेंद्र पासवान, राजू बैठा, जितेंद्र बैठा, मंटू सिंह ,सोनू सिंह, राकेश सिंह ,सोनू ,इंद्रजीत बैठा,अमृता कुमारी, प्रीति देवी समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

महुडंड पंचायत में पीएम आवास योजना के लाभुकों को कराया गया गृह प्रवेश

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार हुसैनाबाद प्रखंड के महुडंड पंचायत क्षेत्र में राज्य स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभुकों का गृह प्रवेश कराया गया।गृह प्रवेश पखवाड़ा कार्यक्रम का उद्घाटन उक्त पंचायत के मुखिया मिना देवी व आवास योजना के प्रखंड समन्वयक अजय कुमार सम्बंधित पंचायत के पंचायत स्वयं सेवक मसउद आलम, उपेंद्र यादव, जितेन्द्र यादव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर व नारियल फोड़कर गृह प्रवेश कराया।मौके पर पंचायत के मुखिया मिना देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना केंद्र व राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि हर गरीबो का अपना पक्का मकान हो, इस मिशन को साकार करना हम सब की प्राथमिकता है। मौके पर पंचायत के युवा समाज सेवी शिवशंकर यादव आवास योजना के लाभुक उपेंद्र विश्वकर्मा, रामचन्द्र यादव ग्रामीण मिथलेश विश्वकर्मा, अनिल यादव, मंतोष यादव, अजय यादव, विजय यादव समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

मोतियाबिंद शिविर में सभी लोगो को लाभ मिले : बच्चन ठाकुर

पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)। पांकी थाना रोड स्थित हेल्थ केयर अस्पताल में डीबीसीएस पलामू एवं जन विकास मार्ग के तत्वाधान में निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण का विधायक डां शशिभूषण मेहता के अनुपस्तिथि में उनके निजी सहायक प्रो. बच्चन ठाकुर ,चिकित्सा प्रभारी डॉ रियाज अनवर,डॉ बिनोद कुमार सांसद प्रतिनिधि सत्यप्रकाश पांडे, उर्फ चुनमुन पांडे ,विधायक प्रतिनिधि मनोज सिन्हा, बिरेन्द्र मेहता,पप्पू मिश्रा,अस्पताल संचालक शशिभूषण पासवान उर्फ गुड्डू,जयकिशोर प्रसाद ने विधिवत दीपप्रजल्लित कर एवं फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। मौके पर उपस्थित बच्चन ठाकुर ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को उच्च तकनीकी से लेंस उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे अधिक से अधिक लोगो को इसका लाभ मिल सके। सामाजिक कार्यो के लिए उन्होंने अस्पताल संचालक को धन्यवाद देते हुए सबसे पूण्य कार्य की प्रंशसा की और हमेशा समाज सेवा में तत्पर होने की बात कही। समाचार लिखे जाने तक 70 मरीजो की कुशल सर्जन एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ एके पाठक के द्वारा किया गया। मौके पर रौशन सिंह, यशवंत कुमार,कार्तिक सिंह,कृष्णा प्रसाद, पांकी मंडल महामंत्री श्यामनंदन ओझा, लक्ष्मण यादव तथा सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

सबों के सहयोग से कार्य कर पायी : महापौर

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने शाहपुर बिरसानगर जाकर बिरसा मुंडा के प्रतिमा में माला अर्पण कर बिरसानगर क्षेत्र के लोगों को 96 लाख रुपया का पीसीसी पथ उपहार स्वरूप दिया और कहा मैं आप सभी से वादा की थी कि जिस दिन बिरसा जयंती के शुभ दिन पर आई हूं और आप सभी का किया हुआ वादा पूरा करने आई हूं। इस दौरान महापौर ने एक मास्क लाइट लगाने की भी घोषणा की। महापौर ने कहा कि आप सबो का स्नेह हमेशा मुझे मिला है जिसके बदौलत मैं यह सब काम कर पाई हूं।आशा है आप सभी का प्यार मुझे भविष्य में भी मिलेगा। इस अवसर पर पार्षद विजय चंद्रवंशी ने संबोधित करते हुए कहा कि यह रोड 2 माह के अंदर बनाकर तैयार कर दिया जाएगा। समारोह में हजारों के संख्या में लोग उपस्थित थे।

महापौर ने पार्क में सुबह सभी के साथ किया योगा

मेदिनीनगर । नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर गांधी मैदान में पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग द्वारा निशुल्क शुरू की गई योगा की शुरूआत महिलाओं एवं पुरुषों के बीच योगा मैट वितरण और खुद सबों के साथ योगा करते हुए इसकी शुरूआत की। इस अवसर पर महापौर ने कहां जब मैं महापौर बनी थी तो पूरे निगम क्षेत्र में एक भी पार्क नहीं था जहां लोग सुकून की सांस ले सकते थे,बच्चे खेल सकते थे, महिलाएं टहल सकती थी, बुजुर्ग अपना समय बिता सकते थे और युवा एक्सरसाइज कर सकते थे लेकिन अब गांधी मैदान जो उद्यान का रूप लेता जा रहा वहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग स्वास्थ्य लाभ ले रहे है। महिलाएं एवं पुरुष योगा कर रहे है और युवा ओपन जिम पर एक्सरसाइज। महापौर ने कहा कि गांधी उद्यान मैं जल्द बच्चों के लिए वैभव सिंघानिया के याद में वैभव सिंघानिया स्केटिंग जॉन विंग,महात्मा गांधी के स्टेचू एवं फुआरा, नए रूप से अमेरिकन ग्रास युक्त बाग बगीचे एवं बच्चों के लिए मल्टी प्ले स्टेशन का काम 15 दिनों के अंदर शुरू करा दिया जाएगा।

हरिहरगंज वासियों को सीएचसी के उद्घाटन के साथ ही मिली अस्पताल की सौगात : विधायक

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अररुआ कला गांव के समीप मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने 30 बेड के नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन फीता काटकर किया। मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस स्वास्थ्य केंद्र के भवन के उद्घाटन के साथ इस क्षेत्र को एक बड़ी अस्पताल का सौगात मिली है।संबोधन में उन्होंने कहा कि केन्द्र को कैसे स्वक्ष रखे आपके जिमें है।डॉक्टर अपने परिवार को छोड़कर आपके सेवा में 24 घंटे समय देते हैं,उन्हें आपके सहयोग की जरुरत है, ताकि आपको बेहतर सेवा दे सके। वहीं उनका प्रयास होगा कि हरिहरगंज सीएचसी में चिकित्सक और सारे सुविधा मुहैया जल्द से जल्द हो।इस दौरान उन्होंने अपने कोटे से हरिहरगंज क्षेत्र के लिए प्रत्येक वर्ष एक करोड़ रुपये विकास के लिए खर्च करने की बात कही। वहीं ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने कॉलेज मोड़ से नये सीएचसी तक सड़क की मरम्मती होने तक पुराने भवन में ही महिलाओं को चिकित्सा व्यवस्था बनाये रखने के लिए सर्जन से कहा। मौके पर प्रभारी सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार सिंह ने कहा कि सुरुआति दौर में चिकित्सा व्यवस्था में थोड़ी दिकत होगी पर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के सरकार से मांग करेंगें।उन्होंने कहा कि समय आने पर ट्रामा सेंटर में डेवलप करेंगे। साथ ही आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंश के लिए 108 पर कॉल करने की अपील की है।डीपीएम दीपक गुप्ता, बीडीओ जयप्रकाश नारायण, सीओ बासुदेव राय, सीएचसी चिकित्सा पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह, पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, डॉ राजेश कुमार, डॉ अरविंद कुमार, विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह, बीपीएल संजय सिंह, जीप सदस्य मंजू देवी, समाजसेवी राजेश राम, राजीव रंजन, कमलेश कुमार यादव, प्रमोद रवि, विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान सहित कई स्वास्थ्य कर्मी के अलावे समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

संत मरियम स्कूल में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती धूमधाम से मनायी गयी

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। संत मरियम स्कूल नावाहाता के प्रांगण में मंगलवार को झारखंड राज्य स्थापना दिवस सह भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई । विद्यालय के चेयरमैन सह सदस्य माटी कला बोर्ड अविनाश देव ने भगवान बिरसा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम सभी का सौभाग्य है कि भगवान बिरसा ने झारखंड में जन्म लिया। भारतीय जमींदारों और जागीरदारों तथा ब्रिटिश शासकों के शोषण की भट्टी में आदिवासी समाज झुलस रहा था। बिरसा मुंडा ने आदिवासियों को शोषण की नाटकीय यातना से मुक्ति दिलाने के लिए उन्हें संगठित करना आवश्यक समझा। इन्होने कम उम्र में आदिवासी समुदायों को गोलबंद करते हुए अंग्रेजो के खिलाफ उलगुलान का प्रारम्भ करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया था। बिरसा मुंडा सही मायने में पराक्रम और सामाजिक जागरण के धरातल पर तत्कालीन युग के एकलव्य और स्वामी विवेकानंद थे। बिरसा मुंडा की गणना महान देशभक्तों में की जाती है। श्री देव ने कहा कि भगवान बिरसा ने अपने बेहतरीन कार्य के बदौलत अपना नाम इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में दर्ज करा लिया और आदिवासी समुदायों के लिए भगवान बन गए।

समृद्धि की पाठशाला में मना बाल दिवस

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। निःशुल्क चल रहे समृद्धि की पाठशाला के कचरवा शाखा और जनकपुरी शाखा में बच्चों के बीच बाल दिवस मनाया गया। चाचा नेहरू के बारे में बच्चे आज तक जो सुनते और पढ़ते आए उसे उन्होंने अपनी भावनाओं के द्वारा व्यक्त की। पाठशाला में आऐ शुभम प्रसाद,रितेश कुमार के साथ-साथ मिशन समृद्धि के सदस्य प्रो.सरिता कुमारी, प्रो.वंदना श्रीवास्तव,रंजीता,वीणा गुप्ता ने भी बच्चों के बीच आदर्श बातों को रखा।सभी सदस्य प्रेरणास्त्रोत हैं जो समाज के इन नॉनिहालों के लिए निःस्वार्थ और निः शुल्क सेवा देने में हमेशा तत्पर होते हैं। मेदिनीनगर के आदरणीय नागरिकों और आरती श्रीवास्तव जो बिहार की हैं लेकिन झारखंड में हो रहें अच्छे प्रयासों के लिए कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। उनकी अच्छी सोच को सलाम।

पलामू जिले में मनाया गया राज्य स्थापना दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में मंगलवार को राज्य स्थापना दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। इस मौके पर पलामू जिला के प्रशासनिक अधिकारियों और पदाधिकारियों ने स्टेशन रोड पर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रमंडलीय आयुक्त जटाशंकर चौधरी, डीआईजी राजकुमार लकड़ा,उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे,एसपी चंदन कुमार सिन्हा,प्रशिक्षु आईएएस श्रीकांत विसपुते आदि ने माल्यार्पण किया। वहीं उपायुक्त श्री दोड्डे ने कहा कि आज की तिथि झारखंड वासियों के लिए गौरवपूर्ण है क्योंकि आज ही के दिन भगवान बिरसा मुंडा की जयंती है और राज्य का स्थापना दिवस भी। उन्होंने कहा कि जिले की खुशहाली एवं संपूर्ण विकास के लिए सबकी सहभागिता जरूरी है। एसपी श्री सिन्हा ने कहा कि सभी लोगों को भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शो को आत्मसात करने की जरूरत है साथ ही महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने से ही समाज में बेहतर वातावरण तैयार होता है। मौके पर जिले के विभिन्न प्रशासनिक पदाधिकारी समेत विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग उपस्थित थे।

स्पोर्ट्स

इंडियन वारियर पहुंची सेमीफाइनल में, रवि उरांव बने प्लेयर ऑफ मैच

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। इंडियन आर्मी के खिलाड़ियों से सुसज्जित इंडियन वारियर की टीम पेनाल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टुनार्मेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली तीसरी टीम बन गई। इससे पूर्व हेहल व गाड़ीहोटवार सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। मंगलवार को गेतलसूद फुटबाल मैदान में खेला गया निर्धारित समय तक 0-0 की बराबरी पर था। पेनाल्टी शूटआउट में इंडियन वारियर की ओर से आरके हांसदा, पामी सोरेन, राजकुमार जारिका व मिलन मुरारी ने गोल दागा। वही आराम स्पोटस फाउंडेशन इरबा की ओर से पारस करमाली व हरि बास्की ने गोल दागा। सुनील कांगड़ा व अमर मुण्डा गोल करने में असफल रहे। इंडियन वारियर के रवि उरांव को प्लेयर आफ मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि भाजपा नेता जाकिर खान व विशिष्ट अतिथि झामुमो नेता मो. फरीद ने प्रदान किया। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र शाही मुण्डा, सीइओ जैलेन्द्र कुमार, सचिव अनिल कुमार चौधरी, प्रबंधक संतोष सिन्हा, संजय नायक, शिवदास गोस्वामी, सौरव कुमार महतो, इरफान अंसारी, प्रकाश यादव, राजेश लोहरा आदि उपस्थित थे।

बीसीसीएल और सीसीएल क्षेत्र की सभी कोलियारियों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

कोल इंडिया प्रबंधन मजदूर हितों के साथ कर रहा है छलावा : सिद्धार्थ गौतम

बस्ताकोला क्षेत्रीय कार्यालय पर धरना प्रदर्शन

बस्ताकोला क्षेत्रीय कार्यालय के समीप जमस कुंती गुट के समर्थकों ने 11वां वेतन समझौता में हो रहे विलंब तथा 13 दिन के कर्मियों का बकाया वेतन की मांग पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान नेताओं ने कहा कि प्रबंधन अपनी मनमानी कर रही है। जनता मजदूर संघ प्रबंधन के तानाशाही के खिलाफ जरूरत पड़ी तो उग्र आंदोलन करेगी। वेतन समझौता पर टालमटोल की नीति नहीं चलने दिया जायेगा। वेतन समझौता में विलंब होने के कारण कर्मियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वही समर्थकों ने विक्ट्री कोलियरी चानक तथा राजापुर परियोजना कार्यालय के समक्ष भी अलग-अलग प्रदर्शन किया। मौके पर अनिल नोनिया, रुद्र प्रताप सिंह, रंजीत सिंह, विजय कुमार, मोहम्मद रिजवी, उमेश सिंह, रामू नोनिया, जगदीश साहू, नागेंद्र सिंह, विशाल कुमार, संतोष तिवारी,संजीव चटर्जी आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। 11वां राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता को जल्द लागू करने की मांग को लेकर जनता मजदूर संघ (एच एम एस) ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। मंगलवार को बीसीसीएल व सीसीएल क्षेत्र के सभी कोलियरियो, परियोजना कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालय में संघ के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य सिद्धार्थ गौतम के निर्देश व अगुआई में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम ने कहा की कोल इंडिया प्रबंधन मजदूर हितों के साथ छलावा कर रही है। 6 बार बोर्ड की बैठक आयोजित होने के बाद भी टाल मटोल की नीति अपना रही है, जो बर्दास्त के बाहर है। प्रबंधन मजदूर हित में जल्द से जल्द वेतन समझौता 11 का निर्धारण करें अन्यथा जनता मजदूर संघ आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। धरना प्रदर्शन बीसीसीएल के लोदना, कुसुंडा, बस्ताकोला, कतरास, गोविंदपुर, ब्लॉक 2, एरिया वन, इजे एरिया, पीबी एरिया, डब्लू जे एरिया सहित अन्य एरिया के सभी कोलियारियों में किया।

11वें राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता को लेकर जनता मजदूर संघ ने फूंका बिगुल

धरती आबा के बताये मार्ग पर चलने की जरूरत : अनिल

बेरमो। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती व झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर बेरमो के गांधीनगर स्थित तीन नंबर में भगवान बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान झामुमो नेता सह अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के सपने तभी साकार होंगे जब हम जागरूक होंगे। कहा कि भगवान बिरसा ने अपने जीवन काल में ही महापुरुष का दर्जा पाया। आजादी की लड़ाई में उनकी भूमिकाओं को कभी भुलाया नहीं जा सकता। अंग्रेजों से लगान माफी के लिए उन्होंने उग्र आंदोलन किये। जिस कारण अंग्रेजों ने उन्हें गिरफ्तार कर हजारीबाग कारागार में डाल दिया। झारखंड की सभ्यता संस्कृति को बचाने के लिए उनके बताए मार्गो पर चलने की जरूरत है। मौके पर बेरमो प्रखंड अध्यक्ष संतोष महतो, नवाज खान, रामेश्वर महतो, एमडी कादिर बबलू अंसारी, शशि, विजय कुमार, भीम महतो, बंटी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनायी

बोकारो। झारखंड की अस्मिता के संघर्ष के प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर को बोकारो स्टील के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) संजय कुमार, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) अमिताभ श्रीवास्तव, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) चितरंजन महापात्रा, अधिशासी निदेशक (झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस)जे दास गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने नया मोड़ पर स्थापित भगवान बिरसा की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए. इस अवसर पर निदेशक प्रभारी ने कहा कि वीर बिरसा मुंडा की जीवनी और उनके आदर्श हमें चुनौतियों का सामना करने और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेणना देता रहेगा। उन्होंने सभी को बिरसा जयंती और झारखंड स्थापना दिवस की बधाई भी दी।

झाकोमयू स्वांग शाखा का हुआ पुनर्गठन

गोमिया। झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन स्वांग शाखा की बैठक मंगलवार को पलिहारी गुरुडीह निवासी झामुमो नेता अमित पासवान के आवासीय कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के कथारा क्षेत्रीय सचिव नागेश्वर करमाली ने किया। इस बैठक में झाकोमयू स्वांग शाखा का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष भोला यादव, सचिव के पद पर झामुमो नेता अमित पासवान, कोषाध्यक्ष गुरुपद राय मनोनित हुए।इस दौरान यूनियन को सशक्त व मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की गई। मौके पर झाकोमयू के नवमनोनित सचिव अमित पासवान ने कहा कि संगठन को ओर अधिक मजबूत बनाने का प्रयास किया जायेगा। मजदूरों की समस्याओं का तत्परता के साथ समाधान कराया जाएगा। उन्होंने गोमिया के पूर्व विधायक सह राज्य समन्वय समिति सदस्य व झाकोमयू के केंद्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद को आभार प्रकट किया। वहीं यूनियन के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त कर अमित पासवान को शुभकामनाएं दी। बैठक में मुख्य रूप से मुमताज आलम, धनंजय सिंह, बालेश्वर महतो, ओम प्रकाश राय, मो.असलम, राजू राम, अनिल कसेरा, कुंदन भुइंया आदि लोग मौजूद थे।

37वें नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में आशा किरण बारला ने लहराया परचम

गोमिया। असम के गुवाहाटी में आयोजित 37वें नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन मंगलवार को आशा किरण बारला ने अंडर 20 गर्ल्स इवेंट में 800 मीटर की दौड़ में गोल्ड मेडल हासिल किया है। झारखंड के स्थापना दिवस पर आशा किरण बारला ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर राज्य की जनता को गौरवान्वित किया है। 11 से 15 नवंबर तक चले चैंपियनशिप के अंतिम दिन आशा ने उम्दा प्रदर्शन किया है। आशा ने 2:8.85 मिनट का समय लेते हुए मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली, केरल, मणिपुर और हरियाणा के एथलीटों को पछाड़ते हुए सोने का तमगा हासिल किया। आशा किरण, बोकारो थर्मल स्थित भाटिया एथलेटिक्स एकेडमी की प्रशिक्षु खिलाड़ी है। एकेडमी के आंशु भाटिया ने बताया कि आशा किरण बारला लगातार उड़नपरी की तरह दौड़ रही है। उसने राज्य के साथ-साथ बोकारो जिला का भी नाम उज्जवल किया है। झारखंड से चार एथलीट इस चैंपियनशिप में भाग लिया है। इससे पहले एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में आशा ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता था। वहीं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने आशा किरण की इस उपलब्धि पर कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर यह गौरव का क्षण है। उन्होंने आशा और उसके कोच आशु भाटिया को बधाई दी है।

धनबाद में मनायी गयी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

सभी पदाधिकारियों ने किया भगवान बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। भगवान बिरसा मुंडा की 147वीं जयंती तथा झारखंड राज्य के 22वें स्थापना दिवस के अवसर पर बैंक मोड़ स्थित बिरसा मुंडा चौक पर स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने धरती आबा के चरणों में पुष्पांजलि देकर तथा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद उपायुक्त ने समस्त जिले वासियों को झारखंड राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि भारतीय इतिहास में भगवान बिरसा मुंडा एक ऐसे नायक थे जिन्होंने अपने क्रांतिकारी चिंतन से उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में आदिवासी समाज की दशा और दिशा बदलकर नवीन सामाजिक और राजनीतिक युग का सूत्रपात किया। इस अवसर पर डीडीसी शशि प्रकाश सिंह, अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, ग्रामीण एसपी रेष्मा रमेशन, एसडीओ प्रेम कुमार तिवारी, नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार, डीपीओ महेश भगत, कार्यपालक दंडाधिकारी सुशांत मुखर्जी, अमर प्रसाद, अंशु पांडेय, शहीद बिरसा मुंडा स्मारक स्मृति संचालन समिति के संयोजक महादेव हांसदा, जेपी वालिया समेत बड़ी संख्या में लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा के चरणों में पुष्पांजलि और उनकी प्रतिभा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। बैंक मोड़ के बाद पुलिस हाउस में स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर उपायुक्त, एसएसपी सहित अन्य पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

जीएम कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर अधिकारियों ने किया नमन

आजाद सिपाही संवाददाता

करगली(बेरमो)। सीसीएल ढोरी क्षेत्र के जीएम ऑफिस कार्यालय में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का जयंती मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रक्षेत्र के एसओपी प्रतुल कुमार ने किया। जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण किया। साथ ही ढोरी क्षेत्रवासियों को बधाई दिया। जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने भगवान बिरसा मुंड़ा के अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प का संदेश तमाम लोगों को दिया। इसके अलावा सीसीएल ढोरी क्षेत्र में पर्यावरण दिवस पर चित्रांकन और भाषण प्रतियोगिता के स्कूल के विजेता बच्चों को उपहार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम चपरी रेस्ट हाउस में समारोह आयोजित कर सीसीएल ढोरी क्षेत्र के जीएम मनोज कुमार अग्रवाल के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रक्षेत्र के पर्यावरण पदाधिकारी गौरव कुमार ने किया। जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा हमलोगों को पर्यावरण को सुरक्षित रखने का प्रयास करना चाहिए। साथ ही सीसीएल ढोरी के रीजनल स्टोर मकोली, तारमी, तुरियो, अलारगो, चपरी, गुंजरडीह आदि स्थानों में क्षेत्रीय सीएसआर पदाधिकारी शैलेश कुमार और पर्यावरण पदाधिकारी गौरव कुमार ने एनसीआरएपी के तहत डस्टबिन का वितरण किया। संचालन एसओपी प्रतुल कुमार ने किया। इस मौके पर सीसीएल ढोरी के जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि सीसीएल ढोरी क्षेत्र के द्वारा कोलियरी के आसपास ग्रामीण इलाकों में गन्दगी मुक्त बनाने की दिशा में लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। इसी दिशा में पंचायतों और विद्यालयों में लाल, पीला, काला तथा ब्लू डस्टबिन का वितरण किया गया है। कहा कि ढोरी क्षेत्र के कोलियरी के आसपास पंचायत भवन, विद्यालय, सामुदायिक भवन, विवाह मंडप आदि जगह पर डस्टबिन पहुंचाए जा रहे है। गन्दगी से मुक्त बनाने की पहल होनी जरूरी है।

खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

चतरोचट्टी। गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी क्षेत्र मे स्थित उत्क्रमित +2 उच्च विधालय चतरोचट्टी मे बाल दिवस के मौके पर खेलो झारखंड के तहत पर खेलकूद की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं विधालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक दीपक बाबू ने सर्वप्रथम बाल दिवस के मौके पर पं. जवाहरलाल नेहरु की प्रतिमा को पुष्पांजलि देकर उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुये कहा कि चाचा नेहरु एक आदर्श व्यक्ति थे।उन्होने देश को पूर्ण रुप से स्वतंत्र करने में अहम योगदान दिया।वे हमेशा अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेकर भारत को आजाद कराया और स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बनें। चाचा नेहरु बच्चो के प्रति प्रेरणादायक होने के उपलक्ष्य में अपना जन्मदिवस बच्चों को सौप दिया, तब से हम बाल दिवस के रुप में मनाते आ रहे है। वहीं विधालय के प्रशिक्षित शारिरीक शिक्षा के शिक्षक मनोज कुमार ने बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के प्रधान सचिव के पत्रांक सं.2759 दिनांक 28-10-2022 एंव राज्य शिक्षा परियोजना कार्यालय के पत्रांक 2724 दिनांक 19-10-2022 के निदेर्शानुसार एंव झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद,रांची द्वारा समग्र शिक्षा के अंतर्गत जिले के सभी कोटी के सरकारी एंव सरकारी सहायता प्राप्त विधालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को विधालय स्तर पर खेलो झारखंड 2022-23 के तहत पर आयोजित किया गया। जिसमे प्रतिस्पर्धा एथेलेटिस दौड, लंबी कूद, उंची कुद, जलेबी दौड,स्पून दौड़, बोरा दौड़, जैबलीन दौड, गोला फेंक फुटबॉल, कबड्डी, हॉकी आदि खेल प्रतियोगिता का आयोजित किया गया। इन प्रतिभागियों में से प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को चयनित कर 18-19 नवबंर को प्रखंड स्तर पर खेला जायेगा।

भेलाटांड में रंगारंग कार्यक्रम के बीच रोड रेस प्रतियोगिता का आयोजन

कतरास। भेलाटांड़ दुर्गा मंदिर फुटबॉल मैदान मे मंगलवार को रंगारंग कार्यक्रम के बीच रोड रेस चैपियनशीप का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता मे बालक वर्ग से जीटीपीएस के अरूण राय तथा बालिका वर्ग से बलियापुर की डॉली कुमारी विजेता बनकर खिताब को अपने नाम कर लिया। जबकि अन्य में बालक वर्ग से विकास कुमार महतो, कन्हाई प्रमाणिक, विजय राय, सौरव कुमार, जानकी साह, पंकज महतो, विरेंद्र कुमार, सुधीर महतो, परिक्षित महतो, बालिका वर्ग से अनिता दास,किरण कुमारी, अंजली कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, रोमा महतो, परमीला कुमारी, प्रिया, प्रियंका वर्णवाल, गंगा कुमारी ने प्रथम दस स्थान प्राप्त किया। इस? दौरान स्थानीय आदिवासी बच्चियों द्वारा मनमोहक आदिवासी नृत्य प्रस्तुतकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। प्रतियोगिता का उदघाटन बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने फीता काटकर किया। जबकि बिजेता प्रतिभागियो को विधायक की पत्नी सावित्री देवी, टाटा स्टील फाउंडेशन के विपीन चौधरी, पूर्व जिप सदस्य जितेश रजवार, विधायक प्रतिनिधि सोनु श्रीवास्तव, केएफसी के संस्थापक विमल टुडू, निजी स्कूल एसोसिएशन के जिला सचिव सुकांतो भट्टाचार्य, जीटीपीएस के संचालक रंजीत दसौंधी ने मेडल तथा अन्य पुरुष्कार भेटकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग के 10 किमी में 54 तथा बालिका वर्ग 5 किमी में 27 धावक झारखंड बंगाल के शामिल थे।

अज्ञात पिकअप वैन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, हुई मौत

राजगंज। राजगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत राजगंज - कतरास मुख्य मार्ग स्थित धावाचिता अंडर पास के समीप गलत दिशा में तेज गति से आ रही अज्ञात पिकअप वैन ने बाइक सवार को जबरदस्त टक्कर मार दिया। जिसमें बाइक सवार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक की पहचान अशोक महतो के रूप में हुई है जो तेतुलमारी थाना क्षेत्र के नायकडीह का रहने वाला है। अशोक राजगंज के दलदली स्तिथ ब्रह्मा फैक्ट्री में मजदूरी करता था।घटना के बाद नायकडीह के ग्रामीणों ने घटनास्थल पहुंच सड़क जाम कर दिया इसके बाद तेतुलमारी व राजगंज पुलिस मौके पर पहुंची। राजगंज थानेदार सन्तोष कुमार भी हेलमेट पहनकर जाम स्थल पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों व पुलिस में जमकर हो हंगामा हुआ बाद में मुखिया रिंकू महतो की अगुवाई में ग्रामीणों को समझाबुझा कर शांत किया गया जिसके बाद जाम हटाया गया। बताया जाता है कि बाइक सवार अशोक राजगंज से अपने घर नायकडीह जा रहा था तभी धावाचिता के समीप अज्ञात पिकअप वैन ने जबरदस्त टक्कर मार दिया जिसमें बाइक सवार अशोक ने घटनास्थल पर ही तड़प तड़प कर दम तोड़ दिया।

119.74 करोड़ की कुल 61 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया गया

सभी विभागों में और सबके लिए हुआ काम : मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। सेक्टर पांच स्थित बोकारो क्लब में को राज्य स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सूबे के मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग जगरनाथ महतो शामिल हुए। मौके पर उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक चंदन झा, उप विकास आयुक्त कीर्ती, सीआरपीएफ कमांडेंट कमलेंद्र प्रताप सिंह, एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, सांसद धनबाद लोकसभा क्षेत्र प्रतिनिधि आर एन ओझा, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष हीरालाल मांझी आदि जनप्रतिनिधिगण/विशिष्ट अतिथिगण उपस्थित थे। सबों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, जगरनाथ महतो ने कहा कि आज का दिन महत्वपूर्ण है। आज भगवान बीरसा मुंडा की जयंती हैं। साथ ही आज राज्य का स्थापना दिवस भी है। उन्होंने दोनों के लिए जिलावासियों को बधाई दी। कहा कि राज्य सरकार झ हेमंत सरकार ने पिछने तीन वर्षों में केवल काम किया है। सभी विभागों/परियोजनाओं में काम हुआ है और सभी के लिए काम हुआ है। कोई कह नहीं सकता कि काम नहीं हुआ है। पिछले दिनों माननीय मुख्यमंत्री के बोकारो आगमन पर जिले में कुल 542.00 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन/शिलान्यास एवं 34.00 करोड़ की परिसम्पति का वितरण किया गया था। पुनः आज राज्य स्थापना दिवस पर इस कार्यक्रम के माध्यम से 119.74 करोड़ की कुल 61 योजनाओं का उद्घाटन/शिलान्यास तथा 73.00 करोड़ की परिसम्पति का वितरण किया गया। उन्होंने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। कहा कि सरकार निरंतर बेहतर काम कर रही है। 60 वर्ष से सभी बुजुर्गों को सर्वजन पेंशन का लाभ मिल रहा है, रोजगार के अवसर के लिए सभी निजी कंपनियों में 75 फीसद आरक्षण की व्यवस्था लागू की गयी है। हम काम करके, लोगों की सेवा करके समय बीतातें है। मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, जगरनाथ महतो ने जिले के अधिकारियों के कार्य झ कर्तव्य पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी को बधाई दी एवं आगे भी अपने दायित्वों का निर्वाहन करने करने की बात कहीं। मौके पर मंत्री द्वारा 119.74 करोड़ की कुल 61 योजनाओं का उद्घाटन/शिलान्यास तथा 73.00 करोड़ की परिसम्पति का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा परियोजना बोकारो के 38 सरकारी विद्यालयों को वित्तीय वर्ष 2021 झ 22 के तहत स्वच्छ विद्यालय का प्रमाण पत्र भी सौंपा गया। भूषा एवं थीम आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ।

युवक का शव हत्या की आशंका जांच में जुटी पुलिस

बलियापुर। बलियापुर थाना क्षेत्र के प्रधानखंता पंचायत स्थित गोपीनाथडीह माझी टोला में मंगलवार की सुबह 24 वर्षीय पार्थो बनर्जी उर्फ बाटूल बनर्जी नामक युवक का शव पाए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। हत्या की आशंका जताई जा रही है। बलियापुर पुलिस मौके पर पहुंचकर तफ्तीश में जुट गयी है। मुखिया पति कन्हाई बनर्जी ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी दी गयी। पहुंच कर देखा तो कच्ची सड़क किनारे पार्थो का शव पड़ा था। इसकी सूचना बलियापुर थाना प्रभारी को दिया। बीते सोमवार को वो 5 बजे घर से निकला था। वापस घर नहीं लौटने पर काफी खोजबीन किया गया किंतु उसका पता नहीं चला। दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। बताते चलें कि युवक प्रधानखंता पंचायत के नारायण कुल्ही निवासी आनंद बनर्जी का इकलौता सहारा था।

गायत्री महामंत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

झरिया। गायत्री शक्तिपीठ बस्ताकोला प्रांगण में मंगलवार को गायत्री महामंत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले श्रेष्ठ प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। लगभग डेढ़ सौ बच्चियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें प्रथम सुश्री मधु कुमारी, द्वितीय पूजा कुमारी और तृतीय शांति मुर्मू ने प्राप्त किया। तीनों बच्चियों ने 1000 से ऊपर गायत्री महामंत्र लेखन सुंदर अक्षरों में किया था। पुरस्कार वितरण समारोह में गायत्री परिवार ट्रस्ट, गायत्री शक्तिपीठ बस्ताकोला के ट्रस्ट मंडल के सम्मानित सदस्यगण, संरक्षक मंडल के सदस्यगण, देवालय प्रबंधन समिति की कर्मठ एवं ऊजार्वान बहने एवं सक्रिय कार्यकर्ता भाई-बहन उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में यू एल दास साहब एवं उनकी धर्मपत्नी कुमुद बाला दास के कर कमलों से पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। मौके पर विभूति शरण सिंह,एक गौत्तम,आरती शर्मा मीडिया प्रभारी महिला प्रकोष्ठ,मीरा सिंह,उमा शर्मा,पुष्पा मेहता आदि उपस्थित थे।वही पुरस्कृत छात्रों में एवं अक्षरा, खुशी, प्रगति, श्रिष्टि, कोमल, ज्योति आदि शामिल थे।

मीडिया मार्केटिंग इनिशिएटिव



श्री शिबू सोरेन
केन्द्रीय अध्यक्ष, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा
एवं राज्य सभा सदस्य

श्री हेमंत सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार
केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, झामुमो

शहीद निर्मल महतो
अमर रहें!

शहीद सुनिल महतो
अमर रहें!

स्व. दुर्गा सोरेन
अमर रहें!

अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ लोहा लेने वाले भगवान बिरसा मुण्डा को भुलाया नहीं जा सकता - विधायक मंगल कालिन्दी

"वीर शहीद बिरसा मुण्डा" का पार्क एवं सौन्दर्यीकरण के लिए टाटा समूह को हृदय से धन्यवाद
- विधायक मंगल कालिन्दी

गरीब मजदूर का बेटा जुगसलाई विधान सभा के सेवक मंगल कालिन्दी ने झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस एवं बिरसा मुण्डा के जयन्ती के शुभ अवसर पर विशाल प्रतिमा "वीर शहीद बिरसा मुण्डा" स्थापित कर समस्त झारखण्डवासियों एवं जमशेदपुरवासियों को तौहफा दिया
- विधायक मंगल कालिन्दी

माननीय मंत्री श्री चम्पाई सोरेन, माननीय विधायक श्री मंगल कालिन्दी, श्री चाणक्य चौधरी - उपाध्यक्ष कॉरपोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील, श्री तरूण डांगा - एम. डी. जुस्को एवं श्री धनन्जय मिश्रा - सिनियर मैनेजर, जुस्को के साथ "वीर शहीद बिरसा मुण्डा" के प्रतिमा का अनावरण करते हुए - विधायक मंगल कालिन्दी।

हजारों की संख्या में आनेवाले कार्यकर्ताओं के साथ अनावरण एवं श्रद्धांजलि देने पहुंचे - विधायक मंगल कालिन्दी

भगवान बिरसा मुण्डा के प्रतिमा स्थापना के अंतिम चरण में मूर्तिकार दिलेश्वर लोहरा एवं कार्य कर रहे मजदूरों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए - विधायक मंगल कालिन्दी

आदिवासी संस्कृति में ढोल-नगाड़ा बजाकर खुशियां मनाते हुए - विधायक मंगल कालिन्दी

जुगसलाई विधान सभा क्षेत्र के हितकु पंचायत के भूमिज-मुण्डा महिलाओं के साथ श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए - विधायक मंगल कालिन्दी

समस्त झारखंडवासियों की खुशहाली के लिए "वीर शहीद बिरसा मुण्डा" की आदम कद प्रतिमा स्थापित करने के लिए माननीय श्री मंगल कालिन्दी, विधायक, जुगसलाई विधानसभा सह सचेतक (सत्तारूढ़ दल), झारखंड विधानसभा को हार्दिक आभार।

शहीद स्मारक समिति, जमशेदपुर

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**